राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 140
लखनऊ, बुधवार 08 जनवरी, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



बाढ़ से संबंधित परियोजनाओं को पारदर्शिता के साथ धरातल पर उतारें : स्वतंत्र देव सिंह 03
विचाराधीन कैदियों को राहत देने के लिए केंद्र ने राज्यों को लिखा पत्र 12

# दिल्ली में पांच फरवरी को मतदान, आठ को मतगणना

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

चुनाव आयोग ने मंगलवार को दिल्ली में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। दिल्ली में चुनाव एक ही चरण में होगा, जिसके तहत 5 फरवरी को सभी 70 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। 8 फरवरी को चुनाव के नतीजे आएंगे।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने अपने सहयोगी चुनाव आयुक्तों के साथ मंगलवार को यहां विज्ञान भवन में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली विधानसभा चुनावों का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि चुनाव की राजपत्र अधिसूचना 10 जनवरी 2025 को जारी की जाएगी। नामांकन करने की अंतिम तिथि 17 जनवरी, 2025 होगी। नामांकन की जांच की तिथि 18 जनवरी 2025 रहेगी। 20 जनवरी 2025 तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकेगी। 05 फरवरी 2025 को मतदान होगा और मतगणना 8 फरवरी, 2025 को होगी। उन्होंने तकनीकी पक्ष की चर्चा करते हुए कहा कि 10 फरवरी 2025 से पहले चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हो जानी चाहिए।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में एक करोड़ 55 लाख 24 हजार 858 पंजीकृत मतदाता हैं। इनमें 83,49,645 पुरुष मतदाता हैं, 71,73,952 महिला मतदाता और 1261 थर्ड जेंडर के मतदाता हैं। इनमें 18-19 आयु वर्ग 52,554 मतदाता जोड़े गए हैं, जो पहली बार मतदान करेंगे।

गौरतलब है कि चुनाव को लेकर सभी मुख्य पार्टियां अपनी तैयारी शुरू कर चुकी हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अगुआई वाली आम आदमी पार्टी लगातार तीसरी बार सत्ता में बने रहने की कोशिश कर रही है, जबकि भाजपा राष्ट्रीय राजधानी में सत्ता हथियाने की कोशिश में है। कांग्रेस भी कड़ी टक्कर की तैयारी कर रही है और उसे उम्मीद है कि वह आश्चर्यजनक जीत हासिल कर लेगी। दिल्ली में लगातार 15 साल तक राज करने वाली कांग्रेस पिछले दो विधानसभा चुनावों में एक भी सीट पर जीत दर्ज नहीं कर सकी। 2020 के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 70 में से 62 सीटें जीतीं, जबकि भाजपा जैसी पुरानी और बड़ी पार्टी सिर्फ 8 सीटें जीत सकी।

इस बार आआपा सभी 70 सीटों पर उम्मीदवार उतार चुकी है। कांग्रेस अब तक कुल 48 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर चुकी है जबकि भाजपा ने शनिवार को 29 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की थी।

**चुनाव**

- दिल्ली में नौवां मुख्यमंत्री चुनने के लिए बिछी बिसात




## मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव का कार्यक्रम तय

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 273-मिल्कीपुर (अजा)अयोध्या) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन-2025 हेतु कार्यक्रम नियत किया गया है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चन्दशेखर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के घोषित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन की अधिसूचना 10 जनवरी को जारी की जाएगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 17 जनवरी है, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 18 जनवरी को होगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 20 जनवरी है। मतदान 5 फरवरी को होगा, और मतगणना 8 फरवरी को संपन्न होगी। निर्वाचन प्रक्रिया 10 फरवरी तक पूरी कर ली जाएगी। इस उप निर्वाचन के तहत आदर्श आचार संहिता के प्रावधान भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश 2 जनवरी 2024 के अनुसार लागू हो गए हैं।

## मतदान व्यवस्था निष्पक्ष, ईवीएम हैक-प्रूफ : मुख्य चुनाव आयुक्त

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव को लेकर विवाद खड़ा करने वालों को मंगलवार को एकबार और करारा तथा विस्तृत जबाव देते हुये भारत की चुनाव प्रक्रिया को विश्व की सबसे साफ-सुथरी और सुव्यवस्थित तथा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को हैकिंग-प्रूफ बताया। श्री कुमार ने दिल्ली विधानसभा के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के लिये आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुये, अपने प्रारंभिक व्यक्तव्य में कहा कि वह अपने इस आखिरी संवाददाता सम्मेलन में सबसे पहले चुनावों को लेकर बार-बार फैलाये जाने वाले नैरेटिव (मनगढ़ंत बातों) का एकबार फिर स्पष्टीकरण करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के एक के बाद एक कई फैसलों में स्पष्ट कहा गया है कि भारत में प्रयोग की जाने वाली ईवीएम मशीनों को हैक नहीं किया जा सकता। इनमें रिगिंग (गड़बड़ी) संभव नहीं है और इसमें ऐसा कोई वायरस भी नहीं डाला जा सकता, जिससे कि मतदान के परिणाम प्रभावित किये जा सकते हों। श्री कुमार ने कहा कि दुनिया में किसी देश के चुनाव प्राधिकरण को देख लें। भारत के निर्वाचन आयोग जितना ग्रेनुलर डाटा (बारीक जानकारी) कोई और प्राधिकरण सार्वजनिक रूप से जारी नहीं करता है। श्री कुमार के साथ संवाददाता सम्मेलन में सहयोगी चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ सुखबीर सिंह संधू भी थे।

# चीन में विनाशकारी भूकंप से 53 लोगों की मौत, 62 घायल

**एजेंसी, लुसा।**

चीन में शिजांग स्वायत्त क्षेत्र के शिगाजे शहर में डिंगरी काउंटी में विनाशकारी भूकंप से 53 लोगों की मौत हो गई और अन्य 62 घायल हुए हैं।

क्षेत्रीय आपदा राहत मुख्यालय के अनुसार मंगलवार सुबह स्थानीय समय 9:05 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.8 मापी गयी। भूकंप के तेज झटकों के कारण 1,000 से अधिक घर अलग-अलग स्तर के क्षतिग्रस्त हुए हैं।

भूकंप के बाद चीन भूकंप प्रशासन ने स्तर-2 की आपातकालीन सेवा प्रतिक्रिया शुरू की और आपदा राहत प्रयासों में सहायता के लिए एक कार्य दल को मौके पर भेजा। सूती टेंट, सूती कोट, रजाई और फोल्डिंग बेड सहित लगभग 22,000 आपदा राहत सामग्री, साथ ही ऊंचाई और ठंडे क्षेत्रों के लिए विशेष राहत सामग्री केंद्रीय अधिकारियों द्वारा भूकंप प्रभावित क्षेत्र में भेजी गई है। वहीं, 1,500 से अधिक स्थानीय अग्निशमन और बचावकर्मियों को भी मौके पर भेजा गया है। भूकंप का केंद्र डिंगरी काउंटी के त्सोगो टाउनशिप में 28.5 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 87.45 डिग्री पूर्वी देशांतर में सतह से 10 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था।



**आपदा**

- 1,000 से अधिक घर क्षतिग्रस्त

## संक्षिप्त समाचार

### सम्पत्ति के विवाद में बेटों ने कर दी पिता की हत्या

**सुलतानपुर।** नगर कोतवाली के हनीफ नगर में मंगलवार को बेटों ने सम्पत्ति के विवाद में बुजुर्ग पिता की धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। मेडिकल कॉलेज ले जाते समय उनकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर जांच शुरू कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक अखण्ड प्रताप सिंह ने बताया कि हनीफ नगर निवासी अब्दुल हमीद (70) बिजली विभाग से सेवानिवृत्त थे। उनके पुत्रों ने ही आज उनकी पीट-पीट कर हत्या कर दी है। इस सम्बन्ध में परिजनों की ओर से जो तहरीर मिलेगी उसी के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करके आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

### धरना दे रहे किसान नेता डल्लेवाल की तबीयत बिगड़ी

**चंडीगढ़।** पंजाब की सीमा पर धरना दे रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सोमवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ गई। करीब तीन घंटे बाद वह सामान्य हुए। सोमवार को दिन के समय सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित हाई पावर कमेटी के सदस्यों ने खनोरी का दौरा करके डल्लेवाल से बातचीत की थी। बताया जाता है कि रात करीब 12 बजे जगजीत सिंह डल्लेवाल की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उनकी पल्स रेट 42 और ब्लड प्रेशर की अपर रेंज 80 और लोअर रेंज 56 तक आ गई। वहां मौजूद डॉक्टरों की टीम ने उनके हाथ-पैर दबाए और पानी पिलाया। करीब तीन घंटे तक डाक्टरों ने डल्लेवाल की निगरानी की। इसके बाद उनकी हालत सामान्य हुई।

### भूकंप के झटके से मची अफरा-तफरी

**पटना।** बिहार में सुबह 6.38 मिनट पर भूकंप के तेज झटके महसूस किये गए। रिक्टर स्केल भूकंप की तीव्रता 7.1 मापी गई। राजधानी पटना सहित कई जिलों में भूकंप के तेज झटके महसूस हुए। इसका केंद्र नेपाल में था। नेपाल के कई इलाकों में भी तेज भूकंप के झटके महसूस हुए। यूएसजीएस भूकंप के मुताबिक, भूकंप का केंद्र लोबुचे से 93 किमी उत्तर पूर्व में था। बिहार में नेपाल की सीमा से सटे सभी जिलों में इसको महसूस किया गया।

### ठंड और कोहरे की मार से अस्त-व्यस्त हुआ जनजीवन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कड़ाके की ठंड के बीच घना कोहरा सितम ढा रहा है। राज्य के कई जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री तक लुढ़क गया है वहीं न्यूनतम तापमान दस डिग्री से नीचे आ गया है। मौसम विभाग के अनुसार कम से कम अगले 48 घंटो तक अधिसंख्य जिलों में ठंड और कोहरे से निजात मिलने की कोई संभावना नहीं है। अगले तीन दिनो में कई जिलों में कोल्ड डे जैसे हालात पैदा होने का अनुमान है। विभाग के अनुसार 11 जनवरी तक कुछ जिलों में हल्की बारिश और ओले गिरने के आसार हैं। लखनऊ, उन्नाव, बाराबंकी, गोंडा और हमीरपुर समेत कई जिलों में आसमान में बादल छाये हुये हैं और कोहरे के बीच रात के समय दृश्यता स्तर 100 मीटर से भी कम रह गया है। ठंड के कारण स्कूलों में शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया है। गलन भरी ठंड के चलते सड़कों पर भी आवागमन प्रभावित हुआ है। कोहरे के चलते लखनऊ,वाराणसी समेत कुछ जिलों में उड़ाने प्रभावित हुयी हैं वहीं लंबी दूरी की कई ट्रेने भी अपने निर्धारित समय से आठ घंटे तक की देरी से चल रही हैं।

# अलर्ट रहे स्वास्थ्य तंत्र : योगी

**निर्देश**

- तेज ठंड के बीच आमजन की स्वास्थ्य सुरक्षा के हों पुख्ता इंतजाम



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ठंड के मौसम में लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा करने के लिए पुख्ता इंतजाम रखने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में तेज ठंड का मौसम है। शीतलहर चल रही है। यह समय बुजुर्गों, बच्चों और गंभीर रोग से ग्रस्त लोगों की सुरक्षा के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतने वाले है।

सर्दी, खांसी,सांस से जुड़े मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में स्वास्थ्य तंत्र को अलर्ट रहने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी सरकारी अस्पतालों में मरीजों को अच्छी चिकित्सा सुविधा मिलनी चाहिए। जांच हो या दवाओं की उपलब्धता, सब कुछ चाक-चौबंद हो। आम आदमी को परेशान न होना पड़े। महाकुम्भ में तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सेक्टरों में इलाज के पुख्ता इंतजाम हों। एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध रहे। सर्दी, खांसी, बुखार जैसी मौसमी समस्या हो अथवा कोई अन्य गंभीर बीमारी, सभी को समुचित चिकित्सकीय सहायता मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बीमार लोगों को सहायता उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम सभी सेक्टरों में सतत भ्रमण कर लोगों का हाल-चाल ले, जरूरत हो तो उन्हें उचित चिकित्सकीय सहायता दिलाई जाए। इस बैठक मे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक सहित आलाधिकारी मौजूद रहे।

## डिजिटल डेटा संरक्षण नियम नागरिक केंद्रित शासन के प्रति प्रतिबद्ध : मोदी



**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि मसौदा डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण नियम 2025 नागरिक-केंद्रित शासन के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को प्राथमिकता देता है। श्री मोदी ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के सोशल मीडिया पर एक पोस्ट पर लिखा, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव बताते हैं कि मसौदा डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण नियम, 2025 नागरिक-केंद्रित शासन के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को कैसे प्राथमिकता देता है। नियमों का उद्देश्य विकास और समावेशिता को बढ़ावा देते हुए व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा करना है। उल्लेखनीय है कि सरकार ने बहुप्रतिक्षीत डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण नियमों का मसौदा जारी किया है। इसका उद्देश्य डिजिटल प्लेटफार्म पर लोगों की निजी जानकारी की सुरक्षा करना है।

## केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने भारतपोल पोर्टल किया लॉन्च, कहा-

# अब विदेश भाग चुके अपराधियों को पकड़ना होगा आसान

**शुभारंभ**

- प्रत्येक भारतीय एजेंसी और सभी राज्यों की पुलिस आसानी से इंटरपोल के साथ जुड़ सकेंगी






**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्रीय गृह मंत्री मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को भारतपोल पोर्टल को देश की अंतरराष्ट्रीय जांच के लिए एक नए युग में जाने की शुरुआत बताते हुए कहा कि अब विदेश भाग चुके अपराधियों को पकड़ने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि देश की प्रत्येक एजेंसी और सभी राज्यों की पुलिस इंटरपोल से जुड़कर सटीक विश्लेषण और समन्वय से अपराधों से निपटने में सक्षम बनेगी।

केंद्रीय गृह मंत्री दिल्ली के भारत मंडपम में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल का शुभारंभ करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री ने 35 सीबीआई अधिकारियों, कर्मचारियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक और जांच में उत्कृष्टता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री पदक से सम्मानित किया।

भारत में अपराध कर विदेश भाग जाने वाले अपराधियों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कई सारे अपराधियों ने दुनिया के अलग-अलग देशों में बैठकर भारत में अपराध को अंजाम दिया है या फिर अपराध करके विदेश में भाग गये हैं जिसके कारण वह हमारे कानून की पहुंच से बाहर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब आधुनिक व्यवस्थाओं का उपयोग करके कानून की पहुंच से बाहर रहे विदेश में बैठे अपराधियों और भारत में अपराध करके विदेश भागे अपराधियों को भारतपोल के माध्यम से देश वापस लाना और उन पर कानूनी कार्रवाई करना आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आपराधिक न्याय प्रणाली में ट्रायल इन एसेंसिया (अनुपस्थिति में मुकदमा) का एक नया प्रावधान जोड़ा है। इसके माध्यम से एक न्यायिक प्रक्रिया के बाद इसको पूरा करके कोर्ट के आदेश के साथ उनकी अनुपस्थिति में इन पर ट्रायल चलाना सरल हो जाएगा। यदि उन्हें सजा मिलने पर विदेशों से भारत लाने में आसानी होगी। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि भारतपोल हमारे देश की अंतरराष्ट्रीय जांच को एक नए युग में ले जाने की शुरुआत है। अभी तक सीबीआई एकमात्र एजेंसी थी जो इंटरपोल के साथ काम करती थी, लेकिन अब भारतपोल के शुभारंभ के साथ प्रत्येक भारतीय एजेंसी और सभी राज्यों की पुलिस आसानी से इंटरपोल के साथ जुड़कर सटीक विश्लेषण और समन्वय से अपराधों से निपटने में सक्षम बनेगी। उन्होंने कहा कि हम अंतराल को पाटने और अपराध को नियंत्रित करने के लिए कुशलतापूर्वक काम करने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि भारतपोल में इस्तेमाल की जाने वाली तकनीक की मदद से हम इस अंतर को पाट सकेंगे। हमें कई ऐसी जानकारियां मिल सकेंगी जो अंतरराष्ट्रीय अपराधों का विश्लेषण करने में मदद करेंगी और बदले में हमें अपराधों को होने से पहले ही रोकने के लिए एक ढांचा स्थापित करने में मदद करेंगी।

## आसाराम बापू को 31 मार्च तक मिली अंतरिम जमानत



**एजेंसी, नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2013 के दुष्कर्म मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 86 साल के स्वयंभू संत आसाराम बापू को एक मामले में मंगलवार को मेडिकल आधार पर 31 मार्च तक के लिए सशर्त अंतरिम जमानत दी। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने मानवीय आधार पर उनकी गंभीर बीमारियों की चिकित्सा के लिए यह राहत दी। पीठ ने आसाराम पर जमानत पर जेल से बाहर रहने के दौरान सबूतों से छेड़छाड़ न करने के अलावा अपने अनुयायियों से नहीं मिलने जैसी शर्तें लगाई हैं।

## उप्र में कई आईएएस अधिकारियों के तबादले

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश में मंगलवार को कई आईएएस अधिकारियों के तबादले हुए हैं। इनमें तीन ऐसे आईएएस हैं, जो अवमुक्त किए गये हैं। उनमें प्रमुख सचिव खेल एवं युवा कल्याण विभाग आलोक कुमार द्वितीय, प्रमुख सचिव स्टॉम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग लीना जौहरी, महानिरीक्षक निंबधन डॉ. रूपेश कुमार को उनके मौजूदा प्रभार से अवमुक्त कर दिया गया है।

वहीं, अमित गुप्ता को प्रमुख सचिव, स्टॉम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग तथा महानिरीक्षक निबंधन उत्तर प्रदेश बनाया है। मनीष चौहान को प्रमुख सचिव खेल एवं युवा कल्याण विभाग, डॉ. मुथु कुमार स्वामी को सचिव, वित्त विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।




इसके अलावा के. विजयेंद्र पांड्या को आयुक्त कानपुर मंडल के पद का अतिरिक्त प्रभार मिला है। बालकृष्ण त्रिपाठी को आयुक्त विन्ध्याचल मंडल भेजा है। इसके साथ ही विवेक को आयुक्त आज़मगढ़ मंडल, अजीत कुमार आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बनाए गये हैं। नरेंद्र प्रसाद पाण्डेय को सचिव, नियोजन विभाग तथा महानिदेशक, अर्थ एवं सख्या उप्र की जिम्मेदारी मिली है।

# कथनी-करनी में अंतर से राजनेताओं पर भरोसा घटा : राजनाथ

**समृद्धि न्यूज, आगरा।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि राजनीति में कथनी और करनी में अंतर होने के कारण राजनेताओं पर भरोसा कम हुआ है।

मुफीद ए आम इंटर कॉलेज में माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) राज्य सम्मेलन को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि राजनीति क्षेत्र में रहकर किसी को गुमराह नहीं करना चाहिए। कथनी और करनी में अंतर से राजनेताओं ने अपनी विश्वनीयता कम की है। उन्होने कहा कि मैं आश्वासन नहीं देता मगर प्रयास पूरा करता हूं।

रक्षा मंत्री ने इससे पूर्व तीन दिवसीय सम्मेलन का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। शिक्षकों की पुरानी पेंशन बहाली की मांग पर रक्षामंत्री ने कहा कि आपकी जो मांग है, उसको लेकर मुख्यमंत्री से मिलिए। यदि तर्कसंगत मांग है तो विचार अवश्य होगा। फैसला उप्र सरकार को लेना है। मैं भी मुख्यमंत्री योगी से मिलकर बोलूंगा। जायज है तो योगी अवश्य पूरी करेंगे। राजनाथ सिंह ने कहा कि शिक्षकों पर समाज और राष्ट्र के निर्माण की जिम्मेदारी है। समय के साथ उनकी भूमिका में बदलाव आया है, लेकिन मशीनीकरण से सभ्यता और संस्कृति की शिक्षा नहीं दी जा सकती, इसके लिए विवेक और मार्गदर्शन शिक्षक ही पैदा करता है। विभिन्न राज्यों से आए शिक्षकों को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि शिक्षकों की भूमिका बताने के आवश्यकता नहीं, श्रीकृष्ण भी शिक्षक थे। राजनीति में आने से पहले मैं शिक्षक था। भले अब शिक्षक नहीं हूं, पढ़ाने का क्रम टूटा है, लेकिन पढ़ाई जारी है।



**संबोधन**

- राजनीति क्षेत्र में रहकर किसी को गुमराह नहीं करना चाहिए

## श्रीरामजन्म भूमि परिसर में चश्मे वाले कैमरे के साथ पकड़ा गया युवक

**समृद्धि न्यूज, अयोध्या।** श्रीरामजन्म भूमि परिसर में चश्मे वाले कैमरे के साथ युवक पकड़ा गया। युवक के चश्मे में कैमरा लगा था। पकड़े गए युवक से पुलिस पूछताछ कर रही है और खुफिया एजेंसी जांच में जुटी हुई है। पुलिस ने बताया कि एक युवक कैमरे वाला चश्मा लगाकर प्रवेश कर गया। युवक परिसर में फोटो खींच रहा था। फोटो खींचते समय लाइट जलने पर परिसर में तैनात एस एस एफ जवान को उस पर संदेह हुआ। उसने तत्काल युवक को पकड़ा तो पूरा मामला सामने आया। पकड़ा गया युवक बड़ोदरा निवासी जानी जयकुमार सोमवार को रामलला के दर्शन को आया था। पुलिस अधीक्षक सुरक्षा बलरामाचारी दुबे ने बताया कि सोमवार को वाचर की सक्रियता से युवक को तत्काल हिरासत में ले लिया गया। उससे पूछताछ की जा रही है।

# कांग्रेस भाजपा के खिलाफ तैयार करेगी जमीनी कार्यकर्ताओं का सशक्त संगठन : अजय राय

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

प्रदेश कांग्रेस पार्टी की संगठन सृजन को लेकर मंगलवर को एक बैठक प्रदेश मुख्यालय पर प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय एवं पूर्वांचल जोन के प्रभारी राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल की उपस्थिति में आरंभ हुई।

बैठक में विशेष रूप से पूर्व कांग्रेस अध्यक्षगण, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद, पूर्व सांसद निर्मल खत्री, पूर्व सांसद राज बब्बर, पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी ने अपने सांगठनिक अनुभवों से संगठन निर्माण कार्यक्रम को बल दिया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता किशोरी लाल शर्मा-सांसद, पूर्व कांग्रेस सांसद पीएल पुनिया, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत, विधायक वीरेन्द्र चौधरी, पूर्व राष्ट्रीय सचिव संजय कपूर, पूर्व विधायक विवेक बंसल ने भी शामिल होकर प्रदेश में एक सशक्त संगठन निर्माण में अपना सहयोग प्रदान किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि आज देश में जिस तरह के नफरत और विघटन के हालात भाजपा सरकार में बन गये हैं, उत्तर प्रदेश में कांग्रेसजन मजबूती से भाजपा के कुशासन के खिलाफ लड़ रहे हैं, वक्त आ गया है कि हम एक सशक्त संगठन निर्माण करें। बैठक में अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में अजय राय ने कहा कि इन 6 दिनों में संगठन सृजन के लिए मैराथन बैठकों का दौर जारी रहेगा। प्रदेश के जनपदों से आए जमीनी कार्यकर्ताओं से वार्ता कर एक ऐसे मजबूत संगठन का निर्माण किया जायेगा जो इस भाजपा सरकार के कुशासन के खिलाफ जारी हमारी लड़ाई को अंतिम व्यक्ति तक ले जायेगा।



**रणनीति**

- बैठक में शामिल हुए वरिष्ठ पदाधिकारी

**सतर्क** — केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एचएमपीवी की करी समीक्षा

# एचएमपीवी पर निगरानी व सतर्कता बढ़ाने के निर्देश

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को देश में मानव मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) की स्थिति की समीक्षा की और राज्यों को निगरानी तथा सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिये।

मंत्रालय ने यहां बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ एचएमपीवी की स्थिति की समीक्षा बैठक की और सभी स्तर पर निगरानी और सतर्कता बढ़ाने को कहा। बैठक में डीएचआर सचिव डॉ. राजीव बहल, डीजीएचएस के महानिदेशक डॉ. (प्रो) अतुल गोयल, राज्यों के स्वास्थ्य सचिव और अधिकारी, एनसीडीसी, आईडीएसपी, आईसीएमआर, एनआईवी और आईडीएसपी की राज्य निगरानी इकाइयों के विशेषज्ञ शामिल हुए। राज्यों को सलाह दी गई है कि वायरस के संक्रमण की रोकथाम के बारे में लोगों में जागरूकता और सूचना को बढ़ायी जानी चाहिए। इसके लिए साबुन और पानी से बार-बार हाथ धोना, बिना धुले हाथों से अपनी आँखें, नाक या मुँह को छूने से बचना, खाँसते और छींकते समय मुँह और नाक को ढँकना जैसे सरल उपाय शामिल हैं। बैठक के दौरान के यह पाया गया है कि आईडीएसपी से देश में कहीं भी श्वसन संबंधी बीमारियों के मामलों में कोई असामान्य वृद्धि नहीं दिख रही है। श्रीमती श्रीवास्तव ने कहा कि एचएमपीवी से लोगों को कोई चिंता नहीं है। उन्होंने राज्यों को आईएलआई और एसएआरआई निगरानी को मजबूत करने और उसकी समीक्षा करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आमतौर पर सर्दियों के महीनों में श्वसन संबंधी बीमारियों में वृद्धि देखी जाती है। उन्होंने कहा कि देश श्वसन संबंधी बीमारी के मामलों में किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

एचएमपीवी कई श्वसन वायरस में से एक है जो सभी उम्र के लोगों में विशेष रूप से सर्दियों और शुरुआती वसंत के महीनों में संक्रमण का कारण बन सकता है। वायरस का संक्रमण आमतौर पर हल्का होता है और अधिकांश मामलों में पीडित अपने आप ठीक हो जाते हैं। देश में अभी तक एचएमपीवी के पांच मामले सामने आ चुके हैं जिनमें कर्नाटक और तमिलनाडु में दो - दो और गुजरात में एक हैं। इनमें कुछ को अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है और कुछ की हालत में सुधार है।






पुलिस हिरासत में मौत का मामला

# गुस्साए परिजनों ने किया स्टेट हाइवे जाम

- जाम खुलवाने के लिए पुलिस के छूटे पसीने
- हाइवे खुलवाने के लिए पुलिस ने की लाठीचार्ज
- प्रदर्शनकारी सड़क न जाम कर पाएं इसलिए पुलिस ने की रास्ता रोकने की कोशिश की




**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस हिरासत में युवक की मौत के बाद जमकर हंगामा हुआ। स्थित को काबू में रखने के लिए जिले भर से भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। अवैध शराब बनाने के आरोप में मझगई पुलिस व निघासन पुलिस की संयुक्त पुलिस कर्मियों द्वारा पकड़े गए युवक की सीएचसी में मौत हो गई। खबर सुनते ही परिजनों मे कोहराम मच गया परिजनों के साथ-साथ स्थानीय लोग भी सीएचसी पहुंचे। परिजनों के अनुसार रामचंद्र (40) निवासी हुलासी पुरवा थाना क्षेत्र मझगई सोमवार को लकड़ी बीनने अपने साथियों के साथ जंगल गया था। वहीं निघासन व मझगई पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध शराब बनाने का दोषारोपण करते हुए रामचंद्र को हिरासत में ले लिया। मृतक के भाई दिनेश ने निघासन व मझगई पुलिस पर पीटने का आरोप लगाया है। दिनेश ने बताया है कि जब भाई की हालत बिगड़ी तब पुलिस वाले सीएचसी लेकर पहुंचे जहां पर मौजूद डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डाक्टरों की पुष्टि के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई। खबर फैलते ही हड़कंप मच गया। सीएचसी में परिजनों सहित स्थानीय लोगों का जमावड़ा लग गया।

**पुलिस पर पीटने का आरोप:** मृतक रामचंद्र के रोते बिलखते परिजनों ने पुलिस पर बेहरमी से पीटने का आरोप लगाते हुए बताया कि पुलिस हिरासत में पिटाई के बाद जब तबियत बिगड़ी तब उसे पुलिस द्वारा आनन फानन में निघासन अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पुलिस महकमे पर पीटने का आरोप लगाया है।

**जबरदस्ती पीएम के लिए ले गए शव:** पुलिस हिरासत में युवक की मौत के बाद अस्पताल में अफरातफरी मच गई, सीएचसी पर मौजूद परिजन रोते बिलखते रहे लेकिन मौजूद पुलिस कर्मियों का दिल तनिक भी नहीं पसीजा और मौजूद पुलिसकर्मियों ने मानवता को दरकिनार करते हुए परिजनों को धक्का-मुक्की देते हुए शव को छीनकर एंबुलेंस के जरिए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। परिजन चीखते रहे लेकिन पुलिस ने परिजनों की एक नहीं सुनी। परिजन आरोप लगाते रहे कि बिना पंचनामा भरे ही पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

**भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा:** मृतक रामचंद्र की मौत के बाद स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए पूरा गांव ही छावनी में तब्दील हो गया, स्थानीय थानों के साथ जिले के अन्य थानों की पुलिस भारी संख्या में मौजूद रही। सड़कों पर सायरन बजाती हुई पुलिस की गाड़ियां दौड़ती रही। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे एसपी गणेश प्रसाद शाहा व सीओ सदर रमेश तिवारी ने पहुंचकर परिजनों को कारवाई का आश्वासन दिया।

**पुलिस की प्रदर्शनकारियों से हुई नोकझोक:** सड़क जाम से गुस्साए मझगई थानाध्यक्ष दयाशंकर द्विवेदी की प्रदर्शनकारी ट्रैक्टर चालक से तीखी नोंक झोंक हो गई। थानाध्यक्ष ने कहा ट्रैक्टर को कनस्टर के भाव बिकवा दूंगा, और कहा अगर असल बाप के हो तो लगाओ जाम, जा जा 6306 को कनस्टर बना दूंगा, मेरी गाड़ी में टक्कर मार रहे हो, अभी लौट कर थाने जाऊंगा 307 लगाऊंगा, तुम मुझे मारने का प्रयास कर रहे थे। मेरे ऊपर ट्रैक्टर चढ़ाने का मुकदमा लिखूंगा। किसी को नहीं छोड़ूंगा। ये लोग मुझे मारना चाहते थे। इन लोगों ने पुलिस का खिलवाड़ बना दिया है। नोक झोंक की वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुई।

## सड़क जाम करने पर पुलिस ने भांजी लाठियां

**पुलिस हिरासत** में रामचंद्र की मौत के बाद शव के गांव पहुंचने पर गुस्साए ग्रामीणों ने पलिया निघासन स्टेट हाइवे को जाम करने की कोशिश की। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने जाम खुलवाते हुए भीड़ पर काबू पाने के भीड़ पर जमकर लाठियां भी भांजी, पुलिस की इस कार्यवाही से भीड़ और बेकाबू हो गई। जिससे अफरा तफरी मच गई, जिसे काबू करने में पुलिस के पसीने छूट गए, शाम होने तक शव का अंतिम संस्कार नहीं हो सका, जिसके चलते गांव में भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।



## लेखपाल के कारनामे से गरीब पर प्रहार

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र में तैनात एक लेखपाल के मुंशी पर गरीब भूमि हीन से आवास का पट्टा देने के नाम पर पचास हजार रुपए दो बार में वसूल लेने का आरोप पीड़ित ने लगाया है। भूमि हीन सुनील कुमार द्वारा उप जिलाधिकारी के नाम शपथपत्र देकर न्याय दिलाने शिकायत की है। सुनील कुमार पुत्र सूर्य प्रसाद निवासी खैरा पुरवा मजरा भूडा परगना व

- आवासीय पट्टा बनाने के नाम पर भूमिहीन से वसूले पचास हजार रुपए

तहसील धौरहरा ने उप जिलाधिकारी धौरहरा के नाम 21.12.24 में शपथपत्र देकर बताया कि आवासीय पट्टा दिलाने के एवज में तत्कालीन लेखपाल रामेन्द्र अवस्थी के निजी अजीर सुरेश कुमार ने शपथ कर्ता से मिलकर 3 ढिस्मिल आवासीय पट्टा रोड किनारे बनाने के वास्ते पहली बार 10 हजार व दूसरी बार 40 हजार रुपए वसूले है। काफी समय बीत जाने के बाद भी न तो पट्टा मिला और न पैसे वापस हुए। शपथ कर्ता के अनुसार वर्तमान समय में उपरोक्त लेखपाल व उनके अजीर दूसरे क्षेत्र में तैनात हैं। शिकायत कर्ता सुनील कुमार ने शपथ पत्र देकर उपजिलाधिकारी धौरहरा से न्याय की गुहार लगाई है साथ ही कानूनी कार्रवाई करने की बात कही है। एसडीएम धौरहरा राजेश कुमार ने कहा कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच करके दोषी पर कार्रवाई की जायेगी।

## बस से गिरी छात्रा को 72 घंटे बाद भी नहीं आया होश, पुलिस ने बस कब्जे में ली

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

भीरा थाना क्षेत्र में शनिवार को बस से नीचे उतरते समय एक छात्रा का बैलेंस बिगड़ने से वह सड़क पर जा गिरी थी जिसे अभी तक होश नहीं आया जिसका इलाज लखनऊ मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

पुलिस को दी गई तहरीर के आधार पर मंगलवार को पुलिस ने बस अपने कब्जे में लिया। बताते चलें ग्राम बस्तौली निवासी छात्रा मोहिनी देवी जो जानकी देवी (16) इंटर कॉलेज में पढ़ती है जो बीते शनिवार को स्कूल में छुट्टी होने के बाद एक प्राइवेट बस से घर वापस लौट रही थी बताते है जैसे ही बस बस्तौली पहुंची और छात्रा नीचे उतरने लगी तभी कंडक्टर ने उसे धक्का दे दिया जिससे छात्रा मुंह के बल नीचे गिरकर घायल हो गई और बेहोश हो गई थी मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने उक्त छात्रा को बिजुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां से डाक्टरों ने जिला अस्पताल ओयल रेफर कर दिया था। जिसकी लिखित जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी। जिसके आधार पर मंगलवार को पुलिस ने बस को कब्जे में ले कर आगे की करवाई प्रारम्भ कर दी है। चार दिन बीत जाने के बाद भी होश नहीं आया तब डाक्टर ने लखनऊ रेफर कर दिया। छात्रा की हालत गंभीर बताई जा रही है।

> लड़की के परिजनों ने तहरीर दी थी उसी के आधार पर बस को कब्जे में ले लिया गया है, लड़की को अभी तक होश नहीं आया है।
>
> –बृजेश कुमार, चौकी प्रभारी, बिजुआ

## लाइटिंग से जगमग होगा मंदिर परिसर

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र के गांव जडौरा मे कपरहा गोला मार्ग पर प्राचीन सागरदास बाबा स्थान का सौंदर्यकरण कराया जाएगा। ग्राम प्रधान संध्या मिश्र और उनके पति आशीष मिश्र, बडे भाई अरुण कुमार मिश्र अध्यापक द्वारा सागरदास बाबा स्थल पर विशाल चबूतरा का निर्माण कराकर स्टील की ग्रिल और गेट लगाकर सांदर्यीकरण किया जायेगा। इसके साथ ही हवनकुंड के चारों तरफ दीवार उठाकर चार गेट लगाए जाएंगे। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आशीष मिश्र और अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि अतिशीघ्र ही मंदिर के जीर्णोद्धार के पश्चात मंदिर परिसर को लाइटिंग से स्थल को रोशन कर रंग रोगन कराया जाएगा। जिसके लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।



## गैसापुर गांव में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के राष्ट्रीय कार्यक्रम एनपीसीडीसीएस के तहत गैसापुर गांव में नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर लगाया गया जिसमें यूनानी चिकित्सा पद्धति और योगासनों के जरिए मरीजों का इलाज किया गया। शिविर में योग के जरिए इलाज और बचाव के तरीके भी बताए गए। डॉ.इश्तियाक अहमद ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत यूनानी चिकित्सा पद्धति और योगासनों के जरिए लाभान्वित किया जा रहा है।

खमरिया सीएचसी से सम्बद्ध गैसापुर ग्राम में लगे शिविर में यूनानी चिकित्सा पद्धति से कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग और गठिया रोग समेत अन्य बीमारियों का इलाज किया गया। शिविर में योग प्रशिक्षक डॉ. विजय कुमार ने मरीजों को विभिन्न योगासनों की जानकारी दी। योग प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने साधकों को धनुरासन, गोमुखासन, मत्स्यासन, हलासन, शीर्षासन, अर्धमत्स्यासन, ताड़ासन, कटि चक्रासन, और भुजंगासन के अलावा सूक्ष्म व्यायाम और प्राणायाम की जानकारी दी। शिविर में आए लोगों को सूर्य नमस्कार का भी अभ्यास कराया गया। इसके जरिए मरीजों को कई तरह की बीमारियों को दूर करने और बचाव के तरीके भी बताए। इस मौके पर विभिन्न आसनों और प्राणायाम के फायदों की भी जानकारी दी गई। डॉ. इश्तियाक अहमद ने बताया कि खमरिया सीएचसी में योग की नियमित कक्षाएं चल रही हैं। जिसमें योग,आसनों और प्राणायाम के जरिए लोगों को बीमारियों से बचाव की जानकारियां दी जा रही हैं।इस मौके पर संक्रामक रोगों से बचने के उपाय भी लोगों को बताए गए। शिविर में यूनानी फार्मासिस्ट फरहान किदवई और योग योग प्रशिक्षक विजय कुमार, सुशील कुमार, ओमकार गिरी मौजूद रहे।





## सरसों की खड़ी फसल को ट्रैक्टर से जोता, मना करने पर हुए हमलावर

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

भीरा कोतवाली क्षेत्र के घनापुरवा में खेत में खड़ी फसल जोतने का मामला सामने आया है । पीड़ित रामसागर ने बताया कि उसका 2 बीघा खेत है जिसमें सरसों की बुवाई के 25 दिन हुए जा रहे हैं। जिसको नन्हू पुत्र लक्ष्मण द्वारा ट्रेक्टर से जोत दिया गया है। जब उसने विरोध किया तो वह मारपीट पर उतर आया। फिलहाल विपक्षी पर कार्रवाई के लिए पीड़ित रामसागर ने भीरा थाने में तहरीर दी है।

रामसागर का कहना है कि उसके खेत के पड़ोस में उसके भाई परसराम का खेत है, जिसने रामकुमार नाम के व्यक्ति को दे रखा है। उसने अपने खेत की जुताई के साथ उसकी सरसों की फसल की जोत डाली और उसमें गेंहू की बुवाई कर दी। जब उसकी पत्नी मीना देवी और उसका पुत्र सूरज खेत पर पहुंचा तो मना करने पर उनके साथ गाली-गलौज की और मेरी पत्नी और बच्चे को बुरी तरह मारा-पीटा गया। पीड़ित ने बताया कि उसके पास खेत के पूरे दस्तावेज हैं और यह सब रामकुमार के कहने पर हुआ है। रामकुमार के कहने पर नन्हू ने सरसों की फसल पलटी है। वहीं विपक्षी का कहना है वह कई वर्षों से उक्त जमीन पर खेती बाड़ी कर रहा है। इसबार भी।सिंचाई उसी ने की ओर फसल रामप्रसाद ने बो दी। मामले को लेकर थानाध्यक्ष पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि मामला संज्ञान में है । दोनों पक्षों को बुलाकर बात कर मामले की जांच की जायेगी। जांचोपरान्त कार्रवाई की जायेगी ।





## गुरु के प्रकाशोत्सव पर धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

- गतका पार्टी का करतब रहा आर्कषण का केंद्र

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

श्रीगुरुगोविंद सिंह महाराज के पावन प्रकाशोत्सव पर श्रीगुरुसिंह सभा गोला के तत्वाधान में धूमधाम से मनाया गया। इसी के साथ पिछले कई दिनों से निकाली जा रही प्रभातफेरी का मंगलवार को समापन किया गया। गुरु की भव्य शोभायात्रा मंगलवार को श्री गुरुद्वारा से आरंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गो से धूमधाम के साथ श्रीगुरुग्रंथ साहिब व पंच प्यारे की अगुआई में नगर कीर्तन के साथ निकाली गई। शहर के प्रमुख मार्गो पर भ्रमण के पश्चात गुरुद्वारे में नगर कीर्तन व शोभायात्रा का समापन किया गया। नगर कीर्तन में विशेष गतका पार्टी तरनादल निहाल सिंह जी द्वारा हैरतअंगेज करतब दिखाए गए। आठ जनवरी को गुरु दरबार में कीर्तन समागम का आयोजन सुबह नौ बजे से किया जाएगा। जिसमें हुजूरी रागी जत्था भाई गुरुदयाल सिंह व अन्य द्वारा शबद कीर्तन व महाराज के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला जाएग। पूरे दिन गुरु का अटूट लंगर बरतेगा। प्रभातफेरी के समापन के साथ मंगलवार को निकली शोभायात्रा में सरदार गुरुदीप सिंह, टोनी सिंह, गुरुमुख सिंह, सुखपाल सैनी, नवदीप सिंह, गुरुमीत सिंह, मंजीत सिह, करम सिंह, दीवान सिह सहित तमाम महिलाएं व समाज के युवक, युवतियां व महिला पुरुष शामिल हुए।



## श्रीमद्भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का बखान

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

स्वामी विवेकानंद बाल उद्यान में चल रही श्रीमदभागवत कथा में व्यास जी ने पति पत्नी के संबंधों को एक दूसरे का पूरक बताते हुए गृहस्थ जीवन की विशिष्ट भूमिका बताई। कथा में श्री कृष्ण और रुक्मिणी के विवाह का रोमांचक वर्णन किया। श्रीमदभागवत कथा में श्रीकृष्ण भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि बाल्यकाल में ही विभिन्न असुरों के वध की कथा का वर्णन किया। कहा भगवान ने पाप और अन्याय के लिए पृथ्वी पर अवतार लिया। मानव को सामाजिक जीवन का संदेश देते हुए कहा कि गृहस्थ जीवन में विवाह और समाज में रहकर अन्याय और पापाचार के खिलाफ संदेश देने का काम किया। भगवान के रुक्मिणी के विवाह का सभी भक्तों को वृतांत सुनाकर गृहस्थ आश्रम की महत्वता बताई। उन्होंने कहा जो मानव गृहस्थ आश्रम का अनुपालन करते हुए प्रभु से प्राप्त जीवन को सामाजिक क्रियाओं व्यतीत करता है। उसका जीवन साधु संतों के ही समान होता है। श्री शास्त्री ने कहा पति पत्नी का संबंध सभी संबंधों में पुनीत और पवन है, इसे हम सबको समझना चाहिए। कथा के बाद आरती और प्रसाद वितरण हुआ। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानचार्या शशिबाला रावड़ा, उषा रावडा, अंजू रावड़ा, पूर्व प्रधानाचार्य के,के,शुक्ल, सुरजन लाल वर्मा, ओमप्रकाश गुप्त, शशिकांत मिश्र, अवनीश मिश्रा, शिवेंद्र दीक्षित, ठाकुर प्रसाद, प्रेमलता, रानी गुप्ता, अखिलेश मिश्रा, सरला देवी, निर्मला देवी सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।



## महालक्ष्मी यज्ञ के लिए निकाली गई कलश यात्रा

- 13 जनवरी तक होगी महालक्ष्मी यज्ञ

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



महालक्ष्मी यज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें तमाम महिला और पुरूष भक्तों ने हिस्सा लिया। मंगलवार को कलश यात्रा आचार्य शिवेंद्र मिश्रा कात्यायन के नेतृत्व में पब्लिक इंटर कॉलेज के कनिष्ठ विभाग स्थित यज्ञशाला से शुरू होकर पौराणिक शिव मंदिर तक गई। कुआं से जल भरकर यज्ञशाला वापस पहुंची जहां कलशों को विधि-विधान से स्थापित किया गया। कलश यात्रा के बाद आज बुधवार को मंडप प्रवेश और अंग पूजा, 9 को अंक पाठ और 10 को अग्नि स्थापना होगी। जिसमें चार-चार घंटे की शिफ्ट बनाई जायेगी। उसमें 51 ब्राहम्ण दिन रात हवन करेगें। 10 से 13 जनवरी तक दिन रात यज्ञ में आहुतियां एवं अनुष्ठान जारी रहेगा। इस मौके पूर्व विधायक विनय तिवारी, उनकी पत्नी रेखा तिवारी, पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला और उनकी पत्नी, विजय माहेश्वरी, उमेश मिश्रा, आनन्द त्रिवेदी, विजय बाजपेई, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, कपिल मिश्रा, सचिन मिश्रा, पंकज बाजपेई, मनोज अवस्थी, लवकुश अवस्थी समेत तमाम भक्त मौजूद थे।

# निराश्रित महिला, वृद्धजन, जीरो पॉवर्टी परिवारों को डीएम ने बांटें कंबल

- डीएम की पहल पर हुआ भव्य कार्यक्रम, कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर आई मुस्कान

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

तराई में लगातार बढ़ रही ठंड से जिले के समाचार वितरकों, दिव्यांगजन, निराश्रित महिलाओं, वृद्धजन, जीरो पॉवर्टी परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के मार्गदर्शन, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट में कंबल वितरण समारोह का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम संजय कुमार सिंह संग मौजूद करीब 450 लोगों को कंबल वितरित किया। प्रशासन से कंबल पाकर सभी के चेहरे खिल उठे। इस दौरान सभी को लंच पैकेट का भी वितरण किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि आम आदमी तक समाचार पत्रों को पहुंचाने वाले समाचार पत्र वितरक प्रशंसा के पात्र हैं। उनका काम किसी चुनौती से कम नहीं है। वितरक सच्चे अर्थ में कर्मयोगी के साथ ही समाज के भी सजग प्रहरी हैं। अखबार वितरण चुनौतीपूर्ण कार्य है। वितरक बदलते मौसम ठंडी, गर्मी व बरसात में भी हमें देश-दुनिया की खबरों से अपडेट कराने के लिए कठिन परिश्रम करते रहते हैं। वितरक सुबह होते ही बिना किसी छुट्टी के रोज अखबार पहुंचाने का जज्बा लोगों के लिए मिसाल है। डीएम ने कहा कि मा. मुख्यमंत्री की मंशा है कि हर गरीब के चेहरे पर मुस्कान आए। इसी क्रम में मा.मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से निराश्रित महिलाओं, दिव्यांगजन, वृद्धजन, जीरो पॉवर्टी परिवारो के साथ-साथ समाचार पत्र वितरकों को कंबल प्रदान किया जा रहा है। डीएम ने अपने हाथों से सभी पांच कैटिगरी के चिन्हित महिला, पुरुषों को अपने हाथ से कंबल ओढ़ाया तथा ठंड से बचने की सलाह दी। एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया और इंटरनेट के जमाने में भी अखबार लोगों तक विश्वसनीय खबरें पहुंचाने का साधन बने हैं। उन्होंने समाचार पत्र पहुंचाने की जिम्मेदारी निभा रहे समाचार पत्र वितरकों के कार्य को सराहा। समाचार पत्र वितरक अखबार रूपी इमारत के नींव के पत्थर हैं। हर परिस्थिति में लोगों के जागने से पहले रोज सुबह समाचार पत्र घरों तक पहुंचाना सर्दी-गर्मी और बारिश या अन्य कैसी भी कठिनाई हो वितरक रोज अपना काम पूरी लगन और मेहनत से करते हैं। रोज सुबह तीन-साढ़े तीन बजे उठ कर लोगों तक समाचार पत्र पहुंचाना काबिले तारीफ है। कार्यक्रम में तहसीलदार सदर सुशील प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी राम जनम, जिला दिव्यांग जनशक्तिकरण अधिकारी अभय कुमार सागर, जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश भार्गव, प्रशासनिक अधिकारी/ नाजिर सदर मो. सलीम सहित सभी संबंधित अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं सलमान अली पुत्र सिराज अहमद निवासी राहरा मऊ, राहरा मऊ, जिला बाराबंकी उ.प्र. का निवासी हूं। आधार कार्ड में मेरा नाम गलती से मो. सलमान दर्ज हो गया है और जन्म तिथि 20.07.1996 गलती से दर्ज हो गयी है जोकि गलत है। मेरा सही नाम सलमान अली है और सही जन्म तिथि 20.07.2003 है और यही मान्य है।

# उपज बेचने के लिए किसानों को बाजार सम्पर्क पहुंच प्रदान करेगा गूगल

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



उत्तर प्रदेश सरकार और गूगल क्लाउड इंडिया ने लाखों किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए जेमिनी-संचालित और बेकन-सक्षम उत्तर प्रदेश ओपन नेटवर्क फॉर एग्रीकल्चर के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। उप्र सरकार की ओर से मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और गूगल क्लाउड इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट अनिल भंसाली ने हस्ताक्षर किए। गूगल क्लाउड उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर जेमिनी-संचालित बेकन-सक्षम उप्र ओपन नेटवर्क फॉर एग्रीकल्चर लॉन्च करेगा। यह ओपन नेटवर्क लाखों किसानों को सलाहकार सेवाओं, ऋण, मशीनीकरण और अपनी उपज बेचने के लिए बाजार सम्पर्क सहित आवश्यक सेवाओं तक वन-स्टॉप पहुंच प्रदान करेगा।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि यह समझौता उत्तर प्रदेश शासन के सुशासन और डिजिटल सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। इससे किसानों को माइक्रो क्लाइमेट और बाजार मूल्य इत्यादि के बारे में त्वरित और सटीक जानकारी प्राप्त होगी। हर तहसील में वेदर स्टेशन लगभग लग चुके हैं इसको इंटीग्रेट करने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि कृषि के लिए ओपन नेटवर्क उत्तर प्रदेश में किसानों की आय दोगुनी करने के हमारे दृष्टिकोण को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह डिजिटल डिवाइड की चुनौतियों को हल करने के लिए एआई का लाभ उठाने में सक्षम है। 21वीं सदी की आधुनिक कृषि व्यवस्था में किसानों को आवश्यक उपकरणों और संसाधनों से लैस करेगा। गूगल क्लाउड इंडिया में वाइस प्रेसिडेंट इंजीनियरिंग और भारत विकास केंद्र के प्रमुख अनिल भंसाली ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कृषि के लिए ओपन नेटवर्क के लॉन्च के साथ गूगल क्लाउड डीपीआई-इन-ए-बॉक्स समाधान को जीवंत होते देखकर बेहद उत्साहित हैं।

डीपीआई सार्वजनिक क्षेत्र के डिजिटलीकरण की यात्रा के लिए एक सिद्ध दृष्टिकोण है और एआई डीपीआई के साथ निर्मित सार्वजनिक सेवाओं की उपयोगिता को तेजी से बढ़ा सकता है। हम दुनिया भर के लोगों तक जेमिनी-संचालित डीपीआई के लाभ पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। क्लाउड इंडिया के उपाध्यक्ष और कंट्री एमडी बिक्रम सिंह बेदी ने कहा कि हम वैश्विक स्तर पर और विशेष रूप से भारत में डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (DPI) को अपनाने में तेजी लाने में मदद करने के इच्छुक हैं, जहां इसने पहले ही जनसंख्या-स्तरीय प्रभाव प्रदर्शित किया है।

### कृषि में राज्य की प्रगति को गति देने के लिए प्रौद्योगिकी एक महत्वपूर्ण आधारशिला

कृषि में राज्य की प्रगति को गति देने के लिए प्रौद्योगिकी एक महत्वपूर्ण आधारशिला है, और इस जेमिनी-संचालित ओपन नेटवर्क के माध्यम से, सरकार ने एक खुला और विकेंद्रीकृत दृष्टिकोण बनाया है जिसका लाभ नवोन्मेषक किसानों के लिए समाधान बनाने और लागू करने के लिए उठा सकते हैं। एफआईडीई (फाउंडेशन फॉर इंटरऑपरेबिलिटी इन डिजिटल इकोनॉमी) के सीईओ और सह-संस्थापक तथा बेकन प्रोटोकॉल के मूल लेखक और संरक्षक सुजीत नायर ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार और गूगल क्लाउड इंडिया को भारत में कृषि के लिए एक राज्य-व्यापी ओपन नेटवर्क लॉन्च करने के लिए बेकन प्रोटोकॉल का लाभ उठाते हुए देखकर रोमांचित हैं।

# बाढ़ से संबंधित परियोजनाओं को पारदर्शिता के साथ धरातल पर उतारें : स्वतंत्र देव सिंह

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।




उत्तर प्रदेश राज्य बाढ़ नियंत्रण परिषद की स्थाई संचालन समिति की 59 वीं बैठक में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि बाढ़ से संबंधित परियोजनाओं को धरातल पर उतारें और पूर्ण पारदर्शिता एवं गुणवत्ता से निर्धारित समय अवधि में कार्य पूर्ण करायें। प्रदेश में बाढ़ कार्यों की परियोजनाओं को अभियान चलाकर तेजी से पूर्ण कराये और अनुबंध की शर्तों का अक्षरशः अनुपालन हो।

सिंचाई विभाग के नवीन सभागार में आयोजित बैठक में जलशक्ति मंत्री ने कहा कि निर्माणाधीन परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, किसी प्रकार की लापरवाही नहीं मिलनी चाहिए। लापरवाही पाए जाने पर सम्बंधित की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बाढ़ से बचाव हेतु परियोजनाओं के कार्य निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करायें, जिससे जनता जनार्दन बाढ़ से सुरक्षित होगी और जनधन की हानि नहीं होगी।

उत्तर प्रदेश राज्य बाढ़ नियंत्रण परिषद की स्थायी संचालन समिति की 59 वीं बैठक में आगामी कार्ययोजना प्रस्तुत की गयी। इसमें जलशक्ति मंत्री को बताया गया कि 54 जनपदों की कुल 369 बाढ़ परियोजनाओं के पूर्ण होने पर लगभग छह लाख हेक्टेयर कृषि भूमि एवं 60 लाख आबादी को बाढ़ से सुरक्षा प्रदान होगी। समिति द्वारा परियोजनाओं पर गहनता से विचार-विमर्श करते हुए बाढ़ परियोजनाओं के अनुमोदन की कार्यवाही सम्पन्न की गई। बैठक में जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, प्रमुख सचिव सिंचाई अनिल गर्ग, प्रमुख अभियन्ता व विभागाध्यक्ष अखिलेश कुमार सचान सहित तमाम अधिकारी एवं अभियंतागण उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### सपा के सांसद से एक करोड़ साठ लाख की ठगी



**लखनऊ।** प्रतापगढ़ से समाजवादी पार्टी के सांसद डॉ. शिवपाल सिंह पटेल ने लखनऊ के आलमबाग थाना में एक प्रार्थना पत्र देकर अपने साथ हुई ठगी की शिकायत की है। प्रतापगढ़ सांसद का कहना है कि लखनऊ में एलपीएस नाम से उनका एक स्कूल चलता है। स्कूल की शाखा आनन्द नगर में बढ़ाने के लिए भूमिका कक्कड़ एवं उनके अंकल विनोद से जमीन खरीदी गयी। जिस पर बैंक से लोन होना मालूम हुआ। इसके पहले ही उन्होंने एक करोड़ साठ लाख रूपये रजिस्ट्री के नाम पर भुगतान कर दिया था। आलमबाग थाने के निरीक्षक कपिल गौतम ने मीडिया को बताया कि प्रकरण में आलमबाग थाने में एफआईआर दर्ज हुई है। समाजवादी पार्टी के सांसद से आवश्यक कागजातों की मांग करते हुए आगे की कार्रवाई आरम्भ कर दी गयी है। शुरुआती जांच में पता चला है कि जमीन की कुल कीमत दो करोड़ अस्सी लाख रुपये तय की गयी थी। जिसमें एक करोड़ साठ लाख रुपये भूमिका नामक महिला ने अग्रिम भुगतान के रूप में लिया है। वहीं इस जमीन पर वर्ष 2019 में भूमिका ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, होम फाइनेंस शाखा से लोन लिया था, जिसकी किस्त चुकायी नहीं गयी।

### लखनऊ में 10 जनवरी से अग्निवीरों की भर्ती, कुल चार कैटेगरी में होंगी भर्तियां

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 10 जनवरी से अग्निवीर भर्ती का आगाज हो गया है। 22 जनवरी तक चलने वाली इस भर्ती में 13 जिलों के 10 हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों के शामिल होने की उम्मीद है। जिन अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, उन्हें रैली के लिए प्रवेश पत्र उनके पंजीकृत ईमेल पर भेज दी गई है। सभी अभ्यर्थी जो एएमसी सेंटर एवं कॉलेज स्टेडियम, लखनऊ में रैली में भाग लेंगे, उन्हें रैली अधिसूचना में दिए गए अनुसार दौड़ और परीक्षणों का अभ्यास करने की सलाह दी गई है। अभ्यर्थियों को अपने साथ प्रवेश पत्र और ऐसे सभी दस्तावेज मूल रूप में भर्ती स्थल पर ले जाने चाहिए। अभ्यर्थियों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे सतर्क रहें और दलालों के शिकार न बनें या किसी अनुचित साधन का सहारा न लें। सशस्त्र बलों के लिए उपयुक्त सर्वोत्तम अभ्यर्थियों का चयन करने के उद्देश्य से सेना में चयन पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी है। रैली से संबंधित किसी भी समस्या का सामना करने वाले अभ्यर्थियों को बाद में किसी भी असुविधा से बचने के लिए भर्ती कार्यालय (मुख्यालय) लखनऊ से संपर्क किया जा सकता है।

### लखनऊ एयरपोर्ट की 10 फ्लाइट लेट

**लखनऊ।** मौसम खराब होने का असर मंगलवार को भी विमान सेवाओं पर रहा। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि जेद्दा से रात 12.05 बजे लखनऊ आने वाला सउदिया एयरलाइंस का विमान (वीएस 892) करीब 1 घंटा देरी से लखनऊ पहुंचा। वहीं मुंबई से रात 1.10 बजे लखनऊ आने वाला इंडिगो का विमान (6म 5264) 1 घंटे 10 मिनट देरी से पहुंच सका। जबकि दम्माम से सुबह 5.55 बजे लखनऊ आने वाला इंडिगो का विमान (6ई 98) करीब 2 घंटा देरी से लखनऊ पहुंचा दुबई से सुबह 10.50 बजे लखनऊ आने वाली फ्लाइट (एफ्जेड 433) आधा घंटा देरी से आने की संभावना है। इसी तरह लखनऊ से रात 2.05 बजे जेद्दा जाने वाला सउदिया विमान (एसवी 893) आधा घंटा देरी से रवाना हुआ। सुबह 7.45 बजे कोलकाता जाने वाला इंडिगो का विमान (6ई 505) आधा घंटा विलंब उड़ान भर सका। जबकि सुबह 10 बजे रियाद के लिए उड़ान भरने वाला फ्लायनास का विमान (ओवाई 334) करीब 4 घंटा 45 मिनट देरी से उड़ान भरने की संभावना है। दोपहर 11.35 बजे मुंबई जाने वाले अकासा एयर विमान (क्यूपी 1526) के 1.10 बजे उड़ान भरने की उम्मीद है। इसके अलावा दोपहर 1.45 बजे मुंबई जाने वाले अकासा एयर विमान (क्यूपी 1153) के करीब एक घंटा देरी से उड़ान भरने की संभावना है। जबकि शाम 5.30 बजे मुंबई जाने वाला अकासा एयर का विमान (क्यूपी 1525) एक घंटा देरी से उड़ान भर सकता है।

### चेकिंग में पकड़े गए 49 बेटिकट यात्री

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक आशुतोष गुप्ता के दिशा निर्देश तथा मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक अजय कुमार सुमन के नेतृत्व में आज लखनऊ मण्डल के लखनऊ मैलानी प्रखण्ड पर टिकट चेकिंग अभियान चला गया। इस दौरान गाड़ी सं. 15009 गोरखपुर-मैलानी एक्सप्रेस एवं 55083 मैलानी-डालीगंज सवारी गाड़ी पर 49 बिना टिकट/अनियमित रेल यात्रियों के साथ-साथ शयनयान एवं वातानुकूलित डिब्बों में अनाधिकृत रूप से यात्रा कर रहे एमएसटी धारक व वर्दीधारी यात्रियों को जॉच अभियान में पकड़ा गया। यात्रियों को रेलवे टिकट लेकर यात्रा करने हेतु जागरूक भी किया गया। इस जॉच अभियान को सफल बनाने में मुख्य वाणिज्य निरीक्षक/मुख्यालय अरविन्द श्रीवास्तव, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक/लखनऊ एस.के. बरूआ, मुख्य चल टिकट निरीक्षक, मुख्यालय एस.पी.सिंह एवं सीटीआई रेड तथा आर.पी.एफ व जीआरपी के बल सदस्यों के साथ रेल कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

# युवाओं को कुशल बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता : प्रमुख सचिव

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।




व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के नवनियुक्त प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन मुख्यालय और प्रादेशिक स्टाफ प्रशिक्षण एवं शोध केंद्र का भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने मिशन की गतिविधियों का अवलोकन किया और वित्तीय वर्ष की शेष अवधि के लिए रणनीति तैयार करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

डॉ. हरिओम ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को व्यवसाय और रोजगार के लिए कुशल बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान संचालित हैं। इसके साथ ही, लखनऊ और सुल्तानपुर में अनुदेशकों के प्रशिक्षण के लिए दो संस्थान कार्यरत हैं, जहां प्रदेश के साथ-साथ अन्य राज्यों के हजारों युवक-युवतियां उद्यमिता का प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत लाखों लोगों को अल्पकालिक प्रशिक्षण देकर रोजगार के लिए तैयार किया जाता है। डॉ. हरिओम ने मिशन की योजनाओं को गहराई से समझा और कहा कि यह प्रयास प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री के विज़न के तहत रोजगार और व्यवसाय के लिए बेहतर परिवेश सृजित करने की प्रतिबद्धता जताई। इस निरीक्षण के दौरान मिशन निदेशक अभिषेक सिंह, अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मायावती को दिल्ली चुनाव में बसपा के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



चुनाव आयोग ने दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों के लिए मंगलवार को चुनाव का ऐलान कर दिया। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने कहा कि पार्टी यह चुनाव अपनी पूरी तैयारी और दमदारी के साथ अकेले लड़ेगी। उनको दिल्ली में बसपा के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

मायावती ने एक्स पोस्ट में कहा कि चुनाव लोकतंत्र की रीढ़ है और बाहुबल एवं धनबल से दूर रहने वाले गरीबों-मजलूमों की पार्टी बसपा आयोग से यह उम्मीद रखती है कि वह स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने के क्रम में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के साथ ही साम्प्रदायिकता व अन्य घिनौने प्रचार से चुनाव को दूषित होने से बचाएगा। दिल्ली में 70 विधानसभा सीटों के चुनाव के लिए मतदान 5 फरवरी को होगा और मतों की गणना 8 फरवरी को होगी।

# 80 प्रतिशत से ज्यादा बिजली के स्मार्ट प्री-पेड मीटर में लगा दिये गये सिंगल सिम

▸ नियमों की अनदेखी का आरोप

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार बिजली उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट प्री-मीटर डबल सिम वाले लगने थे, लेकिन अधिकांश सिंगल प्री-पेड के मीटर लगा दिये गये हैं। यह खुलासा जांच के बाद हुआ। इसकी जानकारी होने पर उप्र राज्य उपभोक्ता परिषद ने पावर कारपोरेशन के कामर्शियल निदेशक से पूरे मामले की जांच की मांग उठाई और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि जब पावर कारपोरेशन से स्मार्ट प्री-पेड का आंकड़ा मांगा तो पता चला कि सभी बिजली कंपनियों में 27,395 फीडर में 21,082 फीडरों पर सिंगल सिम वाल प्री-पेड लगाया गया है। उपभोक्ता परिषद इस गड़बड़ी का पहले भी अंदेशा जाहिर कर चुका है। इसमें भारत सरकार की गाइडलाइन के तहत डबल सिम वाले स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने चाहिए थे। उपभोक्ता परिषद ने पूरे मामले की जानकारी पावर कारपोरेशन के निदेशक वाणिज्य सहित भारत सरकार की रुरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड रीजनल ऑफिस लखनऊ को भी दी और पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने की केंद्र से मांग उठाई।

अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि भारत सरकार के कुछ उच्चाधिकारी इस पूरी स्मार्ट प्रीपेड मीटर योजना को फेल करने पर तुले हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार का मानना था कि वर्तमान में जो फीडर है उस पर कब बिजली काटी, कब बिजली आई उसी के आधार पर औसत विद्युत आपूर्ति का आकलन किया जाता है। डबल सिम होने पर एक कम्पनी के सिम का नेटवर्क यदि नहीं काम करेगा तो दूसरा सिम ऑटो स्विच के आधार पर काम करने लगेगा और डाटा प्राप्त हो जाएगा। इससे सही आकलन होगा कि कौन सा फीडर कब बंद हुआ, कब चालू हुआ। उपभोक्ता परिषद को पावर कारपोरेशन से मिले डाटा के अनुसार पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में 5187 फीडरों में 4596 फीडर सिंगल सिम वाले मीटर लगे हैं। वहीं मध्यांचल में 4655 फीडर में 1745 फीडर सिंगल सिम वाले मीटर लगे हैं। पश्चिमांचल में 9996 फीडरों में 9349 सिंगल सिम वाले मीटर, दक्षिणांचल केस्को में 27395 फीडरों में 21082 सिंगल सिम वाले स्मार्ट मीटर लगे हैं। उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने आज इस मामले पर जहां पावर कारपोरेशन के निदेशक कमर्शियल निधि कुमार नारंग को पूरे मामले पर बात करते हुए सख्त कार्यवाही की मांग उठाई। वहीं भारत सरकार की तरफ से उत्तर प्रदेश में कार्यरत रुरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड रीजनल ऑफिस लखनऊ को भी इसकी सूचना दे दी है। कहा है कि प्रदेश में भारत सरकार की गाइडलाइन का खुला उल्लंघन हो रहा है और जो भी मॉनिटरिंग करने वाले लोग हैं, वह चुपचाप हैं। जो बहुत गम्भीर मामला है। उप्र के मामले में केंद्र सरकार को तत्काल स्मार्ट प्रीपेड मीटर की पूरी परियोजना की सीबीआई जांच करने का आदेश पारित करना चाहिए, जिस प्रकार से बिना टेस्टेड मीटर उपभोक्ताओं के परिसर पर लगाए जा रहे हैं और अब बड़ा खुलासा हुआ है कि फीडर पर सिंगल सिम वाले मीटर लगा दिए गए यह सब बड़ा गोलमाल है।

### रमेश बिधूड़ी के खिलाफ यूपी महिला कांग्रेस ने थाने में दी तहरीर

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी का अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रियंका गांधी के खिलाफ अमर्यादित, अभद्र बयान के खिलाफ उप्र कांग्रेस की महिला शाखा ने हजरतगंज थाने में तहरीर दी। महिला कांग्रेस ने कहा कि असल में भाजपा के तमाम नेताओं द्वारा समय-समय पर देश की आधी आबादी के लिए इस तरह के घटिया बयान दिये जाते रहे हैं, यही भाजपा का वास्तविक चाल चरित्र और चेहरा है। प्रदेश कांग्रेस महिला प्रभारी शहला असरकारी ने कहा कि बिधूड़ी द्वारा प्रियंका गांधी के लिए दिये गये आपत्तिजनक बयान से पूरे देश के कांग्रेसजनों में रोष है। आज उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रभारी शहला अहरारी, अनामिका यादव एवं उरूषा राणा के नेतृत्व में महिला कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल हजरतगंज थाने पहुंचा और वहां जिम्मेदारी अधिकारियों से मिलकर भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए तहरीर दी।

# सम्भल में तैनात एक अधिकारी दबाव में कर रहा काम, भ्रष्टाचार का है बड़ा आरोप : अखिलेश यादव

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि सम्भल में एक अधिकारी पोस्टेड है, जो आगरा में पोस्टेड थे तो उन पर भ्रष्टाचार का बड़ा आरोप लगा था। अधिकारी क्यों दबाव में है, ये भी कारण जान लीजिए। फिलहाल सम्भल मामले में कई लोग सुप्रीम कोर्ट में गये। फरदर सर्वे रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद है।


समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सम्भल मामले में आखिर सरकार क्या छुपाना चाहती है, इसको पता कीजिए। इसी सरकार ने पहले डेलिगेशन को रोका और बाद में दूसरी बार जाने दिया। सम्भल के पूरे घटनाक्रम में प्रदेश सरकार सम्मिलित्व है, पूरी घटना को अधिकारियों से कराया गया है। सम्भल में सर्वे की इतनी जल्दी क्या थी।

अखिलेश यादव ने कहा कि दिल्ली वाला हो, या लखनऊ वाला हो, उच्च भ्रष्टाचार है। उच्च स्तर पर बेरोजगारी है। नौजवान खाली घूम रहा है। निवेश आ नहीं आ रहा है। यह भी सुनने में आया है कि दिल्ली वाले इन्हें नहीं बुला रहे हैं, ये दिल्ली वालों को होर्डिंग से हटा दे रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि सरकार कह रही है, अस्सी करोड़ लोगों को राशन दे रहे हैं। दावा है कि हमने लोगों को गरीबी से बाहर निकाल दिया है। आखिर भाजपा सरकार का गरीबी का मानक क्या है।

पल्लवी पटेल के भ्रष्टाचार उठाने के मामले में अखिलेश यादव ने कहा कि इस मामले में पहले पता कीजिए, दिल्ली से किसे कौन चला रहा है और लखनऊ से कौन किसे चला रहा हैं। दिल्ली से कौन और लखनऊ से कौन,

# शासन के निर्देश पर अवर अभियंता विपिन बिहारी निलम्बित

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।




लखनऊ विकास प्राधिकरण में जोन पांच के तहत चांदन क्षेत्र में बिल्डर अमर अग्रवाल के अवैध निर्माण कार्यों पर सख्ती न दिखाने पर शासन से हुई शिकायत में अब एक्शन शुरू हो गया है। बिल्डर के विरुद्ध कार्रवाई न करने के दोषी पाये जाने पर शासन के निर्देश पर प्राधिकरण के अवर अभियंता विपिन बिहारी राय को निलम्बित कर दिया गया है। प्राधिकरण ने इस संबंध में प्रेस नोट जारी कर जानकारी दी है।

बिल्डर अमर अग्रवाल ने चांदन क्षेत्र में सन् 2022 में पॉम पैराडाइज टाइटल कॉलोनी बसाते हुए 29 रो-हाउस आवासीय मकानों का निर्माण कराया और अवैध रूप से निर्माण के बावजूद अभियंताओं ने समस्त रो-हाउस की बिक्री सम्पन्न होने तक कार्रवाई नहीं की। प्रवर्तन जोन-पांच में उस वक्त तैनात रहे सहायक अभियंता वीरेन्द्र प्रताप मिश्रा (सेवानिवृत्त), राहुल वर्मा, शीतल प्रसाद (सेवानिवृत्त) तथा अवर अभियंताओं रवि शंकर राय, ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, आरके शर्मा, सुशील कुमार वर्मा, सत्यवीर सिंह एवं विपिन बिहारी राय का इस प्रकरण से नाम जुड़ने के बाद प्राधिकरण ने अपने स्तर पर जांच करायी।

बाद में समूचे प्रकरण की जांच रिपोर्ट शासन को भेज दी गयी। इसी प्रकरण में विपिन बिहारी के निलम्बन का आदेश जारी हुआ है। उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष दिसम्बर माह में पच्चीस बीघा जमीन पर विकसित हुई पाम पैराडाइज टाइटल कालोनी पर लखनऊ विकास प्राधिकरण ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की थी।

### महिलाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर



**नौ को आईटीआई में हीरो मोटोकार्प के कैम्पस ड्राइव का होगा आयोजन**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में 9 जनवरी 2025 को हीरो मोटोकार्प लि., हरिद्वार, उत्तराखंड द्वारा केवल महिलाओं के लिए विशेष कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी संस्थान के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने दी। ट्रेनिंग कार्उंसिलिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर एम. ए. खां ने बताया कि इस कैम्पस ड्राइव में केवल महिला अभ्यर्थी भाग ले सकती हैं। प्रतिभाग के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल के साथ-साथ आईटीआई (फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिक मोटर व्हीकल, पेंटर आदि) में वर्ष 2022, 2023, और 2024 में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अभ्यर्थियों की आयुसीमा 18 से 26 वर्ष निर्धारित की गई है। कंपनी द्वारा चयनित महिला उम्मीदवारों को 23,626 रुपए प्रति माह सीटीसी और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। साथ ही, अप्रेंटिसशिप के लिए भी भर्तियां की जाएंगी, जिनका मासिक मानदेय 17,936 रुपए होगा। इच्छुक महिला अभ्यर्थी 9 जनवरीको सुबह 9 बजे अपने बायोडाटा और सभी शैक्षिक प्रमाण पत्रों के साथ राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ परिसर में पहुंचकर इस अवसर का लाभ उठा सकती हैं। पुरुष अभ्यर्थी इस प्रक्रिया में पात्र नहीं होंगे।

**फरमान** | केजीबीवी की सुरक्षा, संरक्षा व शैक्षिक गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिये कड़े निर्देश जारी

# केजीबीवी की बढ़ेगी सुरक्षा, होंगे औचक निरीक्षण

▸ ड्रॉप बॉक्स किए जाएंगे स्थापित

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

प्रदेश में संचालित 746 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों (चत्क्क्) की सुरक्षा, संरक्षा और शैक्षिक गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए योगी सरकार ने त्रैमासिक निरीक्षण, औचक जांच और नियमित समीक्षा के कड़े निर्देश जारी किए हैं। पूर्व के शासनादेश में संशोधन कर यह नई व्यवस्था लागू की गई है, जिसका उद्देश्य बालिकाओं को सुरक्षित, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक वातावरण प्रदान करना है। योगी सरकार के इस कदम के तहत इन विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे, डोरमेट्री में रात्रि प्रवास, सुरक्षा गार्ड की तैनाती, साइबर सुरक्षा जागरूकता, सेफ-टच और अनसेफ-टच पर प्रशिक्षण और नियमित स्वास्थ्य जांच जैसे कदम अनिवार्य किए गए हैं। इसके साथ ही, बालिकाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए माता-पिता या अधिकृत अभिभावक की पहचान के बिना विद्यालय में प्रवेश पर कड़ी रोक लगाई गई है।

विद्यालयों में शिकायत और सुझाव प्राप्त करने के लिए ड्रॉप बॉक्स स्थापित किए जाएंगे, जिससे छात्रों और अभिभावकों को अपनी समस्याएं आसानी से साझा करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा, किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत उच्च अधिकारियों को दी जाएगी, ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें। इसके साथ ही, निरीक्षण और उपस्थिति को दर्ज करने के लिए ÷प्रेरणा÷ पोर्टल का उपयोग अनिवार्य किया गया है, जिससे सभी प्रक्रियाएं सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनी रहें।

### त्रैमासिक निरीक्षणों की हुई व्यवस्था : संदीप सिंह

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह का कहना है कि शैक्षिक गुणवत्ता को सुधारने और विद्यालयों में बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए आगामी त्रैमासिक निरीक्षणों का आयोजन किया जाएगा। इस निरीक्षण में पाठ्यक्रम, मासिक परीक्षा और शैक्षिक स्तर की जांच की जाएगी, ताकि छात्रों की शिक्षा में कोई कमी न रहे। इसके साथ ही, शिक्षक की डायरियों के रखरखाव और रिमेडियल टीचिंग पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। निरीक्षण दल में एक मजिस्ट्रेट और एक महिला अधिकारी का होना अनिवार्य होगा, ताकि निरीक्षण प्रक्रिया पारदर्शी और प्रभावी हो।

### निरीक्षण दल में महिला सदस्य होना अनिवार्य

डिप्टी डायरेक्टर डॉ. मुकेश सिंह ने बताया कि शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन द्वारा गठित तीन सदस्यीय निरीक्षण दल में एक महिला अधिकारी का शामिल होना अनिवार्य किया गया है, जो विद्यालयों के संचालन और शैक्षिक गुणवत्ता की निगरानी करेंगे। निरीक्षण के दौरान पठन-पाठन, बालिकाओं की सुरक्षा, आवासीय सुविधाएं, भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य सेवाएं और बालिकाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता को प्राथमिकता दी जाएगी। इस सख्त प्रावधान का उद्देश्य बालिकाओं के शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देना है, साथ ही उन्हें एक ऐसा सुरक्षित माहौल प्रदान करना है, जहां वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक और आत्मनिर्भर बन सकें।

# टीम एजी ने जरूरमंदों को पहुंचाई मदद

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



नीशू वेलफेयर फाउंडेशन एवं मां गायत्री जन सेवा संस्थान ने जनमानस के सहयोग से निराश्रित परिवार को संस्था द्वारा लगातार अलग-अलग क्षेत्र में मदद पहुंचाई जा रही है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है समाज में अलग-अलग तरह से रहकर जीवन यापन कर रहे लोगो में जो गरीब व असहाय हैं उनकी यथाशक्ति संस्था द्वारा मदद दी जा रही है उसी क्रम में आज एक परिवार में 20 वर्षीय इकलौते बेटे की मृत्यु 31 दिसंबर को हो गई थी जनमानस के सहयोग से परिवार ने बेटे का अंतिम संस्कार किया। मृतक के पिता की मृत्यु पूर्व में हो चुकी है और घर में मां पांच बेटियों के साथ रहती हैं जो घर का झाडू पोछा करके बच्चों का पालन पोषण कर परिवार चलाती हैं। आज शकुंतला यूनिवर्सिटी के पास मृतक परिवार के घर पहुंचकर गुंजन वर्मा, अरुण प्रताप सिंह के द्वारा दो महीने का संपूर्ण राशन, परिवार के सभी सदस्यों को कपड़े, कंबल, स्वेटर और दो महीने का राशन दिया गया। इस सामाजिक कार्य में विशेष सहयोग क्षत्रिय समाज के नेता सूर्यपाल सिंह, पंडित अनुराग मिश्रा, शास्त्री, संगीता सिंह शाक्य, मो इमरान खान, लोकगायिका नूतन पाण्डेय,तृप्ति पांडे, आकाश शर्मा, किरण फाऊंडेशन विशाल श्रीवास्तव, रोली सिंह, प्रखर सिंह,विद्याभूषण सोनी, उमा सिंह लोगो ने योगदान दिया। इस अवसर पर समाजसेविका जनकदुलारी मौर्य उपस्थित रही।

# टैक्स बार एसो. ने प्रमुख सचिव नियुक्ति के समक्ष रखी मांग

▸ फूंका अनिश्चित कालीन हड़ताल का बिगुल



गोण्डा, समृद्धि न्यूज ।

टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महीप नारायण वरिष्ठ उपाध्यक्ष नंदकुमार शुक्ला उपाध्यक्ष हेमंत कुमार पांडे ने आयुक्त देवीपाटन मंडल के माध्यम से प्रमुख सचिव नियुक्ति एवं क्रमिक तथा वित्त संस्थान एवं राजस्व अनुभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ को मांग पत्र देते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल का फूंका विगुल और कहां की ग्रेट 2 अपील राज्य कर गोंडा द्वारा एक पक्षी वाद के प्रति अपील कर सकता है जबकि अधिनियम की धारा 55अपील (1)धारा 48की उप धारा (7) में उल्लेख है कि वह 30दिन के भीतर अपील मेमो की प्रति कर निर्धारण प्राधिकारी से अपील कर सकता है मंत्री राजेश कुमार कौशल ने अपने वक्तव्य में कहा कि अधिकारी को एक पक्षीय कर निर्धारण के विरुद् अपील में यही प्रार्थना किया जाता है की अपील को प्रति प्रेषित किया जाए जिससे प्रार्थी अपने वाद की सुनवाई सक्षम अधिकारी से कर सके इसी क्रम में ऑडिटर लक्ष्मीकांत श्रीवास्तव ने सभा को संबोधित करते हुए अपनी मांग रखी और कहा की अपील अधिकारी स्तर पर बाद में फॉर्म 38 व फॉर्म सी जमा चालान तथा आईटीसी का सत्यापन कर निर्धारण अधिकारी द्वारा किया जाता है अपील अधिकारी द्वारा जांच में बहुत अधिक समय लगेगा क्योंकि अपीलिय अधिकारी द्वारा कर निर्धारण अधिकारी से ही जांच कराएगा जिससे अधिक समय लगेगा अपील अधिकारी के अधिकारी क्षेत्र जनपद गोंडा बहराइच बलरामपुर आता है इसलिए सत्यापन के अभाव में वाद का निस्तारण अपील अधिकारी स्तर पर होना संभव नहीं है।

ऐसी स्थिति में समस्त देवीपाटन मंडल के अधिवक्ता अमित गर्ग शैलेंद्र कश्यप दीपक श्रीवास्तव आनंद श्रीवास्तव एवं व्यापारी में रोष व्याप्त है जिससे मजबूर होकर आज हमारे संगठन के व समस्त अधिवक्ता मुख्यालय पर धरना देकर अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की और यह भी मांग पूरी न होने तक हड़ताल जारी रहेगा।

# जमीन हड़पने पर नायब तहसीलदार ने विपक्षियों पर दर्ज कराया मुकदमा

धानेपुर /गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।

सदर तहसील के धानेपुर टप्पा मे गलत वरासत दर्ज कराकर जमीन हड़पने के मामले मे नायब तहसील दार, पूर्व प्रधान सहित विपक्षियों पर मुकदमा दर्ज हुआ। मिली जानकारी के अनुसार त्रिभुवननगर ग्रंट निवासी राम पियारे ने एक शिकायती पत्र डी. आई. जी देवी पाटन मंडल गोण्डा को देकर अवगत कराया कि उनकी चाची चिरोना के कोई औलाद नहीं थी। विपक्षीगणो ने उनकी जमीन हड़पने के लिए अज्ञात महिला को उनकी लड़की जनक कुमारी दर्शा करउनकी जमीन को अपने नाम वसीयत करा लिया !ना यब तहसीलदार रत्नेश कुमार पूर्व प्रधान बाबादीन की मिली भगत से 25/5/2012को विपक्षीयो का नाम खेतौनी मे दर्ज हो गया। एसडीएम न्यायालय गोण्डा मे अपील किया गया 28/5/2023 को उक्त आदेश निरस्त हो गया। तब भी विपक्षीयो ने परेशान करना बंद नहीं किया। थाने पर शिकायत पर कोई सुनवाई नहीं होने पर पीड़ित ने डी आई जी से शिकायत किया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि उच्च अधिकारियो के आदेश पर थाना धाने पुर मे तत्कालीन नायब तहसीलदार, पूर्व प्रधान बाबादीन त्रिभुवननगर ग्रंट के राजकुमारी संवारे साँवल ननकू वेदी पुरवा रेहरा बलरामपुर के राजाराम आदि के प्रति धोखाघड़ी मे मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## हरिद्वार से 108 कुंडीय महायज्ञ के लिए आई यात्रा, जरवल रोड पहुंची कलश यात्रा का हुआ स्वागत



बहराइच समृद्धि न्यूज़। गायत्री महायज्ञ की दिव्य यात्रा शांतिकुंज हरिद्वार से मंगलवार को जरवल रोड में पहुंची। 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के लिए पूजित कलश के साथ दिव्य यात्रा का दोपहर 2 बजे बस स्टॉप तिराहा, जरवल रोड में स्वागत हुआ। इस पावन अवसर पर स्थानीय गायत्री परिवार ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। यात्रा का स्वागत वाराणसी जोन प्रभारी मान सिंह वर्मा एवं गायत्री परिवार ट्रस्ट जरवल रोड के प्रबंधक ओम प्रकाश अवस्थी के नेतृत्व में किया गया। यात्रा के पहुंचने पर पूजित शक्ति कलश की आरती गायत्री परिवार ट्रस्ट जरवल रोड के ट्रस्टी शिव प्रसाद सिंह, दशरथ लाल राव, लाडली प्रसाद वर्मा ओम प्रकाश ,प्रशांत अग्निहोत्री, ममता सिंह, किरन पांडे चंद्रावती विश्वकर्मा, ललिता विश्वकर्मा, गीता अवस्थी, और प्रवीण श्रीवास्तव प्रज्ञा श्रीवास्तव सहित अनेक श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा का पूजन अर्चन की। जयकारों से क्षेत्र गुंजायमान हो गया। इस आयोजन ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान की। कार्यक्रम को सफल बनाने में गायत्री परिवार के सभी सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा।आयोजन में बहराइच से आए गायत्री परिवार के वरिष्ठ सदस्य सूर्य प्रकाश त्रिपाठी, मनी राम वर्मा, सत्य नारायण सिंह, अवधेश सिंह, और हरिश्चंद्र जायसवाल भी शामिल हुए। महिला मंडल की संचालिका शशि सिंह, राधा पाठक, कादंबरी पटेल, माया यादव सहित राम अचल शर्मा, सालिक राम सोनी, कैलाश विश्वकर्मा और सैकड़ों गायत्री परिजन इस दिव्य यात्रा के साक्षी बने।

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की हुई समीक्षा

**पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कराने के दिये निर्देश**



गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद गोण्डा में कार्यरत समस्त वेण्डर्स को योजना का प्रचार-प्रसार के माध्यम से आवेदन का लक्ष्य 20000.00 के पूर्ति के निर्देश दिये गये है। वेण्डर्स को बिजली सबस्टेशन आंवटित कर लक्ष्य की पूर्ति किये जाने के निर्देश दिये गये है। पंजीकृत सूची को नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभाजित कर सूची को आवदेन के रूप में परिवर्तित किया जाये। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा विद्युत विभाग के उपखण्ड अधिकारी को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक मीटर रीडर को पी0एम0 सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार कराये जाने के निर्देश दिये गये है। जिससे सोलर रूफटाप के स्थापना का कार्य कराया जा सके।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये हैं कि इस योजना से लाभान्वित लाभार्थियो की वीडियो तैयार कर उसके लाभ के बारे में आम जनता को अवगत कराया जाये। साथ ही जनपद के सभी 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सभी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, कलक्ट्रेट, आयुक्त कार्यालय में रेस्को मोड में सोलर पावर प्लांट की स्थापना हेतु पीपीए किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, वरिष्ठ परियोजना अधिकारी-2 यूपीनेडा, उप खण्ड अधिकारी विद्युत गोण्डा, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद गोण्डा, अग्रणी उप जिला प्रबंधक गोण्डा एवं वेण्डर्स उपस्थित रहें।

# फार्मर रजिस्ट्री में जनपद के 20 अक्रियाशील केन्द्रों की यूसीएल आईडी होगी इनएक्टिव

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

वर्तमान में शासन द्वारा फार्मर रजिस्ट्री के कार्य को शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर किए जाने के लिए निरन्तर दिये गये है। फार्मर रजिस्ट्री के कार्य हेतु संस्था एवं कृषि विभाग के मध्य एग्रीमेन्ट हुआ था, जिसके अनुसार फार्मर रजिस्ट्री का कार्य सीएससी-ई-गवर्नेन्स लिमिटेड के माध्यम से संचालित जनसेवा केन्द्रों के माध्यम से ही हो सकते है।

फार्मर रजिस्ट्री के कार्य को मिशन मोड के रूप में किए जाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा निरन्तर संस्था के माध्यम से संचालित जनसेवा केन्द्रों को निर्देशित किया जा रहा है, परन्तु 06 जनवरी, 2025 की समीक्षा में यह तथ्य प्रकाश में आया कि निम्न विवरणानुसार(20) संचालित जनसेवा केन्द्रों द्वारा निरन्तर आधार की यू.सी.एल. सेवा का उपयोग किया जा रहा है, परन्तु अब भी इनके द्वारा फार्मर रजिस्ट्री के एक भी आवेदन अपने सी.एस.सी केन्द्रों के माध्यम से नहीं किए गए है। जो कि जिला प्रशासन के आदेशों की अवहेलना का घोतक है। उपरोक्त सूची में अंकित जनसेवा केन्द्रों की यू.सी.एल. आईडी को तत्काल इनएक्टिव करने के निर्देश जिला प्रबंधक को दिये गये है। यदि इन जनसेवा केन्द्रों द्वारा एक सप्ताह में न्यूनतम 100 फार्मर रजिस्ट्री की रिपोर्ट ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, गोण्डा के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करने पर इनकी यू.सी.एल. आईडी को पुनः एक्टिव करने पर विचार किया जायेगा।

# झुकिया मे ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता आयोजित

▸ जूनियर वर्ग वॉलीबॉल में खेसुआ की टीम, सीनियर वर्ग में जरवल देहात की टीम ने मारी बाजी



जरवल,बहराइच समृद्धि न्यूज!

युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग का आयोजन एकलव्य महाविद्यालय झुकिया में किया गया। जिसमे एथलेटिक्स कबड्डी वॉलीबॉल भारोत्तोलन जूडो एवं अनेक अन्य खेलों का आयोजन किया गया।

जिसमे जूनियर वर्ग में वॉलीबॉल में ग्राम पंचायत खेसुआ की टीम विजेता रही। वही सीनियर वर्ग में जरवल देहात की टीम ने बाजी मारी। कब्बड़ी सीनियर वर्ग में भारत पब्लिक स्कूल के बच्चों का दबदबा रहा। जूनियर एवं सीनियर वर्ग के दोनों वर्गों में विजेता रहे। 100 मीटर दौड़ जूनियर बालिका में प्रिंसी, वही बालको में अभिमन्यु ने बाजी मारी।मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी अमन कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप ब्लॉक प्रमुख ई विपेंद्र प्रताप सिंह एवं एकलव्य महाविद्यालय के प्रबंधक अखंड प्रताप शाही मौजूद रहे।

पुरस्कार वितरण महाविद्यालय के प्रबंधक अखंड प्रताप शाही एवं खेलो के संयोजक क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विकास वर्मा द्वारा किया गया।

# तेज हवाओं के चलते बढ़ी गलन न्यूनतम तापमान पहुंचा 10 डिग्री



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले में ठंड का प्रकोप लगातार जारी है बीते चार दिनों से चल रही शीतलहर व तेज हवाओं से जनजीवन प्रभावित हैं। हवाओं के चलते तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं। लोग बहुत जरूरी होने पर ही बाहर निकल रहें हैं। सड़कों पर आवागमन भी कम दिखाई पड़ रहा है ठंड को देखते हुए कई सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। तराई में स्थित जनपद में शीतलहरी से जनजीवित प्रभावित है मंगलवार को जिले में 10 किलोमीटर की रफ्तार से चल रही तेज हवाओं व शीतलहर से जनजीवन प्रभावित हैं। लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं। लगातार हो रही ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से एक से लेकर 8 तक के विद्यालयों को 14 जनवरी के लिए बंद कर दिया गया है। वहीं जगह-जगह पर अलाव जलवाने की व्यवस्था की गई है। तेज हवाओं के चलते मंगलवार को जिले का अधिकतम 17 डिग्री व न्यूनतम 10 डिग्री दर्ज किया गया है। जिला प्रशासन की ओर से कई स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है इसके अलावा निराश्रित व असहाय लोगों के लिए रैन बसेरे भी बनाए गए हैं।

# बहराइच पुलिस ने एक हजार से अधिक वाहनों का किया चालान



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

**एसपी के निर्देश पर चला अभियान**

सड़क सुरक्षा अभियान के तहत पुलिस ने शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाया। पुलिस ने एक हजार से अधिक वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की। आमजन की सुरक्षा के लिए पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह के निर्देशन में वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाया गया।अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने बताया कि शहर के विभिन्न थानों की पुलिस के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में वाहनों की जांच की गई। जिसमें बिना सीट बेल्ट, बिना हेलमेट के वाहन चलाने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इससे वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया। पुलिस को चौक चौराहों पर देखकर लोग गली और मोहल्ले से वाहन ले जाने को मजबूर हुए। शराब का सेवन कर वाहन चलाने वाले लोगों का भी चालान काटा गया।

**वाहनों पर हुई कार्रवाई एक नजर में**

| | |
|---|---|
| बिना सीट बेल्ट-410 | हाई सिक्योरिटी-167 |
| बिना हेलमेट -1646 | हाई सिक्योरिटी-167 |
| तीन सवारी-974 | प्रेसर हॉर्न- 55 |
| बिना नंबर प्लेट-216 | मोडिफाइड साइलेंसर-23 |
| | शराब पीकर वाहन-384 |

विशेश्वरगंज पुलिस ने किया वाहन चेकिंग,काटे चालान पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह के वाहन चेकिंग अभियान के निर्देशानुसार विशेश्वरगंज पुलिस ने गहन वाहन चेकिंग अभियान चला रही है।थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह के अध्यक्षता में कई पुलिस टीम द्वारा मंगलवार को थाने के सामने व बस स्टॉप विशेश्वरगंज गोंडा बहराइच हाईवे, मनीटॉड तिराहा,पुरैना चौराहा पर सघन चेकिंग की गई। चेकिंग टीम में उपनिरीक्षक दीपक सिंह,राकेश पांडेय ,तनवीर अहमद,सहित पुलिस कर्मी मौजूद रहे। चेकिंग में बिना हेलमेट,बिना कागज,के करीब दर्जनों दुपहिया व चौपहिया वाहनों का चालान किया गया।

# जमीनी विवाद को लेकर मारपीट ग्रामीणों ने दोनों बच्चों को कराया शांत



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के बौंडी इलाके में स्थित एक ग्राम में दो पक्षों में चल रहे जमीनी विवाद को लेकर एक पक्ष के लोगों ने लाठी डंडों व धारदार हथियार के साथ दूसरे पक्ष पर हमला बोल दिया। इस दौरान काफी देर तक हंगामा होता रहा। शोर शराबा सुन मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने दोनों पक्षों को शांत कराया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी हुई है। जिले के बौंडी इलाके में स्थित गोसाइन पुरवा विलासपुर के रहने वाले सुबराती का कुछ लोगों से जमीनी विवाद चल रहा है। इसको लेकर दूसरे पक्ष के लोगों ने धारदार हथियार व लाठी डंडों से जमीन कब्जा करने को लेकर उनके घर पर हमला बोल दिया।शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए काफी देर तक मौके पर हंगामा होता रहा ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। लेकिन पुलिस के पहुंचने के पहले ही हमला करने आए लोग मौके से चले गए। थाना प्रभारी बौंडी ने बताया कि आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट की सूचना मिली थी। पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# भाजपा कार्यालय पर हुई कार्यशाला, कार्यक्रम को लेकर हुआ मंथन

**आज और कल सभी मंडलो पर आयोजित किया जायेगा कार्यशाला: बृजेश पांडे**



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर संविधान गौरव अभियान पर भारत के संविधान को निर्मित हुए 75 वर्ष हो रहे हैं। इस अवसर पर संविधान के महत्वपूर्ण गौरव अभियान को एक उत्सव के रूप में भारतीय जनता पार्टी द्वारा मनाया जाना है। जिसके निमित्त एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी शिव भूषण सिंह उपस्थित रहे ।जिलाध्यक्ष द्वारा स्वागत उदबोधन के बाद मुख्य अतिथि ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य भारत के संविधान में निहित मूल्यों को जन-जन तक ले जाना है। संविधान महोत्सव के इस अभियान के द्वारा भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर को याद करके उनको श्रद्धा सुमन अर्पित करना है। जिलाध्यक्ष ने अपने उदबोद्धन में कहा कि संवैधानिक मूल्यो भाजपा की उपलब्धियों और बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की विरासत का सम्मान करने के प्रतिबद्धता को बढ़ावा देने के लिए अनुसूचित जाति जनजाति के प्रबुद्धजन के साथ संवाद हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान को लेकर करना है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि यह कार्यशाला सभी मंडलो में 8 व 9 जनवरी को आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर तिवारी, रणविजय सिंह जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, डॉ जितेंद्र, धीरेंद्र मोहन आर्य, नन्हेंलाल लोधी, जिला मंत्री सुनील श्रीवास्तव, डॉ डिंपल जैन, हेमा निगम, संजय राव, रामनिवास जायसवाल जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र कुमार मिश्रा नगर मंडल अध्यक्ष प्रथम अमित शर्मा नगर मंडल अध्यक्ष द्वितीय सतीश सिंह महिला मोर्चा संयोजक रंजीता श्रीवास्तव, उर्मिला शुक्ला, राजन सिंह,राम कृपाल मिश्र नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष जिला प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष व जिला प्रतिनिधियों को अंग वस्त्र व माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि व जिलाध्यक्ष के द्वारा स्वागत किया गया। बैठक का संचालन कार्यक्रम संयोजक जिला महामंत्री नन्हेलाल लोधी ने किया।

# पुनरीक्षण अभियान में 30587 मतदाताओं की हुई बढ़ोत्तरी

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत 28 अक्टूबर 2024 को निर्वाचक नामावलियों के आलेख्य का प्रकाशन तथा 07 जनवरी 2025 को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया गया है। यह जानकारी देते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि 28 अक्टूबर 2024 को आलेख्य प्रकाशन के समय जिले के कुल मतदाताओं की संख्या 2591430 थी जिसमें पुरुष मतदाता 1369351, महिला मतदाता 1222018 तथा तृतीय श्रेणी के मतदाता 61 थे। श्री रंजन ने बताया कि पुनरीक्षण अभियान के पश्चात अन्तिम प्रकाशित मतदाता सूची में कुल मतदाताओं की संख्या बढ़कर 2622017 हो गई है। अन्तिम प्रकाशित मतदाता सूची में पुरुष मतदाता 1382980, महिला मतदाता 1238983 तथा तृतीय श्रेणी के मतदाताओं की संख्या 54 है। इस प्रकार जनपद में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान कुल 30587 मतदाताओं की वृद्धि हुई।

# गंगवल बाजार में नदारद रहते हैं सरकारी सफाईकर्मी, लगा कूड़े का अंबार

▸ बेलगाम सफाई कर्मी पर कोई असर नहीं पड़ रहा है



विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज।

विकास खंड क्षेत्र अंतर्गत गंगवल बाजार में नियुक्त सरकारी सफाई कर्मचारी नदारद रहते है। ग्रामीणों के अनुसार दो सफाई कर्मी नियुक्ति है इसके बावजूद रास्तों पर कूड़ा इकट्ठा होने से पानी निकास बंद हो गया। नतीजन रस्ते पर गंदा पानी भरा रहता है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत संबंधित से की है लेकिन बेलगाम सफाई कर्मी पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य व सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद सोनी,बबलू पांडेय ,निरंजन कुमार ,ओमकार,बड़ा बाबू आदि लोगों ने सफाई न होने की शिकायत की है।

# दो बिस्वा की जगह सात बिस्वा जमीन का करवाया बैनामा

▸ रूपये न मिलने पर युवक ने फंदा लगाकर दी जान

▸ युवक की मां ने बेटी के विवाह के लिए बेची थी जमीन

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

जनपद के सराय कनहर गांव निवासी एक युवक ने धोखाधड़ी से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।कैसरगंज थाना अंतर्गत सराय कनहर गांव निवासी कौशल मिश्रा (25) पुत्र कैलाश नाथ मिश्रा ने सोमवार की सुबह घर में ही फंदा लगाकर जान दे दी। मृतक के भाई मुरली मिश्रा ने बताया कि उसकी बहन की शादी फरवरी माह में है। शादी के लिए मां ने लखनऊ मार्ग स्थित सात बिस्वा जमीन में से दो बिस्वा जमीन बेचने की बात कही।

इसके लिए जमीन दो बिस्वा बेच दी, लेकिन रजिस्ट्रार ऑफिस में दो बिस्वा की जगह सात बिस्वा जमीन धोखे से दो माह पूर्व बैनामा करवा लिया गया। इसके बाद सिर्फ एक बिस्वा जमीन की कीमत डेढ़ लाख रूपये दिया गया। सोमवार सुबह भाई कौशल मिश्रा रूपये लेने गए तो कुछ सफलता नहीं मिली। इससे क्षुब्ध युवक ने घर के अहाते में फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र मिश्रा ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

**इस तरह किया खेल**

**कैसरगंज थाना क्षेत्र के सराय कनहर गांव निवासी मुरली मिश्रा ने बताया कि गांव निवासी अनिल और जगमोहन ने उसकी मां से स्टाम्प पेपर पर दो बिस्वा की जगह सात बिस्वा की जमीन पर हस्ताक्षर करवा लिया। इतना ही नहीं बाद में सभी जमीन का बैनामा भी करवा लिया। जानकारी होने पर रूपये भी सात बिस्वा का नहीं दे रहे हैं। जमीन डामर सड़क से जुड़ा होने के कारण काफी कीमती है।**


**कार्यालय ग्राम पंचायत नटर्रा वि.ख. पनवाड़ी, महोबा**

**निविदा सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

वर्ष 2024-25 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु पंजीकृत सप्लयारों से दिनांक 08.01.2025 से 15.01.2025 तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/ प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदाएं खोली जाएंगी।

**निविदा 50 रूपये**

| क्र. सं. | योजना | कार्य का विवरण | सामग्री आपूर्ति | कार्य की लागत | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | सी.सी. रोड निर्माण- थानसिंह के मकान से शंकर राजपूत के मकान तक | सीमेन्ट, बालू, ईंटा, गिट्टी, मौरंम आदि | 3.97 लाख | 71x4.50 मी. | 6 माह |

**नियम व शर्ते**-1. सामग्री आपूर्ति हेतु टेंडर स्वीकृत किये जाएंगे।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 10 रू. के स्टाम्प पेपर/रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदा स्वीकृत,अवस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

**सचिव** **ग्राम प्रधान**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सिलालपुरा वि.ख. पनवाड़ी, महोबा**

**निविदा सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

वर्ष 2024-25 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु पंजीकृत सप्लयारों से दिनांक 08.01.2025 से 15.01.2025 तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/ प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदाएं खोली जाएंगी।

**निविदा 50 रूपये**

| क्र. सं. | योजना | कार्य का विवरण | सामग्री आपूर्ति | कार्य की लागत | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | मोक्षधाम निर्माण कार्य | सीमेन्ट,सरिया,ईंटा, गिट्टी, बालू आदि | 6.97 लाख | - | 6 माह |

**नियम व शर्ते**-1. सामग्री आपूर्ति हेतु टेंडर स्वीकृत किये जाएंगे।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 10 रू. के स्टाम्प पेपर/रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदा स्वीकृत,अवस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

**सचिव** **ग्राम प्रधान**

**कार्यालय ग्राम पंचायत दादरी वि.ख. पनवाड़ी, महोबा**

**निविदा सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

वर्ष 2024-25 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु पंजीकृत सप्लयारों से दिनांक 08.01.2025 से 15.01.2025 तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/ प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदाएं खोली जाएंगी।

**निविदा 50 रूपये**

| क्र. सं. | योजना | कार्य का विवरण | सामग्री आपूर्ति | कार्य की लागत | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | ग्राम समाज कि भूमि पर हार बाजार निर्माण कार्य | सीमेन्ट,ईंटा,बालू, गिट्टी, चद्दर पाइप | 6.98 लाख | 15x6.50 मी. | 6 माह |

**नियम व शर्ते**-1. सामग्री आपूर्ति हेतु टेंडर स्वीकृत किये जाएंगे।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 10 रू. के स्टाम्प पेपर/रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदा स्वीकृत,अवस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

**सचिव** **ग्राम प्रधान**

## मुंशीगंज के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

# हमें अपने पूर्वजों द्वारा दिये गये बलिदान का सम्मान करना चाहिए: मंत्री

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात उप्र सरकार दिनेश प्रताप सिंह ने मुंशीगंज स्थल शहीद स्मारक में आयोजित शहीद श्रद्धांजलि समारोह के अवसर शहीदों के प्रति शहीद स्तम्भ पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम 7 जनवरी 1921 को हुए किसान आन्दोलन के शहीदों की याद में आयोजित किया जाता है।

मंत्री ने कहा कि सई नदी के पुनीत तट पर अंग्रेजों की नीतियों के खिलाफ किसानों ने एक बड़ा आन्दोलन किया जिसमें कई किसान शहीद हुए। उन्होंने कहा कि यह आजादी हमारे पूर्वजों के अथक संघर्षो के बाद मिली है। हम सभी को इसका महत्व समझना चाहिए। उन्होंने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि हमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को पूर्ण निष्ठा के साथ पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजादी की कीमत हम सबको समझनी चाहिए। हमें अपने पूर्वजों द्वारा दिये गये बलिदान का सम्मान करना चाहिए।

मंत्री ने कहा कि किसानों ने अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ लड़ाई लड़ी और अपने प्राणों का बलिदान किया, पीढ़ियों तक हमें उनका बलिदान प्रेरणा देता रहेगा, यह बलिदान साधारण बलिदान नहीं इसको हमे भुलना नही चाहिए। हमे आपनी आने वाली पीढ़ियों को भी बताना होगा जिससे वह भी प्रेरणा ले और शहीदों को नमन कर अपनी अपनी आने वाली पीढ़ियों को भी अवगत करायें। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व शहीदों के परिवारिकजनों को माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉल भी लगाए गए, जिसका प्रतिभागियों द्वारा अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी ली गई।

### टैंकर ने कार में मारी टक्कर, महिला घायल

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** अनियंत्रित टैंकर की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त होने के साथ-साथ कार में सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना मंगलवार 11:00 बजे के आसपास की है। जब रायबरेली की तरफ से आ रहा तेज रफ्तार टैंकर जिसने लखनऊ की तरफ से जा रही एक कार को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर में जहां कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त में हुआ तो वही कार में बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। कार में अन्य बच्चों सहित कुल पांच लोग सवार थे। सभी लोग बाल बाल बच गए। घायल हुई महिला को राहगीरों ने अस्पताल पहुंचाया है। जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। महिला की हालत को नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं टक्कर मारने वाला टैंकर भी मौके से फरार हो गया। कार में सवार अफजाल अहमद अपनी पत्नी रूही, पुत्र अली अहमद, पुत्री दीदार व अल्फिया निवासी गोमती नगर लखनऊ जो अपने परिवार के साथ प्रतापगढ़ किसी कार्य से जा रहे थे। बछरावां कस्बे पहुंचते ही महाराजगंज तिराहे पर सामने से आ रहे टैंकर के द्वारा उनकी कार दुर्घटना का शिकार हो गई। इस बाबत थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# चंद रुपयों के लिए दोस्तों ने कर दी दोस्त की हत्या

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



चार दोस्तों ने ही अपने दोस्त की चंद पैसों के लिए उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को झाड़ियों में फेक कर आराम से घर लौट आये। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी तो आरोपी अवधेश को उठाते ही दिल दहलाने वाला मामला सामने आया। अवधेश से पूछताछ के बाद पुलिस ने घटना में शामिल तीन अन्य आरोपियों को भी उठा लिया।

**मन्ना कबाड़ी का अपहरण कर उससे पैसे वसूलने का बनाया था प्लान:** आरोपियों से पूछताछ के बाद सामने आया कि सदर कोतवाली इलाके के इंदिरा नगर में कबाड़ी की दुकान चलाने वाला मन्ना कबाड़ी को दुकान खाली करने का कुछ दिन पहले पैसा मिला था। चारों आरोपी मन्ना कबाड़ी के दोस्त थे और साथ उठते बैठते थे। उठने बैठने के दौरान ही उन्हें मालूम हुआ कि मन्ना कबाड़ी के पास लगभग चार लाख रुपये हैं। इन्ही पैसों के लालच में चारों आरोपी एक राय हुए और मन्ना कबाड़ी का अपहरण कर उससे पैसे वसूलने का प्लान बनाया। प्लान के तहत चारों ने मन्ना कबाड़ी को तांबे का सैम्पल दिखाते हुए बताया कि इस तरह का कई कुंटल माल लखनऊ में है, लेना हो तो चलो। मन्ना कबाड़ी उन लोगों के साथ कार पर सवार होकर लखनऊ के लिए निकल गया।

**दोस्तों ने कनपटी पर तमंचा रखकर घर से मंगवाए थे पैसा:** लखनऊ पहुँच कर चारों ने मन्ना कबाड़ी की कनपटी पर तमंचा रखकर घर से पैसा मंगवाने को कहा। मन्ना कबाड़ी ने घर पर पत्नी को फोन करके पैसे मंगवाए। घर पर उस समय पचास हज़ार मौजूद थे जिसे देकर पत्नी ने एक लड़के को पीजीआई गेट के पास भेज दिया। यहां पैसा पाते ही अपहरकर्ताओं ने उसकी हत्या का प्लान बनाय और इंटौंजा थाना इलाके में ले जाकर गला घोंट दिया। आरोपियों ने पचास हज़ार के अलावा तेइस हज़ार रुपये ऑनलाइन भी ट्रांसफर करा लिया। पैसा हासिल करने के बाद चारों आरोपी आराम से रायबरेली वापस लौटे और सामान्य तरीके से घूम फिर रहे थे। पुलिस को मामले की सूचना मिलते ही चारों आरोपी धार दबोचे गये। पुलिस ने इनके कब्ज़े से तमंचा और लगभग 47 हज़ार रूपये नगद बरामद कर लिया।

## खबरें एक नजर में

### नेत्र परीक्षण एवं ऑपरेशन शिविर का हुआ आयोजन



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन हुआ। मंगलवार को नेवजी बाबा मंदिर मखदूमपुर रायबरेली में किया गया जिसमें कुल 74 मरीजों की आंखों की जांच पड़ताल की गई आयोजनकर्ता पूर्व प्रधान प्रतिनिधि विजय सिंह व क्षेत्र पंचायत सदस्य मखदूमपुर सत्येंद्र सिंह ने बताया कि 74 मरीजों की आंखों की जांच अनुभवी डॉक्टरों द्वारा की गई है।

### महाकुंभ की तैयारियां जोरों पर, फिर गरजा बुलडोजर



**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक नगरी प्रयागराज में महाकुंभ के मेले को लेकर उच्चअधिकारियों के निर्देश पर स्थानीय पुलिस प्रशासन व नगर पंचायत के संयुक्त तत्वाधान में पुलिस अधीक्षक रायबरेली डॉक्टर यशवीर सिंह के निर्देशानुसार एवं कस्बा इंचार्ज सुनील कुमार व राजन तिवारी के नेतृत्व में कस्बे के लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग व शिवगढ़ रोड पर जबरदस्त अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान किनारे लगी फलो की दुकानों, पटरी दुकानदारों एवं अन्य होटल संचालकों को नगर पंचायत द्वारा सूचना देते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा हटवाया गया और सभी को साफ सफाई की व्यवस्था को सुचारु रुप से नियमित रखने के लिए निर्देशित भी किया गया। अतिक्रमण हटाओ अभियान के इस कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज मिश्रा अपने संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर मौजूद रहे साथ ही साथ किसी भी दुकानदार को किसी भी प्रकार की दिक्कत न होने पाए इसका उनके संगठन के द्वारा विशेष ध्यान रखा गया। आवश्यकता अनुसार उनके संगठन के समस्त पदाधिकारी दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के लिए जागरूक भी करते नजर आए।

### अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया



**डलमऊ, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** आगामी कुंभ मेला के दृष्टिगत कुंभ मेला स्नान के लिए जाने वाले स्नानार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए नगर पंचायत डलमऊ द्वारा मंगलवार को डलमऊ कस्बे में अतिक्रमण हटाओ अभियान अभियान चलाया गया प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ के दृष्टिगत शासन के दिशा निर्देश अनुसार डलमऊ कस्बे के मुराई बाग चौराहे से लालगंज रोड प्रयागराज रोड रायबरेली रोड सहित अन्य मार्गों पर लोगों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन द्वारा बुलडोजर चला कर अतिक्रमण हटाया गया नगर पंचायत प्रशासन डलमऊ द्वारा 2 दिन पूर्व ही लोगों द्वारा नाला नाली इंटरलॉकिंग रोड पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की चेतावनी दी गई थी मंगलवार को नगर पंचायत प्रशासन डलमऊ के अधिकारी एवं कर्मचारी बुलडोजर लेकर मुराई बाग क्षेत्र पर पहुंचे जहां पर लोगों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया एवं लोगों को आगे से अतिक्रमण न करने की चेतावनी भी दी गई अधिशासी अधिकारी आरती श्रीवास्तव ने कहा कि यदि आप द्वारा पुन: नाला नाली इंटरलॉकिंग पर अवैध अतिक्रमण किया गया तो उसके विरुद्ध नगर पालिका अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी इसके जिम्मेदार आप स्वयं होंगे।

### केंद्रीय राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह को नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप गुप्ता ने सौंपा ज्ञापन



**उतरौला(बलरामपुर)।** उतरौला नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि व यूपी भाजपा प्रदेश परिषद सदस्य अनूप गुप्ता ने गोंडा सांसद एवं केन्द्रीय वन और पर्यावरण राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह (राजा भैया) से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका क्षेत्र के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण से संबंधित मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नगर पालिका क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्रों की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा गया कि यह बच्चों के पोषण, शिक्षा और देखभाल में सुधार के लिए आवश्यक है। केन्द्रीय मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने ज्ञापन पर सहमति जताते हुए समाधान का पूर्ण आश्वासन दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश जायसवाल, पूर्व नगर अध्यक्ष सीवी माथुर, लक्ष्मी रतन गुप्ता, युवा नेता सनी गुप्ता, सभासद संतोष कसौधन, नीरज कसौधन, विष्णु गुप्ता, राजकुमार, आयुष जायसवाल सहित कई अन्य नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह मुलाकात स्थानीय विकास कार्यों को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। नगर पालिका क्षेत्र के निवासियों को उम्मीद है कि आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण से बच्चों और महिलाओं के कल्याण के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध होंगे।

## 11 वर्षों से नहीं किया अन्न का सेवन, अपनी जन्मस्थली आकार किया विशाल भंडारा

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



पिछले 11 वर्षों से नहीं किया है अन्न का सेवन 16 वर्ष बाद लौटे हैं अपनी जन्मस्थली और किया विशाल भंडारा। क्षेत्र के दुसौती ग्राम पंचायत के मखदूमपुर गांव में जन्मे कालिका प्रसाद यादव 1889 में संन्यास की दुनिया में कदम रखा विगत 11 वर्षों से अन्न का सेवन नहीं किया है जल और अन्य चीजों के सहारे जीवन चला रहे हैं वही 16 वर्षों से अनेक जगहों पर भंडारे कराए। उन्होंने बताया कि 18 जगह पर भंडारा कराया है अब अपनी जन्मस्थली मखदूमपुर दुसौती वापस आकर यहां रामचरितमानस के पाठ और भंडारे का आयोजन किया गया ।ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह ने बताया कि 16 वर्षों बाद अपनी जन्मस्थली लौटे महाराज जी द्वारा श्री रामचरितमानस के पाठ और भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें हजारों लोगों ने पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

## कांग्रेसियों द्वारा किया गया कंबल वितरण

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली में करने की ठंड को देखते हुए सांसद राहुल गांधी द्वारा कारखानती हुई ठंड को देखते हुए चंबल भेजे गए हैं जिन्हें कांग्रेसियों द्वारा बनता जा रहा है। इसी मुहिम में महराजगंज विकासखंड क्षेत्र के असनी गांव में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चौधरी के नेतृत्व में कंबलों का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव जम्मू कश्मीर प्रभारी मनोज यादव रहे 367 लाभार्थियों को कंबल वितरित किया गया । इस मौके पर उत्तर प्रदेश युवक कांग्रेस सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक प्रिन्सू वैश्य सहित ग्रामीण मौजूद रहे ।

## लोग सर्दी से बचने के लिए अलाव का ले रहें सहारा

**सूची सलोन, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



इस समय पड रही कड़ाके की ठंड से जहां आम जन जीवन अस्त-व्यस्त है।तो वहीं हाड़ कपा देने वाली ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। क्योंकि मौसम के तीखे तेवर से जिंदगी की रफ्तार बेपटरी होती जा रही है। कोहरे के कारण सड़कों पर लोगों का आवागमन कम दिखाई पड़ रहा है।सलोंन विकासखंड के सूची चौराहे पर अत्यधिक ठंड से बिलखते लोगों के लिए अलाव की व्यवस्था ही एकमात्र सहारा है। जिससे आने जाने वाले राहगीरों स्थानीय व्यापारी व गस्त करने वाले पुलिस कर्मियों को निजात मिल रही है। इस कपकपाती ठंड में अलाव ही लोगों के लिए सहारा बना हुआ है। क्योंकि मौसम के बदलते तेवरों के बीच जबरदस्त ठंड पूरे रुवाब हैं।जिससे इंसान से लेकर पशु पक्षियों पर इसका असर दिखाई पड़ रहा है। इन दोनों बढ़ती ठंड के कारण जरूरी काम होने पर ही लोग घर से निकल रहे हैं।इसलिए सड़कों पर सन्नाटा पसरा दिखाई देता है। धूप न निकलने व बर्फीली हवाओं से बुजुर्ग और बच्चे रजाई में दुबकने को मजबूर हैं।

## समाज सेवा ही सबसे बड़ी सेवा, करके देखो अच्छा लगता है: ब्रजेंद्र कुमार

**मरीजों को शाल फल बिस्किट बांटकर मनाई माता की पुण्यतिथि**

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



समाज सेवा ही सबसे बड़ी सेवा होती है अपने सेवा कार्यो से निर्धन के चेहरे पर मुस्कान लाना जरूरतमंदों एवं असाहयों की मदद करना ही सबसे बड़ी समाज सेवा होती है इन्हीं भावों एवं अपनी माताजी की प्रेरणा से प्रेरित होकर पत्रकार ब्रजेंद्र कुमार ने कड़ाके की पड़ रही इस ठंड में गरीबों व मरीजों की सेवा करने के भाव से अपनी स्वर्गीय माता संपत्ति देवी पत्नी स्वर्गीय हरिशंकर की 17वीं पूण्य तिथि के अवसर पर पारिवारिक जनों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंचकर वहां पर भर्ती मरीजों एवं मौजूद गरीबों में शॉल फल बिस्किट मीठा आदि का वितरण किया पत्रकार के बड़े भाई सुशील कुमार ने बताया कि वह माता जी की प्रेरणा एवं पारिवारिक जनों के सहयोग से यह कार्य पिछले कई वर्षो से करते आ रहे हैं उन्होंने कहा कि समाज सेवा एक पुण्य कार्य है अवसर बनाकर ऐसे कार्य सभी को करना चाहिए बड़े भाई सुधीर जयसवाल ने कहा कि हम सभी पारिवारिक जन अपनी स्वर्गीय माताजी की पुण्यतिथि पर गरीबों व मरीजों की सेवा करने का छोटा सा प्रयास करते हैं ऐसा कर हम पारिवारिक जनों को परम सुख की प्राप्ति होती है इस मौके पर सुशील कुमार संगीता जायसवाल सुधीर कुमार बृजेंद्र कुमार हेमा जायसवाल दीपक कुमार रेखा गुप्ता सीता जायसवाल उमाशंकर जायसवाल सुधांशु त्रिपाठी सुनील कुमार पिंटू सोनकर एवं अस्पताल स्टाफ मौजूद रहा।

**मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का प्रथम चरण**

## पांच लाख तक की परियोजना के लिए प्रदान किया जाएगा 100 प्रतिशत ब्याजमुक्त ऋण: जिलाधिकारी

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



युवाओं को उद्यमिता से जोड़ते हुए जनपद में उद्यम को बढ़ावा दिए जाने हेतु डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ। इस दौरान कार्यशाला में उपस्थित युवा उद्यमियों से डीएम द्वारा संवाद किया गया एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।

उन्होंने बताया कि युवाओं की कौशल क्षमता को गति देने एवं कौशल प्रशिक्षण प्राप्त 21 से 40 वर्ष के युवाओं को उत्पादन/सेवा संबंधी उद्यम स्थापित कराकर स्वरोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना संचालित की जा रही है। योजना के दो चरण है, प्रथम चरण में 05 लाख तक की परियोजना हेतु युवाओं को 4 वर्षों तक 100 प्रतिशत ब्याज मुक्त कॉलेटरल गारंटी मुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा। प्रथम चरण में लिए गए मूलधन की पूर्ण वापसी करने वाले उद्यमी द्वितीय चरण के लिए पात्र होंगे। जिसमें 7.5 लाख के ऋण पर 50 प्रतिशत ब्याज अनुदान 3 वर्षों तक दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवा उद्यमी स्वरोजगार से जुड़ना चाहते है ,उन्हें ऋण प्रदान किए जाने के साथ ही साथ अन्य विभागों के कन्वर्जन के माध्यम से भी हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान उपायुक्त उद्योग राजेश कुमार पांडे, सहायक प्रबंधक उद्योग व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## जनता दर्शन में आए दिव्यांगजन को डीएम ने दिलवाई ट्राईसाइकिल

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



बताते चले कि शासन की मंशानुरूप डीएम पवन अग्रवाल द्वारा प्रतिदिन प्रातः 10 से 12 किए जा रहे जनता दर्शन के दौरान फरियादियों/शिकायतकर्ताओं की शिकायतों एवं समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाना सुनिश्चित किया जाता है। इसी क्रम में आज डीएम के जनता दर्शन के दौरान दिव्यांग इसरार अली पुत्र गरीब निवासी ईटईमैदा विकास खंड श्रीदत्तगंज द्वारा ट्राईसाईकिल हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया। जिस पर डीएम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दिव्यांग जनशक्तिकरण अधिकारी को कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना के तहत ट्राई साइकिल उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया गया। जिस पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी द्वारा सभी पात्रता का जांच करते हुए 1 घंटे के भीतर कलेक्ट्रेट में दिव्यांगजन को ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गई, ट्राईसाईकिल प्रकार दिव्यांगजन के चेहरे पर खुशी देखने को मिली।

### 813वें उर्स पर ख्वाजा गरीब नवाज की याद में सजाई गई महफिलें



**उतरौला (बलरामपुर)।** सूफी संत ख्वाजा गरीब नवाज हज़रत सय्यद मोईनुद्दीन हसन संजरी चिश्ती के 813वें उर्स के मौके पर बलरामपुर, उतरौला और आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में उनके नाम की महफिलों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मस्जिदों, मदरसों और घरों में तकरीरी प्रोग्राम हुए, जिसमें ख्वाजा साहब के जीवन और उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डाला गया। उर्स के मौके पर विभिन्न स्थानों पर फातिहा ख्वानी के साथ ज़िक्र-ए-ख्वाजा गरीब नवाज हुआ। इस दौरान देश में खुशहाली, तरक्की और अमन की दुआएं मांगी गईं। फातिहा के बाद लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की। उतरौला के राजा बाजार में फरहत रज़ा, सुल्तान खान, आसिफ और राजा ने स्थानीय लोगों के सहयोग से ख्वाजा के लंगर का इंतजाम किया। लंगर में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम के दौरान उलेमाओं ने ख्वाजा गरीब नवाज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे इस्लाम धर्म के महान सूफी संत थे, जिन्होंने गरीबों और वंचितों की सेवा में अपना जीवन समर्पित किया। वे न केवल सूफी संत थे, बल्कि एक इस्लामिक विद्वान और दार्शनिक भी थे। ख्वाजा साहब का उर्स अमन, भाईचारे और सर्वधर्म सद्भाव का संदेश देता है। उलेमाओं ने कहा कि अजमेर स्थित ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह सभी धर्मों के लोगों के लिए आस्था का केंद्र है। इसे सर्वधर्म सद्भाव की अद्भुत मिसाल माना जाता है, जहां हर धर्म के लोग उनकी शिक्षाओं से प्रेरित होकर उन्हें याद करते हैं।

## पठान नाइट राइडर्स, मधवाजोत बना चैंपियन

**सम्राट कप लीग क्रिकेट टूर्नामेंट**

**उतरौला (बलरामपुर)।** श्रीदत्तगंज बाजार स्थित कांदभारी के कर्बला स्टेडियम में आयोजित 8 दिवसीय सम्राट कप लीग क्रिकेट टूर्नामेंट 2024-25 का रविवार को भव्य समापन हुआ। इस टूर्नामेंट में पठान नाइट राइडर्स मधवाजोत की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया।

चैंपियन टीम के कप्तान निसार खान को सम्राट कप के अध्यक्ष अशोक वर्मा व उनकी समिति द्वारा 30,000 रुपये और ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं, उपविजेता खरदौरी 11 की टीम को प्रधान कुलदीप प्रजापति व आयोजकों ने 15,000 रुपये और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। सेमीफाइनल मुकाबला पठान नाइट राइडर्स मधवाजोत और हरशद 11 पचपेड़वा के बीच खेला गया। टॉस जीतकर मधवाजोत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 149 रन बनाए। हरशद 11 की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 100 रन पर सिमट गई, जिससे मधवाजोत ने फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच पठान नाइट राइडर्स मधवाजोत और खरदौरी 11 के बीच खेला गया। टॉस जीतकर मधवाजोत की टीम ने पहले बल्लेबाजी की और 12 ओवर में 155 रन का विशाल लक्ष्य रखा। मधवाजोत की ओर से जावेद खान ने बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए खरदौरी 11 की टीम 113 रन ही बना सकी और 9 ओवर में ऑलआउट हो गई। फाइनल में मधवाजोत के नितिन फैजाबादी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 18 रन बनाए और 5 विकेट झटके, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। वहीं, अनुराग सिंह ने टूर्नामेंट में 3 मैचों में 120 रन और 7 विकेट लेकर मैन ऑफ द सीरीज का खिताब जीता। मैच का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य भरतलाल चौधरी, अपना दल की जिलाध्यक्ष सीमा वर्मा और चंदन मिश्र ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। समापन समारोह में राम प्रताप, राम विलास वर्मा, दीपक सिंह, सचिन वर्मा, अशोक वर्मा, अल्ताफ काजी, शहजाद, नसरुद्दीन समेत सैकड़ों दर्शक मौजूद रहे।

## पछुआ हवाओं के साथ बड़ी गलन, ठंड से जीवन अस्त-व्यस्त

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



शीतलहर का प्रकोप अब पूरे क्षेत्र में महसूस होने लगा है। पछुआ हवाओं के तेज झोंकों और तापमान में लगातार गिरावट के कारण उतरौला और आसपास के इलाकों में गलन भरी ठंड का असर साफ दिखाई दे रहा है। इस भीषण ठंड ने लोगों के दैनिक जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है, और उनकी दिनचर्या पर विपरीत प्रभाव डाला है।

पछुआ हवाएं लगातार चल रही हैं, जिससे ठंड का प्रभाव और बढ़ गया है। खासकर सुबह और रात के समय घना कोहरा छाया रहता है, जिससे सड़क पर चलने वालों को दृश्यता में भारी कठिनाई हो रही है। सूरज के दर्शन दिनभर में बहुत कम हो गए हैं और दिन का तापमान भी अत्यधिक गिर चुका है। तापमान में गिरावट के कारण लोग घरों में कैद हो गए हैं, और बाहर निकलने से बच रहे हैं। ठंड के कारण बाजारों में रौनक कम हो गई है, क्योंकि लोग ठंड से बचने के लिए घरों में रहना पसंद कर रहे हैं। खासकर दैनिक मजदूरों और रेहड़ी-पटरी वालों के लिए यह ठंड बड़ी चुनौती बन गई है। उनकी रोजमर्रा की आमदनी में कमी आई है, क्योंकि ठंड के कारण बाहर निकलना और काम करना मुश्किल हो गया है। स्कूल जाने वाले बच्चे और बुजुर्ग विशेष रूप से प्रभावित हो रहे हैं, क्योंकि उन्हें कड़ी ठंड में बाहर जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। स्वास्थ्य विभाग ने ठंड से होने वाली बीमारियों जैसे सर्दी, जुकाम, बुखार और सांस से संबंधित समस्याओं को लेकर अलर्ट जारी किया है। अस्पतालों में इन बीमारियों के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। ठंड के कारण सड़कों पर आवाजाही भी कम हो गई है, जिससे शहर और गांवों में जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ठंड से राहत दिलाने के लिए प्रशासन ने कई प्रयास शुरू किए हैं। सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। नगर पालिका द्वारा प्रमुख चौराहों और बाजारों में अलाव जलाए गए हैं, ताकि लोग कुछ राहत महसूस कर सकें। इसके अलावा, जरूरतमंद लोगों को कंबल और गर्म कपड़े वितरित किए जा रहे हैं। हालांकि, ग्रामीण क्षेत्रों में अलाव की कमी और राहत सामग्री की आपूर्ति को लेकर शिकायतें सामने आई हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से ठंड से बचाव के लिए बेहतर और अधिक सुविधाओं की मांग की है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों से अपील की है कि वे ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े पहनें और शरीर को गर्म रखें। प्रशासन द्वारा किए गए प्रयास सराहनीय हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में भी राहत सामग्री और ठंड से बचाव के उपायों की सुनिश्चितता जरूरी है।

# नये वायरस की दस्तक

पिछले दिनों सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर चीन में नया वायरस फैलने की आधी-अधूरी खबरें मिल रही थीं, सोमवार तक उसी तरह के तीन मामले भारत में भी देखे गए। दो मामले बेंगलूरु में और एक मामला गुजरात में। छोटे बच्चों में फैलने वाले इस वायरस को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की एडवाइजरी बता रही है कि घबराने की जरूरत नहीं है। यह वायरस दुनिया के कई देशों में पहले से ही मौजूद रहा है। हालांकि, यह कहना मुश्किल है कि चीन में फैल रहा वायरस कितना घातक है। केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सलाह दी जा रही है कि सावधान रहने की जरूरत है, घबराने की नहीं। लोग उसी गाइडलाइन का पालन करें जो कोविड के वक्त 'क्या करें और क्या न करें' के रूप में जारी की गई थी। दरअसल, चीन में ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस यानी एचएमपीवी के मामलों में वृद्धि की खबरों ने पूरी दुनिया में चिंता बढ़ाई है। हालांकि, दुनिया के चिकित्सा विशेषज्ञ कह रहे हैं कि यह सांसों से जुड़ा सामान्य वायरस है, जो सर्दी-जुकाम जैसी बीमारियां पैदा करता है। खासकर बच्चे व बुजुर्ग इससे ज्यादा प्रभावित होते हैं। लेकिन चिंता तब पैदा हो सकती है जब पता चले कि चीन के उत्तरी इलाकों में फैलने वाला वायरस म्यूटेशन से गंभीर बन गया है। हालांकि, चीनी नीति-नियंताओं की दलील रही है कि उत्तरी गोलार्ध में ठंड के मौसम में सांस की नली का संक्रमण आम बात है। फिर भी बताते हैं कोरोना का स्रोत माने जा रहे चीन में इस वायरस को लेकर गंभीरता देखी जा रही है और उसके नियंत्रण के लिये चीन के नेशनल डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेन्शन संस्थान की देखरेख में विशेष निगरानी सिस्टम बनाया गया है। चीन सरकार ने दिसंबर के तीसरे सप्ताह में उत्तरी प्रांतों में चौदह साल से कम उम्र के बच्चों के इस वायरस से पीड़ितों की संख्या में वृद्धि के बाद यह कदम उठाया था। हालांकि, एचएमपीवी के स्रोत के बारे में अभी कोई ठोस जानकारी उपलब्ध नहीं है। दरअसल, यह संक्रामक बीमारी दुनिया के विभिन्न देशों में किसी न किसी रूप में विद्यमान रही है। जिसमें खांसी व छींक से निकलने वाले थूक के कणों से यह वायरस फैलता है। ऐसे में संक्रमण से बचने के लिये हाथ मिलाने, दूसरों को छूने व गले मिलने से परहेज करने की सलाह दी जाती है। यदि हम सावधानी न बरतें तो वायरस हमें संक्रमित कर सकता है। कोरोना वायरस से बचाव की ही तरह खांसने -छींकने पर कपड़ा या रूमाल रखने की सलाह दी जाती है। निरंतर कपड़े को बदलने तथा नियमित रूप से साबुन से हाथ धोने की भी सलाह दी जाती है। जुकाम लगने पर मास्क पहनने तथा घर पर आराम करने की भी सलाह दी जाती है। साथ ही गुनगुना पानी पीने तथा पौष्टिक आहार की सलाह भी दी जाती है। निश्चित रूप से दमा व सांस की अन्य बीमारियों व दूसरे गंभीर रोगों से पीड़ितों के लिये यह वायरस कुछ परेशानी बढ़ा सकता है। लेकिन इसमें अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति कम ही आएगी। चिकित्सक के परामर्श से ही खांसी- बुखार की दवा लेने की सलाह दी जाती है। बहरहाल, चिकित्सा विशेषज्ञ इस वायरस से भयभीत न होने की सलाह लगातार दे रहे हैं। उनका कहना है कि इस वायरस की खोज इस सदी के पहले ही वर्ष में हुई थी। वायरस का प्रसार चिड़ियाओं के जरिये हुआ था, जो इंसान को संक्रमित कर सकता था। इसकी दशकों से मौजूदगी के चलते लोगों में इसको लेकर एक स्तर तक रोग प्रतिरोधक क्षमता मौजूद है। यह एक सामान्य फ्लू की तरह बताया जा रहा है। हालांकि, इस वायरस के उन्मूलन के लिये कोई वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। इसके विपरीत कोरोना ने इंसान को पहली बार संक्रमित किया था, कालांतर जिसने महामारी का रूप ले लिया था। वैसे दुनिया में चिंता इस वजह से है कि यह वायरस उसी चीन में फिर सामने आया, जहां से कोरोना का वायरस पूरी दुनिया में फैला था। हालांकि, सर्दियों के मौसम में आमतौर पर खांसी-जुकाम के मामले सामने आते हैं, लेकिन फिर भी सावधान रहने की जरूरत है।

# महाकुंभ : सामाजिक समरसता के साथ भारतीय चिंतन की वैज्ञानिकता का प्रतीक

*रमेश शर्मा*

प्रयागराज में विश्व का सबसे बड़ा मेला 'महाकुंभ' आरंभ हो रहा है। मेले में भारतीय समाज जीवन के उस मूलतत्व के दर्शन होते हैं जो सामाजिक समरसता और संपूर्ण भारत राष्ट्र की एक सूत्र बद्धता में निहित है। इसके साथ तिथि निर्धारण में भारत की समृद्ध विज्ञान परंपरा की स्पष्ट झलक मिलती है।

प्रयागराज में इस वर्ष यह महाकुंभ 14 जनवरी से आरंभ हो रहा है और 26 फरवरी तक 45 दिन चलेगा। कुंभ मेला प्रयागराज के अतिरिक्त हरिद्वार, नासिक और उज्जैन में भी आयोजित होता है। एक स्थान से दूसरे स्थान पर आयोजित होने वाले कुंभ के बीच तीन वर्षों का अंतर होता है। जबकि एक ही स्थान पर दोबारा कुंभ आयोजन में बारह वर्ष का अंतर होता है। इस प्रकार प्रयागराज में यह कुंभ बारह वर्ष बाद आयोजित हो रहा है। पूजन अनुष्ठान के बाद औपचारिक शुभारंभ 14 जनवरी मकर संक्रांति से होगा पर संत समाज और अखाड़े समय से पहले पहुँच गये हैं। उनके पाँडाल सज गये हैं। भारत के प्रत्येक क्षेत्र और परंपरा के संत प्रयागराज पहुँच गये हैं।

प्रयागराज में पिछला महाकुंभ 2013 में हुआ था। इस बार पिछली बार की तुलना में कम-से-कम चार गुना अधिक तीर्थ यात्रियों के आने की संभावना है। तैयारी इसी संभावना को ध्यान में रखकर की जा रही है। तीर्थ यात्रियों की यह संख्या बढ़ने का कारण अयोध्या में रामलला के अपने जन्मस्थान पर विराजमान होना माना जा रहा है। इसके बाद भारत के सभी धार्मिक स्थलों में श्रद्धालुओं की बढ़ी है। अनुमान प्रतिदिन एक करोड़ श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ में आ सकते हैं। यह महाकुंभ पूरे विश्व में विशेष आकर्षण का केन्द्र है। इसमें भारत के अतिरिक्त विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धा अथवा कौतुहल से आते हैं। इनमें समाज के प्रत्येक वर्ग से होते हैं। सामान्य जन, एवं साधु-संत के अतिरिक्त नृत्य, संगीत, साहित्यिक और शोधकर्ता भी होते हैं। सभी वर्गों की सभाएं भी होती हैं, सैकड़ों पांडाल तो कथा एवं प्रवचन के होते हैं। हजारों दुकानें लगती हैं।

इसी सबको ध्यान में रखकर संगम के किनारे तैयारी की गई है। लगभग चार हजार हेक्टेयर से भी अधिक क्षेत्र मेले केलिये सुरक्षित किया गया है। इस वर्ष मेला तैयारी के लिये 6,382 करोड़ रुपये का बजट है। पूरे क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाकर पेयजल की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था तथा तंबू आदि पर व्यय होना है। गुप्तचर विभाग के संकेत के बाद इस वर्ष महाकुंभ सुरक्षा के लिये अतिरिक्त और अत्याधुनिक व्यवस्था भी गई है। तीर्थ यात्रियों की सुविधा का भी पिछली बार की तुलना में अधिक साधन उपलब्ध कराये जा रहे हैं। इसे मेले के लिए की गई पेयजल आपूर्ति व्यवस्था से समझा जा सकता है। पेयजल आपूर्ति के लिए मेला क्षेत्र में 1249 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाई गई है। 200 वाटर एटीएम और 85 वाटर पंप इसके अतिरिक्त हैं। राजमार्गों पर सात हजार बसें चलाई जा रही हैं। मेले के भीतर भी 550 शटल बसों की व्यवस्था की गई है। प्रयागराज विमानतल का भी नवीनीकरण हुआ है। एक नई टर्मिनल बिल्डिंग और विमानों के पार्क होने वाले परिक्षेत्र का भी विस्तार हुआ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मेले की व्यवस्था में व्यक्तिगत रुचि ले रहे हैं। लगभग दो वर्षों से मेला क्षेत्र में व्यवस्था बनाना आरंभ कर दिया गया था। जैसे-जैसे तिथियाँ समीप आईं वैसे-वैसे उनकी प्रयागराज यात्रा बढ़ी। अभी हाल ही बीते दिसम्बर माह में ही मुख्यमंत्री ने चार यात्राएँ कीं।

**तिथि निर्धारण में वैज्ञानिकता :-** प्रयागराज सहित चारों स्थानों पर आयोजित होने वाले कुंभ की तिथियों का निर्धारण यूँ ही नहीं होता । यह अंतरिक्ष में सूर्य, चंद्र, गुरु और शनि की स्थिति के अनुसार होता है । गुरु जब कुंभ राशि में और सूर्य मेष राशि में प्रवेश करते हैं तब हरिद्वार (उत्तराखंड) में, सूर्य एवं गुरू जब सिंह राशि में होते हैं तब नासिक (महाराष्ट्र) में, गुरु जब कुंभ राशि में प्रवेश करते है तब उज्जैन (मध्यप्रदेश) में और जब गुरु मेष राशि में हों, एवं चन्द्रमा के साथ सूर्य मकर राशि में प्रवेश करें तब प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) में कुंभ का आयोजन होता है। भारत के इतिहास में जहाँ तक दृष्टि जाती है, कुंभ के आयोजन का संदर्भ मिलता है। मौर्यकाल में भी और शुंग काल में भी। गुप्तकाल में तो कुंभ का बहुत विस्तार से वर्णन मिलता है। गुप्तकाल के इस विवरण में ग्रहों की स्थिति के अनुसार कुंभ के आयोजन का उल्लेख है। यदि गुप्तकाल को ग्रह नक्षत्र के अनुसार कुंभ का आरंभ मान लिया जाय तो यह अपने आप प्रमाणित है कि लगभग डेढ़ हजार वर्ष पूर्व भी भी भारत मनीषियों का अंतरिक्ष विज्ञान बहुत उन्नत और व्यापक था। भारतीय चिंतकों द्वारा डेढ़ हजार पूर्व ग्रहों की गति और तिथि गणना कितनी सटीक थी वह आज के आधुनिक विज्ञान के निष्कर्ष से मेल खाती है। जबकि सोलहवीं शताब्दी तक पूरी दुनियाँ ग्रहों के ज्ञान से अपरिचित थी। यदि गैलीलियो और ब्रूनों ने अंतरिक्ष विज्ञान के बारे में कुछ शोध परक बात बताई तो गैलीलियो को जेल और ब्रूनों को मौत की सजा दी गई थी। जबकि भारत में अंतरिक्ष विज्ञान की झलक वेदों में भी मिलती है। उसका ध्यान समाज जीवन में कितना व्यापक था, इसे कुंभ की तिथियों के निर्धारण की गणना से समझा जा सकता है। बृहस्पति एक राशि लगभग एक वर्ष रहते हैं। सभी राशियों में भ्रमण करते हुये उन्हें पुनः उसी राशि में लौटने में 12 वर्ष लगते हैं। इसलिए एक स्थान पर कुंभ के पुनः आयोजन में बारह वर्ष लगते हैं। कुंभ तिथि निर्धारण का यह सिद्धांत स्पष्ट करता है कि भारत में केवल सूर्य, चंद्रमा या पृथ्वी का ही नहीं अंतरिक्ष जगत के अन्य ग्रहों की सटीक जानकारी थी ।




**सामाजिक समरसता का प्रमाण :-** भारतीय समाज रचना का मूल स्वरूप कैसा है इसकी झलक भी कुंभ मेले में मिलती है। यद्यपि हमलावरों ने भारत पर अपनी विजय के लिये विभाजन की नीति अपनाई थी। सिकन्दर के आक्रमण से सल्तनतकाल तक राज्यों के विभाजन की नीति और अंग्रेजीकाल में जाति विभाजन की नीति बनाई। अंग्रेजीकाल के इस षड्यंत्र को आज भी हम सरकारी नीतियों और राजनीति की राहों में देख सकते हैं। लेकिन भारतीय समाज जीवन कितना समरस है इसका दर्शन भारत के किसी भी तीर्थस्थल और महाकुंभ में देखा जा सकता हैं। वर्ष 2013 में संपन्न प्रयागराज महाकुंभ में लगभग बारह करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगाजी और संगम में स्नान किया था। इनमें भारत के प्रत्येक समाज वर्ग के लोग थे। इसमें धनी लोग भी थे और निर्धन भी, वनवासी भी थे और ग्रामवासी भी। नगरवासी भी थे और विदेशी भी, सबने एक-दूसरे को सहयोग करके डुबकी लगाई थी। ऐसे सैकड़ों हजारों लोग थे जिन्होंने अपरिचित का हाथ पकड़ कर उसे डुबकी लगवाई थी। किसी ने किसी से जाति नहीं पूछी, नाम-पता नहीं पूछा। किसी के झलकती अमीरी या गरीबी देखकर मुँह न फेरा। सबने हँसते-हँसाते भजन गाते या हर-हर गंगे का उद्घोष करते हुये डुबकी लगाई थी। विशेष पर्व के दिनों जब घाटों पर भीड़ बढ़ जाती है तब किनारे पर पंक्ति बनाकर श्रद्धालुओं को रोका जाता है। सब एक पंक्ति में होते हैं। कोई किसी से उसकी जाति नहीं पूछता। कुंभ मेले में सैकड़ों हजारों दुकानें लगतीं हैं। आधी से अधिक तो खाने-पीने और प्रसाद की वस्तुओं की होती हैं। पर भोजन सामग्री भी बिना किसी पूछताछ के प्रसाद खरीदकर भगवान को अर्पण होती है और अपने घर लाकर पड़ोसियों और शुभ चितकों में वितरित की जाती है। भारतीय समाज जीवन का यही समरस स्वरूप उसकी वास्तविकता है जो महाकुंभ में इस बार भी साक्षात हो रहा है।

**संपूर्ण भारत राष्ट्र का एक सूत्र स्वरूप :-** भारत के किसी भी तीर्थस्थल पर और विशेष रूप से महाकुंभ में समाज जीवन की समरसता के जो दर्शन होते हैं वहीं दर्शन संपूर्ण भारत राष्ट्र की एकरूपता के होते हैं। महाकुंभ की पुण्य तिथियों में डुबकी लगाने केलिये भारत के हर क्षेत्र और हर भाषा के श्रद्धालु आते हैं। अंग्रेजीकाल में भाषा और भूषा के आधार पर जो विभाजन की रेखाएँ गहरी कीं गई थी वह आज हमें राज्यों के विभाजन के रूप में दिख रही है । लेकिन कुंभ में स्नान करने आये समूहों में न भाषा का भेद होता है और न राज्य या क्षेत्र का । कयी बार श्रद्धालुओं की भाषा दुकानदार या सुरक्षा प्रहरी नहीं समझ पाते किन्तु संकेतों से आशय समझकर सहायता करते हैं। अभी औपचारिक शुभारंभ के पहले संतों और अखाड़ों की टोलियाँ अपने भक्तों के साथ प्रयागराज पहुँच गई हैं उनमें भी प्रत्येक क्षेत्र और प्रत्येक राज्य के संत हैं। उनकी अपनी भाषा है जिसका उपयोग वे अपने शिविर में करते हैं लेकिन शिविर से बाहर आकर घाट पर पहुँचने के मार्ग में और गंगा जी में डुबकी लगाने में मानो सब एक स्वरूप और एक सूत्र में पिरोयी हुई माला हैं जो हजार कुचक्रों के बीच भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक और सार्वभौमिकता का साक्षात स्वरूप है।

**महाकुंभ आयोजन की पुराण कथाएँ और उनका संदेश :-** भारत के चारों स्थानों पर आयोजित होने वाले महाकुंभ की तीन कथाएँ विभिन्न पुराणों में हैं। इनमें सबसे प्रसिद्ध कथा समुद्र-मंथन की है। जिसमें चौदह अलौकिक वस्तुओं के साथ अमृत कलश भी प्रकट हुआ। कलश का अर्थ घट और कुंभ भी होता है। कथा के अनुसार देवों और दैत्यों में परंपरागत शत्रुता थी। दैत्य छल बल में बहुत कुशल थे जबकि देव छल नहीं जानते थे लेकिन अमृत के लालच में दैत्य भी देवों के साथ आ गये। दोनों ने मिलकर समुद्र-मंथन किया इसमें कामधेनु, ऐरावत, उच्चश्रवा, धन्वन्तरि, विष आदि चौदह रत्नों के साथ अमृत कलश प्रकट हुआ इसे प्राप्त करने के लिये संघर्ष आरंभ हो गया। इसी बीच इन्द्र के पुत्र जयंत अमृत कलश लेकर भागे। भागते समय चार स्थानों पर अमृत की बूंदें छलक गईं। ये चार स्थान हरिद्वार, उज्जैन, नासिक और प्रयागराज हैं। इसलिये इन चारों स्थानों पर महाकुंभ आयोजित होता है। अमृत कलश के लिये वह संघर्ष बारह दिन चला। इसलिये महाकुंभ का एक पूरा चक्र बारह वर्ष में पूरा होता है। अमृत घट से अमृत की बूंदेंतीन दिन बाद छलकीं, इसलिए एक स्थान पर आयोजन होकर दूसरे स्थान पर कुंभ आयोजन में तीन वर्ष का अंतर होता है। एक अन्य कथा में असुरों ने अमृत घट नागलोक में छिपा दिया। गरुड़ ने अमृत घट ढूँढा और लेकर चले। उन्होंने कुल चार स्थानों घट रखा। जिन स्थानों पर घट रखा, उन्हीं चार स्थानों पर कुंभ आयोजन होता है। एक अन्य कथा में कश्यप ऋषि की पत्नियों के बीच विवाद और नागलोक से अमृत कलश लाने की कथा है ।

प्रश्न यह नहीं है कौन-सा कथानक यथार्थ है लेकिन इन तीनों कथाओं का अपना-अपना संदेश है। पहली कथा का संदेश संयुक्त प्रयास है। जब दैत्यों और देवों ने मिलकर समुद्र-मंथन किया तो अमृत निकला। अर्थात जीवन को निरापद बनाना है तो सब मिलकर कार्य करें और संघर्ष सकारात्मक दिशा में हो। लेकिन इस कथा में यह संदेश भी है कि दुष्ट कभी दुष्टता नहीं छोड़ते वे मिलकर कार्य करते हैं तो वह भी उनकी चाल होती है। अतएव दुष्टों से सतर्कता आवश्यक है, दुष्ट को पराजित करने के लिये छल का प्रयोग भी वर्जित नहीं है। अन्य दोनों कथाओं में मिलकर कार्य करने, किसी की भेंट का सम्मान रखने और लक्ष्य प्राप्ति के लिये योग्य व्यक्ति द्वारा उचित मार्ग ही अपनाना चाहिए। जैसे नागलोक जाकर कलश लाने के लिये गरुड़ जी ही सबसे उपयुक्त थे।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## विचार

# क्या चीन में फैला है जानलेवा वायरस ?

*राकेश दुबे*

सारी दुनिया में चर्चा है कि चीन में एक बार फिर कोरोना वायरस अथवा उसके जैसा ही खतरनाक, जानलेवा वायरस फैला है। चीन खामोश है। क्या चीन इस बार भी संक्रमण के विस्फोट और विस्तार को छिपाए रखेगा? भारत सरकार ने विश्व स्वास्थ्य संगठन से इन सवालों के स्पष्टीकरण मांगे हैं। क्या यह संगठन पुष्टि करेगा कि चीन में किस तरह का संक्रमण फैला है और वह भारत सरीखे पड़ोसी देशों के लिए कितना भयावह साबित हो सकता है?

भारत का नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) देश में सांस और मौसमी इन्फ्लूएंजा के मामलों पर करीबी नजर रखे है। संयुक्त निगरानी समिति जांच कर रही है कि देश पर किसी तरह के वायरस का प्रभाव शुरू हुआ है या नहीं। अलबत्ता जनता को आश्वस्त किया जा रहा है कि फिलहाल चिंता और दहशत की स्थिति नहीं है। चीन में 'ह्यूमन मेटापन्यूमो वायरस' (एचएमपीवी) के संक्रमण फैलने की खबर ही पुष्टि हुई है। यह वायरस भी कोरोना महामारी के वायरस जैसा ही बताया जा रहा है। टीवी चैनलों पर कुछ वीडियो सार्वजनिक हुए हैं, जिनमें चीन के अस्पताल खचाखच भरे दिखाई दे रहे हैं। भीड़ का



सैलाब उमड़ा है। लोगों ने मास्क पहने हुए हैं। कुछ चीख-पुकार और कुछ बदहवासी का माहौल दिख रहा है। ऐसी भी सूचनाएं सार्वजनिक हुई हैं कि चीन में वायरस से मौतों का सिलसिला भी शुरू हो चुका है, लेकिन अभी तक कोई भी आंकड़ा घोषित या सत्यापित नहीं किया गया है। चीन सरकार इस बार भी खामोश है। चीन ने अपने यहां फ्लू के बड़े प्रकोप की खबरों को खारिज किया है। उसका यह रवैया नवंबर, 2019 में भी लगभग यही था, जब कोरोना वायरस का पहला केस, चीन के ही वुहान शहर में सामने आया था। तब उसे 'रहस्यमयी निमोनिया' करार दिया गया था।

चीन में ही कोरोना से हुई पहली मौत भी दर्ज की गई थी। कोरोना वैश्विक महामारी दुनिया भर ने झेली और 71 लाख से अधिक मौतें हुईं। भारत में भी करीब 5.5 लाख लोग कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण मारे गए। इस त्रासदी को 'अभूतपूर्व' माना गया। दुनिया में गैर-सरकारी संगठनों और एजेंसियों ने मौत के आंकड़े कई गुना अधिक बताए थे। बहरहाल कोरोना संक्रमण के तनाव, भय, दंश, मौतों से लेकर आर्थिक तालाबंदी का वह दौर इतना भयावह था कि हम भूल नहीं सकते। भूलना भी नहीं चाहिए। चीन खुद को एक किले में बंद रखता आया है। वहां सामान्य मीडिया, सोशल मीडिया ही नहीं, लोगों पर भी पाबंदियां हैं कि वे किसी भी तरह की सूचना को सार्वजनिक नहीं कर सकते। जो कहना है, वह चीन सरकार ही कहेगी। वहां जो वायरस फैला है, उसके लक्षण भी कोरोना सरीखे ही हैं। लोगों में तेज बुखार देखा जा रहा है। फेफड़ों में संक्रमण और सांस लेने में परेशानी की खबरें भी आई हैं, लेकिन चीन में इस वायरस का प्रभाव कुछ अलग देखा जा रहा है कि संक्रमण 5 साल की उम्र से छोटे बच्चों में फैल रहा है। कोरोना संक्रमण से बच्चे प्रभावित नहीं हुए थे। उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता जन्म से ही मजबूत आंकी गई थी। कोरोना संक्रमण के शिकार बड़ी उम्र के लोग और अधिकतर बुजुर्ग लोग ही हुए। चीन ने अभी तक सांस संबंधी सामान्य संक्रमण को ही स्वीकार किया है। वहां के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि विदेशियों के लिए चीन की यात्रा बिलकुल सुरक्षित है। प्रवक्ता के मुताबिक, सर्दियों के मौसम में संक्रमण चरम पर होता है, लेकिन बीते वर्ष की तुलना में बीमारियां छोटे स्तर पर ही फैल रही हैं। बहरहाल, अब दायित्व विश्व स्वास्थ्य संगठन का है कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्पष्ट करे कि चीन में कोरोना सरीखे वायरस की मौजूदा स्थिति क्या है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## साहित्य

# तुम एक देह हो



**अलका 'सोनी'**

प्रकृति की अनुपम
कृति हो
जीवन का गान हो
रात के अंधेरे को
चीरते सूरज की
लालिमा का भान हो
धरती की छाती पर
उग आयी
लहलहाती हुई
हरी मखमली धान हो

घर को स्वर्ग बनाती
लक्ष्मी का रूप हो
मानवता को जन्म देती
मौत से खेलती
अपराजिता का स्वरूप हो

तुम ये हो.....
तुम वो हो......
लेकिन सत्य शायद
सहन कर पाओ कि
इस क्रूर जगत के लिए..
तुम केवल एक 'देह' हो
अपने चारों ओर
खींची हुई लक्ष्मण रेखा को
आज तक तुम
लांघ नहीं पाई
तुम्हारी चंचलता, निश्छलता
कब किसी को
समझ आई..
मानसिकता इस समाज की
अब भी वही है
जिसे नियति कभी
बदल नहीं पाई





# राशिफल

**मेषः-** मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृषभः-** मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में परिश्रम तीव्र होगा।

**मिथुनः-** आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है। प्रणय संबंधों को लेकर मन में चिंता होगी।

**कर्कः-** पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बने और शांत भाव से अच्छे कायरे द्वारा उसकी प्राश्चित भी करें।

**सिंहः-** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। परिवार को सुव्यवस्थित चलाने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

**कन्याः-** मन ढेर सारे पूर्वाग्रहों से प्रभावित होगा। पुरानी बातों कों भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें। मन पर नियंत्रण रख कर्त्तव्यनिष्ठ बने। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव।

**तुलाः-** आज सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिकः-** आज परिजनों के सुख-दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा।

**धनुः-** निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक कष्टों को भूल वर्तमान को बेहतर बनायें। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

**मकरः-** मन सुंदर विचारो से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कायरें की ओर मन केंद्रित होगा। नये कायरें में संलग्नता से लाभ संभव। आलस्य का त्याग करें।

**कुंभः-** अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**मीनः-** किसी अचल सम्पत्ति को लेने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। धनागम की नयी युक्तियों पर मन केंद्रित होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

# क्यों भारत को चाहिए सैकड़ों डॉ. तितियाल और दर्जनों एम्स

*डॉ. आर.के. सिन्हा*

अभी बीते कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा था, जिसमें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के राजेन्द्र प्रसाद आई सेंटर के अध्यक्ष डॉ. जीवन सिंह तितियाल अपनी सरकारी सेवा से रिटायर होने के बाद साथियों और रोगियों से घिरे हुए हैं। उनकी आंखें नम हैं। दरअसल, प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. तितियाल नेत्र चिकित्सा में अपनी विशेषज्ञता और समर्पण भाव से मरीजों की देखभाल के लिए जाने जाते रहे। वे लगभग साढ़े चार दशकों तक एम्स से जुड़े रहे। इस दौरान उन्होंने हजारों रोगियों का इलाज किया और वे लगभग इतने ही छात्रों के गुरु भी रहे। अगर एम्स को देश का सबसे बेहतर अस्पताल माना जाता है, तो उसे इस मुकाम पर लेकर जाने में डॉ. तितियाल जैसे डॉक्टरों का भी अहम रोल रहा है। डॉ. तितियाल के मार्गदर्शन में कई युवा नेत्र रोग विशेषज्ञों ने उच्च स्तर की सफलता हासिल की है।

देखिए, किसी भी सफल डॉक्टर को अपने क्षेत्र में हो रहे नए अनुसंधानों को लेकर अपडेट तो होना ही चाहिए। उन्हें नवीनतम चिकित्सा अनुसंधान, उपचार और तकनीकों के बारे में अच्छी तरह पता होना चाहिए। इस लिहाज से डॉ. तितियाल बेजोड़ रहे। डॉ. तितियाल सही ढंग से रोग का निदान करने और उपयुक्त उपचार योजना बनाने में भी सक्षम हैं। इसमें रोगी के लक्षणों, चिकित्सा इतिहास और परीक्षण परिणामों का विश्लेषण करना शामिल है। डॉक्टर को मरीजों को उनकी बीमारी और उपचार विकल्पों को स्पष्ट और सरल तरीके से समझाने में सक्षम होना चाहिए। डॉ. तितियाल एम्स के मरीजों को ध्यान से सुनते थे और उनकी चिंताओं और सवालों को गहराई से समझते थे। उनसे मिलकर रोगी आश्वस्त महसूस करता था। वे सभी मरीजों के साथ सम्मान और गरिमापूर्ण व्यवहार रखते थे, चाहे उनकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो। डॉ. तितियाल मोतियाबिंद सर्जरी में विशेषज्ञ हैं, जिसमें फेकोइमल्सीफिकेशन और इंट्राओकुलर लेंस प्रत्यारोपण जैसी आधुनिक तकनीकें शामिल हैं। उन्होंने कई जटिल मोतियाबिंद सर्जरी सफलतापूर्वक की। वे कॉर्निया प्रत्यारोपण, टेरिगियम सर्जरी और अपवर्तक सर्जरी (जैसे लेसिक ) में भी कुशल हैं। उनकी विशेषज्ञता कॉर्निया से संबंधित विभिन्न बीमारियों के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। डॉ. तितियाल ग्लूकोमा के निदान और उपचार में भी अनुभवी हैं, जिसमें दवाओं, लेजर उपचार और सर्जरी का उपयोग शामिल है। इसके अलावा, वे सामान्य नेत्र रोगों जैसे कि कंजंक्टिवाइटिस, ड्राई आई सिंड्रोम, और अन्य नेत्र संक्रमणों का इलाज करने में भी सक्षम हैं। वे नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान में भी सक्रिय रूप से शामिल हैं। उनके शोध प्रकाशन अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित होते हैं, जो उनके वैज्ञानिक योगदान को दर्शाते हैं। वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय नेत्र विज्ञान सम्मेलनों में नियमित रूप से भाग लेते हैं और अपने ज्ञान और अनुभव को साझा करते हैं। डॉ. तितियाल अपने मरीजों के प्रति समर्पित हैं और उनकी हर समस्या को ध्यान से सुनते हैं। वे व्यक्तिगत देखभाल प्रदान करने में विश्वास रखते हैं। वे मरीजों के साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करते रहे। वे नवीनतम तकनीकों और उपचार विधियों का उपयोग करके मरीजों को सर्वोत्तम संभव देखभाल प्रदान करते रहे। उम्मीद करनी चाहिए कि वे आगे भी अपनी सेवाएं देते रहेंगे। डॉ. तितियाल ने जटिल मोतियाबिंद के मामलों के प्रबंधन पर भी महत्वपूर्ण शोध किया है, जैसे कि वे मामले जिनमें पुतली सिकुड़ी हुई है या लेंस का विस्थापन हुआ है। उनके शोध ने ऐसे रोगियों के लिए बेहतर उपचार विकल्प प्रदान किए हैं। डॉ. तितियाल ने ग्लूकोमा के शुरुआती निदान के लिए नई तकनीकों का अध्ययन किया है। उन्होंने ऑप्टिकल कोहेरेंस टोमोग्राफी और अन्य इमेजिंग तकनीकों का उपयोग करके ग्लूकोमा से प्रभावित तंत्रिका फाइबर परत में होने वाले सूक्ष्म परिवर्तनों का अध्ययन किया है। उन्होंने ग्लूकोमा के इलाज के लिए नए चिकित्सीय तरीकों की खोज में भी योगदान दिया है। उनके शोध में विभिन्न प्रकार की दवाइयों और शल्य चिकित्सा विकल्पों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया गया है। उन्होंने ग्लूकोमा की प्रगति की निगरानी के लिए नए तरीकों का अध्ययन किया है। उनके शोध से चिकित्सकों को ग्लूकोमा के रोगियों में दृष्टि हानि को रोकने में मदद मिली है।

डॉ. तितियाल ने कॉर्निया प्रत्यारोपण में उपयोग की जाने वाली नवीन तकनीकों का विकास किया है। उन्होंने एंडोथेलियल केराटोप्लास्टी जैसी तकनीकों का अध्ययन किया है, जो कॉर्निया प्रत्यारोपण के बाद जटिलताओं को कम करने में मदद करती हैं। उन्होंने सूखी आंख के कारणों और उपचार पर भी शोध किया है। उनके शोध ने सूखी आंख से पीड़ित रोगियों के लिए बेहतर उपचार विकल्प प्रदान किए हैं। डॉ. तितियाल ने कॉर्नियल संक्रमणों के प्रबंधन पर भी शोध किया है। उनके शोध ने इन संक्रमणों के लिए प्रभावी एंटीबायोटिक दवाओं और अन्य उपचारों की पहचान करने में मदद की है। डॉ. तितियाल का शोध नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण रहा है। उनके शोध ने मोतियाबिंद सर्जरी को अधिक सुरक्षित और प्रभावी बनाने में मदद की है, ग्लूकोमा के शुरुआती निदान और उपचार को बेहतर बनाया है, और कॉर्नियल बीमारियों के इलाज के लिए नए विकल्प प्रदान किए हैं। उन्होंने रेटिना रोगों के प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डॉ. तितियाल की तरह एम्स से ना जाने कितने डॉक्टर एमबीबीएस, एमएस,एमडी वगैरह करने के बाद दुनिया के सर्वश्रेष्ठ डॉक्टर के रूप में स्थापित हुए। एम्स अपने यहां पढ़े विद्यार्थियों को लगातार शोध करने और मानवीय बने रहने के लिए प्रशिक्षित करता है। यहां के डॉक्टरों में मानव सेवा का गजब का जज्बा देखने को मिलता है। विश्वविख्यात लेखक और मोटिवेशन गुरु डॉ. दीपक चोपड़ा, शिकागो यूनिवर्सिटी के पैथोलिजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. विनय कुमार, सर गंगाराम अस्पताल के मशहूर लीवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. अरविंदर सिंह सोईन, एम्स के पूर्व निदेशक डॉ.रणदीप गुलेरिया, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ.रमेश डेका, डॉ. पी.वेणुगोपाल,डॉ. सिद्धार्थ तानचुंग, यूरोलोजिस्ट डॉ. राजीव सूद जैसे सैकड़ों चोटी के डॉक्टरों ने एम्स में ही शिक्षा ग्रहण की और फिर इधर सेवाएं भी दीं। डॉ. राजीव सूद ने कुछ सालों तक एम्स में सेवा देने के बाद राजधानी के राममनोहर लोहिया अस्पताल (आरएमएल) को ज्वाइन किया और फिर इसके डीन भी रहे। वे कहते हैं कि एम्स की तासीर में सेवा है। जो एक बार एम्स रह लिया वह फिर मानव सेवा के प्रति समर्पित रहेगा। इधर डॉ. जीवन सिंह तितियाल के अलावा प्रोफेसर प्रदीप वेंकटेश, प्रोफेसर तरुण दादा, प्रोफेसर विनोद अग्रवाल जैसे बेहतरीन नेत्र चिकित्सक हैं। इन्हें आप संसार के सबसे कुशल डॉक्टरों की श्रेणी में रख सकते हैं। इन सब डॉक्टरों की देखरेख में देश के नए डाक्टर तैयार होते हैं। आपको एम्स में देश के कोने-कोने से आए हजारों रोगियों का इलाज होता मिलेगा। यहां पर भिखारी से लेकर भारत सरकार का बड़ा बाबू भी लाइन में मिलेगा। एम्स के डॉक्टर किसी के साथ उनके पद या आर्थिक आधार पर भेदभाव नहीं करते। यहां पर सुबह-शाम रोगियों का आना -जाना इस बात की गवाही है कि देश को एम्स पर भरोसा है। एम्स भारत की पहली स्वास्थ्य मंत्री और गांधीजी की सहयोगी राजकुमारी अमृत कौर के विजन का नतीजा है। जिस निष्ठा और निःस्वार्थ भाव से एम्स के डॉक्टर रोगियों को देखते हैं, उससे समझ आ जाता है कि यह अस्पताल क्यों खास है। भारत को अभी बहुत सारे एम्स और डॉ. तितियाल जैसे डॉक्टर चाहिए।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# आपसी बटवारे को लेकर दो भाइयों के मध्य चली गोली, युवक की मौत, पिता-पुत्र घायल

**सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम इटरा में आपसी बटवारे को लेकर दो सगे भाइयों के बीच में हुई मारपीट के बाद गोलीबारी शुरू हो गयी जिसमे एक व्यक्ति की मौत हो गयी और दो लोग घायल हो गये।

पुलिस के अनुसार ग्राम इटरा में मंगलवार की दोपहर में खेती बटवारे को लेकर दो सगे भाई राहुल पालीवाल व आलोक पालीवाल के बीच आपसी बटवारे को लेकर विवाद शुरू हो गया पहले दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई इसके बाद दोनों ओर से अवैध असलहों से गोलीबारी शुरू हो गयी जिसमे राहुल पक्ष की ओर से विवाद कर रहे फूल सिंह प्रजापति (40) निवासी ग्राम नरजिता जिला बांदा को गोली लगने से मौके पर मौत हो गई तथा राहुल उर्फ टिंकू पालीवाल उसका पुत्र आयुष घायल हो गये। दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुमेरपुर लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ सदर मौके पर पहुंचे और घटना की तहकीकात की इसके बाद एसपी दीक्षा शर्मा ने भी घटना स्थल का मौका मुआयना किया और कार्यवाही के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस ने बताया की दोनों घायलों को उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। वहीं राहुल उर्फ टिंकू पालीवाल व उसके पुत्र आलोक पालीवाल सहित पांच लोगों के खिलाफ हत्या के साथ जानलेवा हमले की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस में दो लोगों को हिरासत में लिया है। थानाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जायेगा। विवेचना जारी है।

### बालू खदान में नौकरी करता था मृतक

**सुमेरपुर।** बांदा जनपद के जसपुरा थाना क्षेत्र के नरजिता गांव का निवासी फूल सिंह दो भाइयों में छोटा था। बड़े भाई की मौत के बाद भाभी कलावती से विवाह कर लिया था। कलावती के दो पुत्र चंद्रकिशोर एवं हरिश्चंद्र के अलावा दो पुत्रियां सुखवासा एवं विमला हैं। दोनों पुत्रियों का विवाह हो गया है। फूल सिंह बालू खदान में रहकर रखवाली का कार्य करता था। सुबह टिंकू पालीवाल के यहां आया था और गोलीबारी के दौरान गोली लगने से मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद पत्नी कलावती दोनों पुत्रों एवं पुत्रियों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

## छात्र-छात्राओं ने कला का किया प्रदर्शन, संस्कृति उत्सव कार्यक्रम आयोजित

**मौदहा, हमीरपुर।** संस्कृति हमारी पहचान का कार्यक्रम कस्बे के पांडव गेस्ट हाउस क्षेत्र के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं ने लोक संगीत कला साहित्य लोकनृत्य के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, खंड शिक्षा अधिकारी ने छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाया। कस्बे के पांडव गेस्ट हाउस में संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के शासनादेश अनुसार संस्कृति हमारी पहचान के अंतर्गत क्षेत्र के प्रतिभावान संगीत कला एवं साहित्य लोकनृत्य आदि में पारंगत नगर व ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं की पहचान कर उन्हें प्रोत्साहित संवंध करने के उद्देश्य गेस्ट हाउस में संस्कृति उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उप जिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता तहसीलदार मनोज सिंह खंड शिक्षा अधिकारी रामगोपाल वर्मा ने शिरकत करते हुए छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया।

# रोगी कल्याण समिति की जांच के लिये तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित, खरीदे गये सामान की जांच की जायेगी

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट में सम्पन्न हुई। डीएम ने समिति के जांच के लिये तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर वित्तीय अनियमितताएं खागेलेगी।

जिला पुरुष एवं महिला चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले इस हेतु संसाधनों की किसी भी प्रकार की कमी/समस्या न हो इसके लिए जिलाधिकारी ने जिला चिकित्सालय के लिए विभिन्न कार्यों के वित्तीय नियमों के अंतर्गत करने के निर्देश दिए। कहा कि क्रय कार्यों में वित्तीय नियमों का पूर्णतः अनुपालन किया जाय। जिलाधिकारी ने रोगी कल्याण समिति के अंतर्गत किए गए क्रय कार्य खर्च की जांच के लिए मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है । कमेटी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी अन्य सदस्य होंगे। यह समिति इस बात की जांच करेगी कि रोगी कल्याण समिति के अंतर्गत जो भी धन खर्च हुआ है( वह नियमानुसार हुआ है अथवा नही इसके अलावा समिति यह भी देखेगी कि कि धनराशि खर्च करने से पूर्व सक्षम स्तर से उसका अनुमोदन लिया गया है अथवा नही जिलाधिकारी ने कहा कि रोगी कल्याण समिति के अंतर्गत किए जाने वाले सभी कार्यों को निर्धारित शासनादेश के अनुसार किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल की आईसीयू यूनिट संचालित करने हेतु प्रभावी ढंग से प्रयास करने हेतु संबंधित को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विशेष अभियान चलाकर छूटे हुए पात्र व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाए तथा अस्पताल में आयुष्मान हेल्प डेस्क भी स्थापित किया जाए। इस मौके पर विधायक सदर डॉ मनोज कुमार प्रजापति, सीएमओ डॉ गीतम सिंह, सीएमएस महिला अस्पताल एवं सीएमएस पुरुष अस्पताल एवं रोगी कल्याण समिति के अन्य सदस्य जलीस खान आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### पल्लेदारों की हड़ताल खत्म, 2.5 रुपए प्रति कुंतल बढ़ी मजदूरी

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।** पिछले छह दिनों से नवीन गल्ला मंडी में चल रही पल्लेदारों की हड़ताल मंगलवार को गल्ला तिलहन व्यापार संघ के साथ वार्ता के बाद समाप्त हो गई। इससे बुधवार से अब मंडी में खरीद फरोख्त का मार्ग प्रशस्त हो गया है। हड़ताल समाप्त होने पर आढ़तियों के साथ किसानों ने राहत की सांस ली है। वहीं संघ ने मंडी सचिव को ज्ञापन सौंपकर बगैर लाइसेंस के खरीद फरोख्त करने वाले व्यापारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। बीते गुरुवार को नवीन गल्ला मंडी के पल्लेदार मजदूरी बढ़ाने की मांग को लेकर हड़ताल पर चले गए थे। इससे मंडी में खरीद फरोख्त का कार्य ठप हो गया था। हड़ताल के छठवें दिन गल्ला तिलहन व्यापार संघ ने वार्ता के लिए पल्लेदार संघ को बुलाया था। तीन घंटे तक चली वार्ता के बाद ढाई रुपए प्रति क्विंटल मजदूरी बढ़ाने की सहमति दोनों पक्षों के मध्य बनी। लिखित समझौते के तहत अगले तीन वर्षों तक यह दर लागू रहेगी। इसी के साथ छह दिन से चल रही हड़ताल समाप्त हो गई। बुधवार से अब खरीद फरोख्त शुरू होगी। वहीं व्यापार संघ ने मंडी परिसर में बगैर लाइसेंस के खरीद फरोख्त करने वाले व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई व हाईवे पर मंडी के दोनों तरफ स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग का ज्ञापन मंडी सचिव को सौंपा है। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ताए उपाध्यक्ष श्यामबाबू पांडेए उदित नारायण तिवारीए बसंतराम गुप्ताए विजय शिवहरे आदि व्यापारी नेता मौजूद रहे।

### छत से गिरकर मासूम की मौत


**कुरारा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।** कस्बा कुरारा के वार्ड नंबर 6 में छत से गिरकर मासूम बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए परिजन जिला अस्पताल लेकर गए। वहा से उसे कानपुर रिफर किया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।कस्बा निवासी प्रमोद धुरिया का मासूम पुत्र मनीष उम्र 4 वर्ष बीती शाम चार बजे अपनी मां के साथ छत पर था। मां खाना बनाने लगी तो वह खेलते खेलते छत से नीचे गिर गया। तथा वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर गए। वहां से हालत गंभीर होने पर मासूम बच्चे को कानपुर रिफर किया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी दर्दनाक मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिजनो में शोक का माहौल है।

### जानलेवा हमले के वांछित अभियुक्त को अवैध शस्त्र व कारतूस के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार



**महोबा, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना अजनर मनीष कुमार पाण्डेय द्वारा गठित की गई व उ.नि. मलखान सिंह व उ.नि. राधामोहन त्रिवेदी मय हमराह कां. धीरज कन्नौजिया व कां. भरत के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत जानलेवा हमला समेत विभिन्न धाराओं से सम्बन्धित नामजद अभियुक्त नीरज पुत्र वीर सिंह राजपूत उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम कैथोरा थाना अजनर को गौड़ बाबा मंदिर के पास ग्राम कैथोरा से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से हत्या के प्रयास में प्रयुक्त एक तमंचा 315 बोर मय एक कारतूस 315 बोर व 1 खोखा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद किया गया। अभियुक्त के कब्जे से बरामद हुए अवैध शस्त्र व कारतूस के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पजीकृत किया गया।

### राजस्थान के उर्स की झलक मौदहा के गांवों में देखने को मिली



**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।** प्रसिद्ध सूफी संत हजरत मोइनुद्दीन चिश्ती हसन संजरी अजमेरी का 813 वां उर्स राजस्थान के अजमेर में मनाया जा रहा है जिसमें देश सहित विदेशों में भी उक्त सूफी संत के चाहने वाले लोग बड़े ही अकीदत से जगह.जगह फातिहा करा रहे हैंए जिसकी झलक मौदहा कस्बा समेत क्षेत्र के तमाम मुस्लिम बाहुल्य गांवों में देखने को मिली है। राजस्थान के अजमेर में स्थित प्रसिद्ध सूफी संत हजरत मोइनुद्दीन चिश्ती हसन संजरी का 813 वां उर्स बड़े ही धूमधाम के साथ स्वदेश समेत विदेशों में मनाया जा रहा है। हालांकि ख्वाजा गरीब नवाज के उर्स के छठी की धूम नगर समेत क्षेत्र के मुस्लिम बाहुल्य गांवों में देखने को मिली है। यहां के तमाम जगहों पर जगह-जगह तकरीर समेत फातिहा का आयोजन किया गया है जिसमें हिंदू मुस्लिम एकता का माहौल भी देखने को मिला है। ख्वाजा गरीब नवाज के चाहने वाले सर्वजातीय लोग बड़े ही अकीदत के साथ उनके नाम का फातिहा दिलाते देखे गए हैं। इसी सिलसिले में कस्बे के उपरौस स्थित निजामिया जामा मस्जिदए परछा की बड़ी जामा मस्जिदए कम्हरिया ए मांचाए गुसियारी नारायच मदारपुर भमौरा बिगहना मुटनी हिमौली सहित अन्य जगहों में तकरीर का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें पहुंचे विद्वानों ने हजरत मोइनुद्दीन चिश्ती हसन संजरी अजमेरी के जीवनकाल पर प्रकाश डालते हुए उनके चरित्र का बखान किया तथा इस्लाम धर्म की उपलब्धियां भी बताईं वहीं कार्यक्रम के समापन के बाद फातिहा का आयोजन किया गया जिसमें सर्वजातीय लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और देश में अमन-चैन कायम रहने की दुआएं मांगी।

# मानव सेवा की सभी धर्म देते हैं सीखः कुंवर मनोज सिंह

**घाटमपुर समृद्धि न्यूज़।**



भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष कुंवर मनोज सिंह भदौरिया के द्वारा पड़ रही भीषण सर्दी को देखते हुए नगर के विभिन्न क्षेत्रों में गर्म कम्बल वितरित किए। शुभारंभ पनकी मंदिर प्रांगण में श्री महावीर महाबली बजरंगी बली जी महाराज के दर्शन कर जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित कर किया गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष कुंवर मनोज सिंह भदौरिया ने कहा कि मानव सेवा से बढ़ कर कोई सेवा नहीं है. आज के समय में इंसान को इंसान के काम आना चाहिए। अभी जिले में काफी ठंड पड़ रही है. लोगों को कंबल एवं गर्म कपड़ों की जरूरत है। श्री भदौरिया ने बताया कि वह अपने पिता स्व राजेन्द्र भदौरिया के आदर्शों पर चल रहे हैं। स्व राजेन्द्र भदौरिया धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे. उनका विनम्र स्वभाव और दयालु व्यक्तित्व हमेशा लोगों को प्रेरित करता रहेगा। उनके नहीं रहने से उनकी कमी लोगों को काफी खलती है। कम्बल वितरित कर रहे प्रदेश अध्यक्ष कुं मनोज सिंह भदौरिया ने पदाधिकारियों से कहा कि दुनिया में ऐसा कोई धर्म नहीं, जो मानव सेवा की सीख न देता हो। कहा भी गया है कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। करीब 450 जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किए गए। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री धीरेन्द्र सिंह भदौरिया एवं प्रदेश संगठन मंत्री पंकज राजावत ने ऐसे ही निर्बल निर्धन असहाय वर्ग के उत्थान की दिशा में निरंतर कार्य करते रहने की बात कही। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष नवरंग सेंगर, करणी सेना जिलाध्यक्ष अर्पित राणा ने प्रदेश अध्यक्ष मनोज भदौरिया के द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए युवाओं को उनसे सीख लेने की बात कही। इस मौके पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष करणी सेना अर्पित सिंह राणा, जिला कोषाध्यक्ष सुशील परिहार, संजय तिवारी, पप्पू सिंह चौहान, नितिन चतुर्वेदी, प्रियांशु ठाकुर, रवि कुमार, महेश तिवारी सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

## ब्रजकिशोर त्रिवेदी अध्यक्ष व बीरेंद्र प्रजापति को महामंत्री चुना गया

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



अधिवक्ता संघ बार एसोसिएशन मौदहा में चल रहे चुनावी घमासान के बीच मंगलवार दोपहर बाद चुनाव अधिकारी ने अध्यक्ष पद के प्रत्याशी ब्रजकिशोर त्रिवेदी एवं महासचिव पद के प्रत्याशी वीरेंद्र प्रजापति को विजय घोषित किया। बार एसोसिएशन के चुनावी घमासान के बीच चुनाव अधिकारी शिव प्रकाश ने बताया कि कुल 161 मतदाता होने के बावजूद 150 मत पड़े जिसमें अध्यक्ष पद के लिए बृज किशोर त्रिवेदी को 95 मत प्राप्त हुए उनके प्रतिद्वंदी किशोरी लाल प्रभाकर को 55 मत प्राप्त हुए इस प्रकार से अध्यक्ष पद के लिए बृज किशोर त्रिवेदी अपने प्रतिद्वंदी को 40 मतों से शिकस्ती देते हुए अध्यक्ष पद पर काबिज हुए। इसी प्रकार महासचिव पद के लिए दो प्रत्याशी मैदान में होने पर वीरेंद्र प्रजापति को 90 मत प्राप्त हुए प्रतिद्वंदी प्रत्याशी अनिल शिवहरे को साठ मत प्राप्त हुए और वीरेंद्र प्रजापति 30 मतों से महासचिव पद पर काबिज हुए। इसके पूर्व अन्य पदों पर निर्विरोध प्रत्याशी घोषित किए गए हैं जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रघुवीर वर्मा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर जितेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष पद पर रमाकांत प्रजापति एडवोकेट, ऑडिटर श्याम नारायण निगम को चुनाव प्रक्रिया के पूर्व निर्विरोध घोषित किया जा चुका है।

# बालमुकुंद ने संदीप को दी पटखनी, जीती चांदी की गदा, कई जिलों के पहलवानों ने लिया भाग

▶ देवरी दाई का विशाल मेला संपन्न

**सुमेरपुर(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़**



क्षेत्र के ग्राम मुंडेरा के प्रसिद्ध तीन दिवसीय मेले के आखिरी दिन विशाल दंगल का आयोजन हुआ। दंगल का शुभारंभ सदर विधायक और ब्लॉक प्रमुख ने संयुक्त रूप से पहलवानों का हाथ मिलवाकर किया। दंगल में दो दर्जन पहलवानों के मध्य रोमांचक कुश्तियां संपन्न हुई। सैकड़ों वर्ष पुराने मुंडेरा के देवरी दाई मंदिर प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय मेले के आखिरी दिन परंपरा अनुसार विशाल दंगल आयोजित हुआ। दंगल का शुभारंभ सदर विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति एवं ब्लाक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव ने संयुक्त रूप से किया। दंगल में खरौंज के गोविंद ने खपटिहा के रामबाबू को चित किया।खपटिहा के छोटू ने इंगोहटा के कल्लू को हराया। एटा के महेंद्र ने औरैया के राजू को पटखनी दी। एटा के शिवा व कुसमरा के हुकुम सिंहए, बांदा के राधेश्याम व कासगंज के जयकेश, राजस्थान के बादल व मथुरा के लाडी बाबा, धौहल के विनय व खेरा कछार के अमर सिंह, टोलामाफ के हेमचंद व टेढ़ा के कुलदीप, टेढ़ा के वीरेंद्र व भोजपुरा के राजाभैया, मथुरा के धर्मवीर व कुसमरा के हुकुम के मध्य रोमांचक कुश्तियां बराबरी पर छूट गई। अलीगढ़ की आरती व बांदा की सपना के मध्य हुई रोमांचक कुश्ती बराबरी पर छूट गई। सबसे ज्यादा रोमांचक कुश्ती जालौन के संदीप राणा एवं झांसी के बालमुकुंद के मध्य हुई। इस कुश्ती का पुरस्कार कमेटी ने 21 हजार नकद और एक चांदी की गदा तय किया गया था। दस मिनट के रोमांचक मुकाबले में बालमुकुंद ने संदीप राणा को जोरदार पटखनी देकर मुकाबला जीत लिया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अनिरुद्ध सिंह, अतरैया प्रधान रंजीत यादव, लालाराम यादव सहित बड़ी संख्या में गांव के लोग मौजूद रहे।

## मछली बनाने से मना करने पर महिला की हत्या करने वाले दो को उम्रकैद

**हमीरपुर।** मछली बनाने से मना करने पर महिला की गोली मारकर हत्या करने के मामले में विशेष न्यायाधीश डकैती कोर्ट अनिल कुमार खरवार ने दो आरोपितों को आजीवन कारावास की सजा व पांच-पांच हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता मणिकर्ण शुक्ल व सहायक शासकीय अधिवक्ता अशोक शुक्ला ने बताया कि छानी बुजुर्ग निवासी कम्मू केवट ने बिंवार थाने में पांच दिसंबर 2014 को तहरीर देकर बताया कि वह छानी तिराहे में मछली बेच रहा था। शाम 4 बजे गांव का संजय सिंह, कमल काछी मेरी दुकान में मछली लेने आए। जब वह दुकान बंद कर घर आ गया तो संजय सिंह व कमल काछी मेरे घर आकर मछली बनाने को कहने लगे। मना करने पर दोनों गाली.गलौज कर लौट गए। इसके बाद रात साढ़े आठ बजे दोनों गांव के राजाबाबू प्रजापति के साथ आये जो एक नाली बंदूक लिए था। राजाबाबू कहने लगा कि तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई मछली बनाने से इंकार करने की और बंदूक से फायर कर दिया। गोली पत्नी सिया जानकी के सिर में लगने से उसकी मौके पर मौत हो गई। इसके बाद तीनों फायरिंग करते हुए भाग निकले। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। विशेष न्यायाधीश डकैती कोर्ट अनिल कुमार खरवार ने दोष साबित होने पर राजाबाबू प्रजापति निवासी छानी व कमल काछी निवासी कुपरा को आजीवन कारावास की सजा व पांच.पांच हजार रुपये अर्थदंड लगाया है। जबकि तीसरे आरोपी संजय सिंह की दौरान मुकदमा सुनवाई मौत हो चुकी है।

# 'एक मुश्त समाधान योजना के अन्तर्गत उपभोक्ता लें लाभ'



**महोबा, समृद्धि न्यूज़।** एक मुस्त समाधान योजना की अंतर्गत कुलपहाड़ के ग्राम टिकरिया पनवाड़ी में एक कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें जयवीर सिंह व अवर अभियंता कुलपहाड़ एवं गुजर प्रसाद टी जी 2 लाइन स्टाफ भागीरथ राजपूत, महेश कुमार, हनुमत सिंह, प्रदीप राजपूत मीटर रीडर मौजूद आदि मौजूद रहे। कुलपहाड़ के सतीयनपुरा मुहाल में भी एक मुश्त समाधान योजना विधुत कैंप लगाया गया। जिसमें गजराज टी जी 2 लाइन स्टाफ सत्यवीर सिंह, लोकेश कुमार, सुशील कुमार, सादाब खान, उमेश मीटर रीडर मौजूद रहे। उक्त दोनों क्षेत्र मे लगभग 69 लोगो के बकाये पर संयोजन विच्छेदित किए गए। जिसमें 18 लोग ने एक मुश्त समाधान योजना में बिल जमा कर ब्याज का लाभ लिया। जिसमें लगभग 1 लाख 22 हजार रुपए जमा कराए गये। इसके उपरांत अवर अभियंता ने लोगों से 31 जनवरी 2025 तक अधिक से अधिक छूट का लाभ प्राप्त करने की अपील करते हुए लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में विधुत बिल जमा करने और ब्याज में लाभ लेने की बात कही।

## युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़**



कस्बा कुरारा के वार्ड छ में बीती रात युवक ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सुबह घटना की जानकारी परिजनो को हुई तो घर मेंकोहराम मच गया।पुलिस को सूचना मिलने पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है।कस्बा कुरारा के वार्ड छ निवासी राजेश कुमार गुप्ता का पुत्र बेभव उम्र 18 वर्ष नेबीती रात अज्ञात कारण के चलते अपने कमरे में रजाई के खोल से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। सुबह जब काफी देर तक वह अपने कमरे से नही निकला तो परिजनों ने देखा तो कमरा अंदर से बंद था। तब खिड़की से देखा तो वह फांसी पर झूल रहा था। तब पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। मृतक का पिता राजेश मंडी समिति में मुनीम का कार्य करता था। इस घटना से परिजनो का हाल बेहाल है।

# विपक्ष ने बाबा साहब के खिलाफ प्रचार कर हरवाया था चुनावः अनीता गुप्ता

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**






भारतीय जनता पार्टी, जिला कार्यालय में संविधान गौरव अभियान (11 से 25 जनवरी 2025) की जिला कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें कानपुर से महिला आयोग की सदस्य एवं भाजपा महिला कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनीता गुप्ता बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रही। प्रत्येक बूथ में संविधान गौरव अभियान के तहत कार्यक्रम हमारा संविधान हमारा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा आयोजित कार्यशाला में अनीता गुप्ता ने बताया कि 8, 9 जनवरी को प्रत्येक मंडल में मंडल कार्यशाला आयोजित की जायेगी। इस दौरान भाजपा बाबा साहब को चुनाव में हराने वाले विपक्ष का चेहरा उजागर करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रधानमंत्री ने बाबा साहब के खिलाफ प्रचार कर बाबा साहब को चुनाव में हरवाया था। भाजपा इस बात की जानकारी जन जन तक पहुंचाएगी। उन्होंने कहा कि बाबा साहब को भारत रत्न देने का काम भारतीय जनता पार्टी ने की। उस समय संयुक्त केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। कांग्रेस ने पहले उन्हें भारत रत्न सम्मान नहीं दिया। भारत बाबा साहब की जन्म भूमि ग्राम महू मध्यप्रदेश का विकास और उसको चमकाने के लिए भी भाजपा सरकार ने ही काम किया है। जयप्रकाश अनुरागी जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष ने बाबा साहब के लिए कुछ नही किया है। परन्तु उनसे बहुत कुछ लिया जरुर है। भाजपा बाबा साहब का आंतरिक सम्मान करती है, कभी दिखावा नहीं किया। उन्होंने कहा कि भाजपा विपक्ष के झूठ उजागर करेगी। जिससे विपक्ष का असली चेहरा उजागर होगा।


**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

## कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

महाकुम्भ-2025 के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्वघोषित अनेक विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त विशेष रेलगाड़ियों का संचालन भी निम्न विवरण के अनुसार किया जाएगा :-

**रेलगाड़ी सं. 06019/06020 मंगलूरू सेन्ट्रल-वाराणसी जं.-मंगलूरू सेन्ट्रल कुम्भ विशेष रेलगाड़ी** (04 फेरे)

| रेलगाड़ी सं. 06019 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 06020 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 04:15 | मंगलूरू सेन्ट्रल | 02:30 | ---- |
| 14:50 | ---- | वाराणसी जं. | ---- | 18:20 |

चलने के दिन : **06019 मंगलूरू सेन्ट्रल** से दिनांक 18.01.2025, 15.02.2025 को और **06020 वाराणसी जं.** से दिनांक 21.01.2025 एवं 18.02.2025 को।

ठहराव: कासरगोड, नीलेश्वरम, पैय्यानूर, कण्णुर, तलश्शेरी, वडकारा, कोषिक्कोड, फरोक, तिरूर, षोरणूर जं., ओट्टप्पालम, पालक्काड़ जं., कोयंबत्तूर जं., तिरुप्पूर, इरोड जं., सेलम जं., जोलारपेट्टै जं., काटपाडी जं., अरक्कोणम जं., पेरम्बूर, गुडुर जं., नेल्लूर, ओंगोल, चीराला, तेनाली जं., विजयवाड़ा जं., खम्मम, वरंगल, रामगुंडम, सिरपुरकागज नगर, बल्हारशाह जं., चंद्रपुर, नागपुर जं., इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर जं., कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी जं., मिर्जापुर एवं चुनार जं. स्टेशन

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान

**रेलगाड़ी सं. 06071/06072 चेन्नै सेन्ट्रल-गोमती नगर-चेन्नै सेन्ट्रल कुम्भ विशेष रेलगाड़ी** (06 फेरे)

| रेलगाड़ी सं. 06071 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 06072 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 14:20 | चेन्नै सेन्ट्रल | 23:55 | ---- |
| 07:40 | 07:50 | वाराणसी जं. | 10:05 | 10:15 |
| 14:15 | ---- | गोमती नगर | ---- | 03:45 |

चलने के दिन : **06071 चेन्नै सेन्ट्रल** से दिनांक 18.01.2025, 15.02.2025, 01.03.2025 को और **06072 गोमती नगर** से दिनांक 21.01.2025, 18.02.2025 एवं 04.03.2025 को।

ठहराव: गुडुर जं., नेल्लूर, ओंगोल, चीराला, तेनाली जं., न्यू गुंटूर, विजयवाड़ा जं., खम्मम, वरंगल, सिरपुर, कागजनगर, बल्हारशाह जं., गोंदिया जं., बालाघाट जं., नैनपुर जं., जबलपुर जं., कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी जं., मिर्जापुर, चुनार जं., वाराणसी जं. और अयोध्या धाम जं. स्टेशन

स्थान: 3 टियर वाता. एवं शयनयान

**रेलगाड़ी सं. 05267/05268 मुजफ्फरपुर जं.-झूँसी-मुजफ्फरपुर जं. कुम्भ विशेष रेलगाड़ी** (08 फेरे)

| रेलगाड़ी सं. 05267 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05268 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 17:15 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | ---- |
| 06:40 | 06:45 | वाराणसी जं. | 14:50 | 14:55 |
| 09:55 | ---- | झूँसी | ---- | 12:00 |

चलने के दिन : **05267 मुजफ्फरपुर जं.** से दिनांक 08.01.2025, 15.01.2025, 05.02.2025, 19.02.2025 को और **05268 झूँसी** से दिनांक 09.01.2025, 16.01.2025, 06.02.2025 एवं 20.02.2025 को।

ठहराव: मेहसी, चकिया, बापूधाम मोतिहारी, सगौली जं., बेतिया, नरकटियागंज जं., बगहा, कप्तान गंज, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, भटनी जं., मऊ जं., औंड़िहार जं., एवं वाराणसी जं. स्टेशन

स्थान: शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 05285/05286 जयनगर-झूँसी-जयनगर कुम्भ विशेष रेलगाड़ी** (08 फेरे)

| रेलगाड़ी सं. 05285 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05286 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23:50 | जयनगर | 10:15 | ---- |
| 12:40 | 12:45 | वाराणसी जं. | 21:05 | 21:20 |
| 15:45 | ---- | झूँसी | ---- | 17:45 |

चलने के दिन : **05285 जयनगर** से दिनांक 10.01.2025, 24.01.2025, 31.01.2025, 28.02.2025 को और **05286 झूँसी** से दिनांक 11.01.2025, 25.01.2025, 01.02.2025 एवं 01.03.2025 को।

ठहराव: मधुबनी, सकरी जं., दरभंगा जं., समस्तीपुर जं., ढ़ोली, मुजफ्फरपुर जं., हाजीपुर जं., सोनपुर जं., दिघवारा, छपरा जं., बलिया, गाजीपुर सिटी, औंड़िहार जं., वाराणसी जं. एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन

स्थान: शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 05295/05296 दरभंगा जं.-झूँसी-दरभंगा जं. कुम्भ विशेष रेलगाड़ी** (08 फेरे)

| रेलगाड़ी सं. 05295 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05296 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 21:00 | दरभंगा जं. | 02:30 | ---- |
| 07:00 | 07:05 | वाराणसी जं. | 15:35 | 15:40 |
| 10:00 | ---- | झूँसी | ---- | 12:10 |

चलने के दिन : **05295 दरभंगा जं.** से दिनांक 25.01.2025, 15.02.2025, 22.02.2025, 01.03.2025 को और **05296 झूँसी** से दिनांक 26.01.2025, 16.02.2025, 23.02.2025 एवं 02.03.2025 को।

ठहराव: समस्तीपुर जं., ढ़ोली, मुजफ्फरपुर जं., हाजीपुर जं., सोनपुर जं., दिघवारा, छपरा जं., बलिया, गाजीपुर सिटी, औंड़िहार जं., वाराणसी जं. एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन

स्थान: शयनयान एवं सामान्य

**रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें**

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# नौ जनवरी से लगेगा सेवा सहायता का कुम्भ

**बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**



श्रीराम वन कुटीर आश्रम हड़ियाकोल में 9 जनवरी से 25 जनवरी 2025 तक होने वाले सेवा समर्पण के महाकुंभ की सभी तैयारी पूर्ण कर ली गयी है। आश्रम के सेवादार मनीष मेहरोत्रा ने बताया कि 9 जनवरी से 21 जनवरी तक नेत्र (मोतियाबिन्द) के आपरेशन होंगे।

22 जनवरी से 25 जनवरी तक हार्निया, हाइड्रोसील, पाईल्स के आपरेशन होंगे। नेत्र के आपरेशन रूबी नेशनल मेमोरियल अस्पताल जालन्धर (पंजाब) के प्रख्यात नेत्र सर्जन डॉ0 जैकब प्रभाकर की टीम के द्वारा किये जायेंगे। जनरल सर्जरी के आपरेशन शिविर निदेशक डा0 जेके छापरवाल, उदयपुर (राजस्थान) की देखरेख में किये जायेंगे। डॉ. जैकब की टीम आज बस से यात्रा कर आश्रम पर पहुँच गयी है। 09 जनवरी को आश्रम में साक्षात विराजित रोगहरण श्रीहनुमान जी की पूजा अर्चना कर ट्रस्ट के अध्यक्ष भगवान दास जी शिविर की विधिवत शुरूवात करेंगे। 10 जनवरी को खाद्य एवं रसद नागरिक आपूर्ति मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा जी एवं धर्मेन्द्र यादव ब्लाक प्रमुख देवां शिविर का निरीक्षण करेंगे सभी आपरेशन आश्रम में स्थापित स्वामी राम दास जी महाराज स्मृति चिकित्सालय (धर्मार्थ) की अत्याधुनिक ओटी में किये जायेंगे। सभी आपरेशन ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क किये जायेंगे ट्रस्ट द्वारा सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। विभिन्न जिलों के मरीज अपने आपरेशन करवाने के लिए आश्रम पर पहुंचने लगे हैं।

रैन बसेरे में मरीजो, तिमारदारों के भोजन, रूकने, अलाव का प्रबन्ध ट्रस्ट द्वारा कर दिया गया है आश्रम के बाहर दुकाने सजने लगी हैं लेकिन जिलाधिकारी बाराबंकी सत्येन्द्र कुमार एवं मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा जी के द्वारा कई बार निर्देश देने के बाद भी जिला पंचायत बाराबंकी द्वारा आश्रम तक जाने वाली सड़क शिविर के पूर्व नही बन पाई और न ही जिला पंचायत द्वारा गढ्ढे भरवाये गये जिसके कारण आपरेशन कराने वाले मरीजों व उनके परिजनों को कष्ट का सामना करना पड़ सकता है।

# सहन की भूमि को लेकर बड़े भाई का किया कत्ल



**मसौली बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम झलिहा मे सहन की जमीन को लेकर दो सगे भाइयो के बींच हुई मारपीट मे छोटे भाई एव उनके पुत्रो ने बड़े भाई पर फावड़े से वार कर मौत की घाट उतार दिया दिनदहाड़े हुई घटना से गांव मे अफरातफरी मच गयी। सूचना पर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने डाग स्कवायड एव् फ़ारसेंसिक टीम के साथ मौका मुआयना कर अभियुक्तों के शीघ्र गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया है। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम झलिहा निवासी 60 वर्षीय विशेषर पुत्र कल्लू घर के सामने पड़े सहन की जमीन पर फावड़े से नीव खोद रहे थे पड़ोस मे रह रहे छोटे भाई परशुराम व उनके पुत्र नंदलाल व ननकू ने विरोध किया जिस पर दोनो पक्षों वाद विवाद होने लगा और देखते ही देखते विवाद मारपीट मे बदल गया छोटे भाई परशुराम व उनके पुत्र नंदलाल व ननकू ने विशेषर पर फावडे से प्रहार कर दिया सिर मे गंभीर चोट लगने के कारण बड़े भाई विशेषर की मौक़े पर ही मौत हो गयी।

दिनदहाड़े हुई घटना से पूरे गांव मे अफरातफरी मच गयी तथा हमलावर मौक़े से फरार हो गये।

मौक़े पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के भेज दिया है घटना स्थल पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने स्कवायड एव् फ़ारसेंसिक टीम के साथ मौका मुआयना कर अभियुक्तों के शीघ्र गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया है।

## विद्युत उपकेंद्र की टीम बकाया वसूली का चला रहे अभियान

**जैदपुर, बाराबंकी।** सरकार के आदेशानुसार भयंकर जाड़े व शीतलहर की परवाह न कर जैदपुर विद्युत उपकेंद्र के एसडीओ के नेतृत्व मे कर्मचारी कर रहे चेकिंग व बकाया वसूली।साथ ही लोगो को ओटीएस सरकार द्वारा चलायी गयी विद्युत बकाया बिल जमा करने हेतु एक मुश्त समाधान योजना के अंतर्गत जागरूक करते नजर आये।

जैदपुर उपकेंद्र के एसडीओ संदीप सिंह के नेतृत्व मे आम जनता को लाभ पहुंचने हेतु दूसरा चरण चालू है।ओटीएस को लेकर कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रो मे कैम्प लगाकर विद्युत उपभोक्ताओ को योजना का लाभ लेने के लिये प्रेरित लगातार किया जा रहा है।वही मंगलवार को सुबह से एसडीओ संदीप सिंह,वकार मेंहदी,मो वसी,सुरेन्द्र कुमार,फुरकान आदि कर्मचारियो के साथ घर घर जाने के साथ कई लोगो के मोहल्ला छोटा इमामबाड़ा व अन्य जगहो पर कनेक्शन स्वयं चेक किये।

# जनसेवा केंद्रों पर फॉर्मर रजिस्ट्री का नायब तहसीलदार ने किया निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**

जनसेवा केंद्र पर हो रही फार्मर रजिस्ट्री का नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पाण्डेय व अजीत कुमार जायसवाल ने राजस्व कर्मियों के साथ निरीक्षण किया। मंगलवार को तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र अन्तर्गत कोटवाधाम में सूर्यवंशी जन सेवा केन्द्र का निरीक्षण किया। जहां फार्मर रजिस्ट्री में ई साइन सरवर काम न करने के कारण किसानों की फार्मर रजिस्ट्री अधर में लटकी हुई है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि हेतु फार्मर रजिस्ट्री का कार्यक्रम ई साइन सरवर काम न करने के कारण नहीं हो पा रहा है।पूरा दिन किसान भूंखे प्यासे सी एस सी पर आधार खेतौनी व अन्य कागजात लेकर भटकते रहते हैं। किसान मुटरु, कैलाश, साहेब शरन, हेतम,नन्हा रावत, मदारपुर के महादेव गोतम रामसागर यादव सतीश कुमार तासीपुर सहित दर्जनों किसान सूर्यवंशी जनसेवा केंद्र कोटवाधाम पर फार्मर रजिस्ट्री करवाने के लिए लाइन में लगे रहे किन्तु फार्मर रजिस्ट्री न होने से दुखी थे।तभी जनसेवा केंद्र पर फार्मर रजिस्ट्री कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे नायब तहसीलदार अजीत कुमार जायसवाल, दिनेश कुमार पाण्डेय, अवधेश कुमार राजस्व निरीक्षक, प्रदीप कुमार वर्मा लेखपाल कोटवाधाम से किसानों ने अपनी व्यथा सुनाई, नायब तहसीलदार अजीत कुमार जायसवाल ने बताया है कि कहीं कहीं पर ई साइन सरवर के कारण कार्य बाधित हो रहा है।फार्मर रजिस्ट्री कार्यक्रम में राजस्व का पूरा प्रशासनिक अमला जुटा हुआ है। परन्तु फार्मर रजिस्ट्री कार्यक्रम गति नहीं पकड पा रहा है।

# हैदरगढ़ का पारा पांच डिग्री पहुंचा, ठंड से कांपा जनजीवन



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

बढ़ती ठंड और शीतलहर के बीच आम जनजीवन बिल्कुल रुक सा गया है। न्यूनतम 5 डिग्री तक पारा पहुंचने से लोग घरों में बैठ से गए हैं बाजारों की रौनक समाप्त हो चुकी है पिछले तीन दिनों से घने कोहरे और बादलों के चलते सर्दी का असर बढ़ गया। जिले में तो धूप के दर्शन ही नहीं हुए। मंगलवार को दिनभर बादलों के चलते खुल कर धूप नहीं निकलने से सर्दी का अहसास दिन भर बना रहा।दिसंबर के अंतिम सप्ताह के बाद जनवरी में ठंड चरम पर है और ठिठुरन बढ़ गई है।

इसी बीच नगर पंचायत हैदरगढ़ के ब्रम्हनान वार्ड निवासियों द्वारा स्वपोषित अलाव की व्यवस्था की गई जिसमें काफी संख्या में लोग अलाव का आनंद लेते दिखे।

## अलाव तापते बालक जुलझा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** लोनीकटरा थाना क्षेत्र अंतर्गत धौरहरा मजरे मोहम्मदपुर गांव में एक डेढ़ वर्षीय बालक अलाव तापते समय उसमें गिरकर गम्भीर झुलस गया। गांव निवासी उमादत्त का डेढ़ वर्षीय पुत्र अंश घर के अंदर आंगन में चारपाई पर बैठा हुआ तसले में जल रहा अलाव ताप रहा था कि तभी संतुलन बिगड़ जाने से उसी में गिरकर झुलस गया । आनन फानन में परिजन उसे लेकर सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था के चलते सिविल अस्पताल लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया।



# मनरेगा : डकोर ब्लाक के 21 कार्यो को किया गया चयनित

**कुसमिलिया,जालौन समृद्धि न्यूज।**

डकोर ब्लॉक क्षेत्र के 21 कार्यो का नरेगा योजनान्तर्गत अन्नपूर्णा भवन, आंगनवाड़ी, इंटरलॉकिंग, सीसी आदि के होने वाले निर्माण कार्यो के लिए चयनित किया गया है। परियोजना के तहत होने वाले यह कार्य 2 करोड़ 30 लाख रुपए की धनराशि से किए जाएंगे।

परियोजना का मंगलवार को सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने लोकार्पण कर इसे हरी झंडी दे दी है 21 कार्य का नरेगा के तहत अन्नपूर्णा भवन, आंगनवाड़ी, इंटरलॉकिंग एवं सीसी आदि निर्माण कार्य 2.30 करोड़ की लागत से किए जाएंगे। इन परियोजनाओं का लोकार्पण मंगलवार को सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने किया है। इस मौके पर विधायक ने कहा कि नरेगा के तहत गांवों में होने वाले इन कार्यो से गांवों की सूरत बदलेगी, और गांवों की सुख सुविधा बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि गुणवत्ता के साथ जल्द ही यह कार्य पूर्ण किए जाएंगे और इसका लाभ ग्रामीणों को मिलने लगेगा। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी मुलायम सिंह डकोर ने विधायक का स्वागत किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि छत्रपाल यादव, बीडीओ रमेश चन्द्र शर्मा, एडीओ बलवीर सिंह सेंगर, एडीओ आईएसबी रमेश उदैनिया, इंस्पेक्टर शशिकांत चौहान, सचिव रामबिहारी वर्मा, प्रधान सोनू यादव, महेंद्र, संजय क्षेत्र के बीडीसी मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरे पिता के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम SONALI व जन्मतिथि 06.04.2001 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम SONALI RAJPUT व जन्मतिथि 20.03.2003 है। SONALI RAJPUT D/o of Army No-3003738L, रैंक-हवलदार, हरबिलास राजपूत, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी ग्राम-दिगुवान, तहसील-सेहुंडा, जिला-दतिया, राज्य-मध्य प्रदेश-475673, द्वारा शपथ पत्र नंबर-44AA160243, 07 जनवरी 2025 फतेहगढ़ कोर्ट.

**सूचना**

मेरे पिता के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम HIMANSU दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम HIMANSHU RAJPUT है। HIMANSHU RAJPUT S/o of Army No-3003738L, रैंक-हवलदार, हरबिलास राजपूत, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी ग्राम-दिगुवान, तहसील-सेहुंडा, जिला-दतिया, राज्य-मध्य प्रदेश-475673, द्वारा शपथ पत्र नंबर-44AA160244, 07 जनवरी 2025 फतेहगढ़ कोर्ट.

# खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा, उत्तम स्वास्थ्य के साथ दिलो को जोड़ताः ग्राम प्रधान प्रतिनिधि

**मसौली बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**



खेल हमारे जीवन का आवश्यक हिस्सा है। स्वस्थ शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल कई प्रकार के होते हैं, जो हमारे शारीरिक के साथ मानसिक विकास में मदद करते हैं।

उक्त बातें गुरुवार को ग्राम पंचायत बड़ागाँव स्थित जमील उर रहमान किदवाई स्मारक स्टेडियम में युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता मे प्रतिभागी खिलाड़ियों को मेडल एव प्रमाण पत्र वितरित करते हुए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने कही। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं के लिए महत्वपूर्ण है प्रदेश एव केंद्र सरकार खेल जगत में युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर दे रही है। धूम्रपान युवाओं व खिलाड़ियों के लिए खतरनाक है युवा धूम्रपान से दूर रहे।

पूर्व क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अमर बहादुर सिंह की देखरेख मे अजय यादव, गिरीश्चंद्र यादव, सुशील वर्मा, अनुप वर्मा, हंसराज की निगरानी मे हुई प्रतियोगिता मे 15 सौ मीटर लम्बी दौड़ मे मे शिवम को प्रथम, लल्लन सिंह को द्वितीय व प्रशांत को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। बालिका वर्ग मे गरिमा को प्रथम, रौशनी को द्वितीय व शिखा वर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। 4 सौ मीटर लम्बी दौड़ मे विनय कुमार को प्रथम, प्रशांत को द्वितीय व लल्लन सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, बालिका वर्ग मे प्रियाशी को प्रथम, मधु शर्मा को द्वितीय व प्रतिज्ञा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ इसी तरह 2 सौ मीटर लम्बी दौड़ मे सुहेल को प्रथम, प्रशांत को द्वितीय व रोहित को तृतीय स्थान बालिका वर्ग मे हिना को प्रथम, गरिमा को द्वितीय कशिश को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। लम्बी कूद बालिका मे गौशिया बानो को प्रथम हिना को द्वितीय व रौशनी को तृतीय बालक वर्ग मे आलोक सोनी को प्रथम, लल्लन सिंह को द्वितीय व मो0 साहिल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। गोला फेंक मे आलोक को प्रथम रोहित को द्वितीय मो0 सुहेल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कुश्ती प्रतियोगिता मे लकी को प्रथम व शिवम को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। वालीबाल सीनियर वर्ग मे बांसा को प्रथम व आई टी आई को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ जूनियर वर्ग मे बांसा प्रथम व मसौली को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। कबड्डी प्रतियोगिता मे बालिका वर्ग मे मसौली प्रथम व अमदहा द्वितीय बालक वर्ग मे मसौली प्रथम व मेढिया द्वितीय स्थान पर रहे। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विकास तिवारी व कार्यक्रम संयोजक राज्य स्तरीय खिलाड़ी तुलसीराम चौहान ने सभी आए हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौक़े पर पूर्व क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अमर बहादुर सिंह, मतीन अंसारी, मो0 रिजवान सहित तमाम दर्शक मौजूद रहे।

# शान्तिपुरम सेवा समिति ने की मासिक बैठक, दी नववर्ष की बधाई

**बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**

शान्तिपुरम सेवा समिति के तत्वाधान में डा वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव के द्वारा आयोजत सभा में शान्तिपुरम स्थित अपने आवास पर शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अध्यक्षता सुरेश चंद्र बैसवार एवं शानदार सफल संचालन प्राचार्य नन्हे सिंह द्वारा किया गया। समारोह का आगाज़ पुरोहित अरविन्द मिश्र के मंगलाचरण एवं युवा गीतकार साहब नारायण शर्मा की वाणी वंदना से हुआ। संयोजक डॉ वीरेंद्र श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि सेवा सम्मान सहयोग ही हमारे जीवन का कर्तव्य है और मेरे जीवन का लक्ष्य भी। डॉ राम सुरेश वर्मा ने लोककथा सुनाई तो उदय शंकर वर्मा, शत्रोहन लाल वर्मा ,योगेंद्र वर्मा, राम अभिलाष वर्मा, रज्जन लाल श्रीवास्तव, के के शर्मा ने नववर्ष पर शुभकामनाएं शब्द सुमनों से समप्रेषित की। व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव लल्लू द्वारा हास्य व्यंग की कविताएं प्रस्तुत करते हुए नववर्ष पर सबके माथे पर शब्दों के चन्दन से तिलक करने का आह्वान किया गया।ओज कवि दीपक दिवाकर, दिनेश सिंह , राधेश दीक्षित, रामबालक मिश्रा, नींबू लाल, सियाराम रावत, साहब नारायण शर्मा, अरविन्द मिश्र पुरोहित, बलवंत सिंह, रवीन्द्र यादव, रामचन्द्र वर्मा, नौमी लाल यादव द्वारा ओज, गीत, हास्य की कविताएं प्रस्तुत कर समारोह को साहित्यिकता से ओतप्रोत कर हंसने मुस्कराने एवं चिन्तन के लिए विवश कर दिया गया। समारोह में समिति द्वारा संरक्षक रामचंद्र वर्मा के 80 वर्ष की आयु पूर्ण किए जाने पर वरिष्ठ नागरिक सम्मान प्रदान कर सम्मानित करते हुए व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव लल्लू,ओज कवि दीपक दिवाकर, ओज कवि अरविंद मिश्रा, साहब नारायण शर्मा, सियाराम रावत को डा वीरेंद्र श्रीवास्तव द्वारा गुलाब पुष्प, अंग वस्त्र, भगवद्गीता एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। यही नहीं डा वीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थित समस्त सम्मानित अतिथिगण, पदाधिकारियों, सदस्यों, एवं श्रोताओं को भी भगवदगीता, प्रतीक चिन्ह एवं लेखन सामग्री भेंटकर सम्मानित किया । अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए सुरेश चन्द्र बैसवार ने कहा कि जीवन में अनुशासन का बहुत ही महत्त्व है, अनुशासन में रहकर किसी भी कार्य को करने से निश्चित ही सफलता मिलती है।जिस तरह आज समारोह में सभी की उपस्थिति है मैं भविष्य में भी आशा करुंगा कि सभी की शत प्रतिशत उपस्थिति हो। समिति ने आयोजक डॉ वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव को सम्मानित किया । डा वीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में अजय वर्मा, शेखर शुक्ला ,लक्ष्मी नारायण मिश्रा ,सोमनाथ सिंह,शत्रोहनलाल,राम शंकर,राजेशवर्मा,लालू वर्मा,शिव बहादुर सिंह,आर डी कनौजिया सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## उद्यान विकास समिति की बैठक हुई आयोजित

**बाराबंकी।** जिला उद्यान विकास समिति की बैठक गीता त्रिवेदी उपनिदेशक उद्यान,अयोध्या मण्डल की अध्यक्षता में,विकास भवन बाराबंकी में सम्पन्न हुई, जिसमें जलि के राजकीय उद्यानों के संरक्षण, भ्रमणकारियों के लिए जन सुविधाओं में वृद्धि, उद्यानों को आकर्षक व सुंदर बनाने सहित तमाम महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार विमर्श हुआ और तद् विषयक निर्णय लिये गये।

**सूचना**

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम MULA DEVI व जन्मतिथि 10.02.1950 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम MOOLA DEVI RAJPPOT व जन्मतिथि 01.07.1948 है। MOOLA DEVI RAJP-POT M/o of Army No-3003738L, रैंक-हवलदार, हरबिलास राजपूत, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी ग्राम-दिगुवान, तहसील-सेहुंडा, जिला-दतिया, राज्य-मध्य प्रदेश-475673, द्वारा शपथ पत्र नंबर-44AA160245, 07 जनवरी 2025 फतेहगढ़ कोर्ट.

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः /नोटिस/दिनांक 2024-25 दिनांकः 07 जनवरी 2025

सार्वजनिक सूचना

नोटिस

(नगर पालिका अधिनियम 1916 के अंतर्गत धारा 211)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मोहल्ला बीबीगंज महेरवान शाक्य धर्मशाला के निकट निर्मित सामुदायिक शौचालय के पास रिक्त पड़ी सरकारी भूमि पर अज्ञात लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। जो कि सरकारी भूमि है, जिससे अतिक्रमण को हटवाया जाना अति आवश्यक है। अतः इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस किसी व्यक्ति के द्वारा प्रश्नगत स्थल सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया गया है वह तीन दिवस के अन्दर उक्त भू-भाग से स्वंय अतिक्रमण हटा लें अन्यथा निर्धारित अवधि में ऐसा नहीं किया जाता है तो पालिका द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से प्रश्नगत स्थल से अतिक्रमण हटवा दिया जायेगा तथा नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 211 में दी गयी व्यवस्वान्तर्गत आपके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। जिसकी जिम्मेदारी सम्बन्धित व्यक्ति की स्वंय की होगी।

अधिशासी अधिकारी-(नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद)

**कार्यालय ग्राम पंचायत किसरोली वि0ख0 शमशाबाद, फर्रुखाबाद**

पत्रांकःमीमो/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 दिनांक 07/01/2025

निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त के अन्तर्गत ग्राम पंचायत किसरोली विकास खण्ड शमशाबाद जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 08/01/2025 से दिनांक 14/01/2025 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 14/01/2025 को अपरान्ह 4 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 08/01/2025 से दिनांक 14/01/2025 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 04 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | सुभाष के घर से आशरे के घर सीसी, नाली व जाल निर्माण कार्य | 435875 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (अंजू गंगवार) ग्रा0पं0 किसरोली, विकास खण्ड शमशाबाद सचिव (राजेश कुमार)

# डीएम-एसपी ने कारागार की स्थिति का लिया जायजा

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



जिला कारागार का आज एक संयुक्त निरीक्षण किया गया जिसमें जनपद न्यायाधीश अचल सचदेव, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कारागार की स्थिति का जायजा लिया। इस निरीक्षण के दौरान, संबंधित अधिकारियों ने बंदियों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए, बंदियों को जैकेट और कंबल वितरित किए गए। कारागार की साफ-सफाई और अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित मिली। बंदियों की सुविधा के लिए विशेष ध्यान दिया गया और यह सुनिश्चित किया गया कि सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों। जनपद न्यायाधीश ने यह निर्देश दिए कि जिन बंदियों के पास पैरवी के लिए अधिवक्ता नहीं हैं, उनकी शीघ्र व्यवस्था की जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इन मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाए ताकि किसी भी बंदी को न्याय मिलने में कोई बाधा न आए। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक खरे, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव शरण, जेल अधीक्षक नीरज देव, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, कारापाल प्रदीप कुमार, उप कारापाल अरविन्द कुमार सिन्हा, उप कारापाल अमर सिंह के साथ-साथ समस्त कारागार स्टाफ उपस्थित रहा।

# बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों का माला पहनाकर किया स्वागत

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



''राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह'' के अन्तर्गत शहीद भगत सिंह चौराहे पर सीट-बेल्ट, हेलमेट का प्रयोग करने हेतु जागरुकता अभियान चलाया गया। उक्त अभियान में राजेश कुमार वर्मा, नगर मजिस्टेऊट, अर्चना सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर, ट्राफिक्र, राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल, बीर बहादुर सिंह, यातायात प्रभारी, रवि वर्मा, अध्यक्ष ई-रिक्शा एसोसिएशन, इं. अजय इटोदिया, ममता स्वर्णकार, लक्ष्मण दास बबानी, महाबीर तरसौरिया, शान्ती स्वरुप महेश्वरी, युद्धवीर कंथारिया, डा. नरेश वर्मा, सीपी गुप्ता, इरफान अली एक्टिव वेलफेयर सचिव, मन्नू आदि उपस्थित रहे। विनय कुमार पाण्डेय यात्रीकर, मालकर अधिकारी द्वारा कदौरा व जोल्हूपुर मोड़ पर समस्त दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों व राहगीरों से सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की अपील की गयी व जो भी वाहन चालक बिना हेलमेट व सीट बेल्ट के वाहन संचालन करते मिले उनको फूल देकर व माला पहनाकर सरकार, परिवहन विभाग व सरकार की ओर से आग्रह किया गया कि व दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेट का प्रयोग करें, वाहन चलाते समय स्टंटबाजी न करें, नशे की हालत में वाहन न चलायें, तेज रफ्तार से वाहन न चलायें, गलत ढंग से ओवरटेक न करने, रॉंग साइड वाहन न चलाये जाने हेतु आग्रहण किया गया। सुरेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन एवं प्रर्वतन) द्वारा कस्बा कुठौंद में दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों से अपील की गयी कि सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन से न केवल हम अपने जीवन को सुरक्षित रख सकते हैं बल्कि परिवार को भी अनेक समस्याओं से बचा सकते हैं, जो सड़क दुर्घटना के कारण उत्पन्न होतीं हैं। इसीलिये हम सभी को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करके भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। अभियान में मिले समस्त दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट का प्रयोग करने व चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु सलाह दी गयी व जो भी वाहन चालक बिना हेलमेट व सीट बेल्ट के वाहन संचालित करते पाये गये उनको फूल देकर व माला पहनाकर सरकार, परिवहन विभाग व उनके परिवार की ओर से आग्रह किया गया कि वाहन का संचालन करते समय सड़क सुरक्षा के सभी नियमों का पालन करें व वाहन नशे की हालत में वाहन न चलायें, तेज गति से वाहन न चलायें, वाहन चलाते समय स्टंट आदि न करें।

**कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3, अलीगंज,जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांक-1733/ई.ई.-3/एल.जे.एस. दिनांक- 17.01.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 15.01.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनांक 15.01.2025 को अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स से प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 15.01.2025 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के कार्यालय में खोली जायेगी। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Laying & Interconnection of 140 mm dia P.V.C. pipe line 110 mtr from UCO Bank of Univercity Campus to Play Ground Of Lucknow Univercity, Aliganj Zone-3, Lko | 5700.00 | Rs.300 | 07 दिवस |
| 2. | Laying & Interconnection of 140 mm dia P.V.C. pipe line 230 mtr from Lucknow Univercity Gate No-1 to Lucknow Univercity Canteen, Aliganj Zone-3, Lko | 8200.00 | Rs.450 | 07 दिवस |

**अधिशासी अभियन्ता जोन-3
जलकल विभाग,
नगर निगम, लखनऊ**

# विपक्षी पार्टियां बाबा साहब के सपने को धूमिल करने में लगी: सुब्रत

▸ 11 से 25 जनवरी तक चलेगा संविधान गौरव अभियान

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



शहर में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदोरिया ने की। मुख्य अतिथि के रूप में निवर्तमान सांसद सुब्रत पाठक रहे।

निवर्तमान सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी 11 जनवरी से लेकर 25 जनवरी तक संविधान गौरव अभियान मनाएगी। यह अभियान भारतीय जनता पार्टी के जिले से लेकर मंडल और मंडल से लेकर बूथ स्तर तक चलेगा। यह संविधान गौरव दिवस बाबा साहब के बलिदान को याद करने के लिए मनाया जा रहा है। जहां एक ओर मोदी बाबा साहब के सपनों को पूरा करने की ओर लगातार अग्रसर वही दूसरी ओर कांग्रेस सपा जैसी पार्टियां सरकार बाबा साहब के सपने को धूमिल करने में लगी हुई है। जहां एक ओर मोदी जी ने कश्मीर में धारा 370 हटा कर वहां के दलितों, पिछड़ों को उनका अधिकार दिलाने का काम किया है। वही कांग्रेस सपा जैसी पार्टियां लगातार 370 का विरोध कर रही है वे धारा 370 का विरोध नहीं कर रही है वे दलितों पिछड़ों के आरक्षण को छीनने का काम कर रही है। कहा कि यूपी में सपा की सरकार आते ही अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के तुरंत बाद कन्नौज में बाबा साहब के नाम से बने मेडिकल कॉलेज का नाम बदल दिया। मेडिकल कॉलेज का नाम ही नहीं बदला अखिलेश के इशारे पर बाबा साहब के नाम से बने बोर्ड को जमीन पर गिराकर समाजवादी लोगों ने अपने पैरों से रौंदा था।

जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदोरिया ने कहा कि संविधान गौरव अभियान बाबा साहब को सम्मान देने और उनके द्वारा देश के लिए के कार्यों को बताने के लिए मनाया जा रहा है। मोदी लगातार बाबा साहब के पद चिन्हों पर चलकर उनके बताए गए रास्ते पर चल रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री शैलेंद्र द्विवेदी ने किया। इस दौरान जिला प्रभारी इंद्रपाल पटेल, विधायक कैलाश राजपूत, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, रामवीर कठेरिया, हरिवक्स सिंह, राजेश दिवाकर, प्राची गुप्ता योगेंद्र भदौरिया सहित आदि रहे।

# जेल के अंदर न जाने दी जाएं प्रतिबंधित सामग्री

▸ डीजे- डीएम ने किया जिला कारागार का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



निरीक्षण के दौरान मौजूद डीजे, डीएम और एसपी सहित प्रशासनिक अधिकारी

प्रशासनिक अधिकारियों ने जिला जेल का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मंगलवार को अनौगी स्थित जिला कारागार में जिला जज चंद्रोदय कुमार जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ल और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आंनद ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सभी बैरकों तथा बन्दियों का गहन निरीक्षण किया गया। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया। कि नियमित रूप से उनके व जेल स्टाफ द्वारा जेल की चेकिंग की जाती है। जिला कारागार मे निरीक्षण के समय सभी व्यवस्थाएं सन्तोषजनक पायी गयी। जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न जाए इसके लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही जिला कारागार में आने वाले नये कैदियों का जेल चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। पुलिस अधीक्षक ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिए कि नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहे एवं निरूद्ध बन्दियों पर विशेष सतर्क दृष्टि रखें एवं आवश्यकतानुसार समय- समय पर कारागार मे निरूद्ध बन्दियों की गतिविधियों के सम्बन्ध मे जानकारी देते रहें।

# सपा नेता के मैरिज हॉल पर गरजा बुलडोजर किया ध्वस्त

▸ कई दिनों पहले जारी किया था नोटिस, उसके बाद की गई कार्यवाही

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



अवैध कब्जे को ध्वस्तीकरण करता बुलडोजर

अवैध कब्जे को लेकर एक बार फिर बाबा का बुलडोजर चलता दिखाई दिया। सपा नेता ने रास्ते में अतिक्रमण कर अवैध कब्जा किया था। मैरिज हॉल में अवैध तरीके से गेट लगवा दिया।

सरकारी जमीन पर बने अवैध निर्माण की सूचना पर करीब दो माह पहले नोटिस भी जारी किया था। नोटिस की अवधि समाप्त होने पर राजस्व की टीम पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बने अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। शहर के बालापीर मोहल्ले में समाजवादी पार्टी के नेता कैस खान के द्वारा अवैध तरीके से मैरिज हॉल के पीछे गेट लगवा दिया था। प्रशासन ने नोटिस जारी कर सूचना दी थी। नोटिस की समय अवधि के बाद राजस्व की टीम पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मंगलवार सुबह बने अवैध तरीके से निर्माण को बुलडोजर चलवा कर ध्वस्त कर दिया। राजस्व पुलिस की मौजदूगी में कार्यवाई की गई।

सरकारी रास्ते पर कब्जा कर सपा नेता ने निर्माण कर रखा था। अवैध तरीके से कब्ज युक्त जगह को बाबा के बुलडोजर ने ध्वस्त कर कब्जा मुक्त कर दिया।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले बारह वाहनों के कटे चालान

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में चलाए जा रहे याताया अभियान में सोमवार को टीएसआई अरशद अली ने कस्बे में पहुंच कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लगभग 12 वाहनों के चलन कर चालकों को नियमों की जानकारी देते हुए जागरूक किया। सोमवार को नगर के पूर्वी बाईपास,सौरिख तिराहा एवं तालग्राम रोड पर यातायात जागरूकता चैकिंग अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान टीएसआई अरशद ने वाहन चालकों को हिदायत दी कि अगर कोई भी वाहन चालक उल्टी दिशा, नशे की हालत में, बिना लाइसेंस, बिना परमिट वाहन चलते पाया जाएगा तो उसके विरुद्ध एमवीएक्ट के तहत जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा हाईवे के किनारे बेतुके खड़े वाहनों से दुर्घटनाएं होने की संभावना रहती है, जिस कारण नो पार्किंग स्थानों पर ट्रैकों व अन्य वाहनों को खड़ा करना उचित नहीं है। इस लिए सड़क के किनारे वाहन पार्क करने से बचे। नशे ही हालत में वाहन चलाने से काफी दुर्घटनाएं होती है। नशे की हालत में वाहन न चलाए।शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों को यातायात पुलिस लगातार चेक भी कर रही है और चालकों को जागरुक भी किया जा रहा है। इस दौरान टीएसआई अरशद अली ने नियमों का उल्लंघन करने वाले लगभग 12 वाहनों के चालान भी किए। टीएसआई द्वारा बताया गया कि बहुत जल्द ऐसे वाहनों में रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाने का काम फिर किया जाएगा, जिनमें किसी प्रकार की कोई चीज पीछे चमकने वाली नहीं लगाई गई है। क्योंकि रात्रि के समय वाहनों का दिखाई पड़ना बेहद जरूरी है। इस अभियान में होमगार्ड राजेश एवं पी आर डी अजय मौजूद रहे।

# यातायात पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रालियों व साइकिलों में लगाएं रिफ्लेक्टर टेप

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



ट्रॉली पर रिफ्लेक्टर टेप लगाते यातायात प्रभारी आफाक खां

सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत दुर्घटनाएं को रोकने के लिए यातायात पुलिस जागरूकता अभियान चला रही है। जिसमें वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर रही है। मंगलवार को यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां ने अपनी टीम के साथ शहर के कई चौराहों, तिराहों पर ट्रैक्टर ट्रालियों एवं साइकिलों में मानक के अनुरूप रेफ्लेक्टर टेप लगाए। यातायात पुलिस द्वारा अभियान के रूप में कई घण्टे तक चलाया गया। जिसमें लगभग 115 ट्रैक्टर ट्रालियों में एवं कई साइकिलों में रेफ्लेक्टर टेप लगाए गए। यातायात प्रभारी ने लोगों को जागरूक भी किया। यातायात प्रभारी ने बताया कि वाहनों में रेफ्लेक्टर टेप लगाने का मानक है। कि वाहन के पीछे लाल रंग और वाहन के आगे सफेद रंग और वाहन के दाहिने, बाएं साइड में पीले रंग का रेफ्लेक्टर टेप लगाना चाहिए। जिससे रात्रि में वाहन दूर से अन्य चालकों को दृष्टि गोचर हो जाए। और दुर्घटनाओं से बचाव हो सके। इस दौरान मुख्य आरक्षी प्रमोद कुमार, मुख्य आरक्षी विजय बाबू, आरक्षी धनीराम यादव सहित आदि रहे।

## ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की मनाई गई छठी

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती का सालाना उर्स एवं छठी बड़े ही धूमधाम से नगर व क्षेत्र में मनाई गई। जिसमें जगह-जगह टेंट लगाकर लोगों को लंगर बांटा गया। इसके साथ ही उर्स का भी आयोजन किया गया। मंगलवार को हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती गरीब नवाज का 813 वां सालाना उर्स-ए-पाक एवं छठी को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर नगर सहित तिराहा पर कई जगह टेंट लगाकर लोगों को खीर वितरित की गई। इसके अलावा नगर के तिराहा स्थित जामा मस्जिद के सामने समाजसेवी मुनीर कुरैशी के द्वारा शहर काजी हाफ्जि जुम्मन व सभी कमेटियों के पदाधिकारी का पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। इस मौके पर फैजान कुरैशी, दिलशाद, सलमान कुरेशी, जीशान, मकबूल, हसन आदि मौजूद रहे।

# पुलिस पर पथराव करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

बीते दिन पुलिस पर पत्थर फेंकने पर पुलिस कर्मी घायल हो गए थे। और यूपी 112 पीआरवी का शीशा क्षतिग्रस्त व एक एम्बुलेंस का शीशा क्षतिग्रस्त हुआ। ठठिया पुलिस ने उपद्रव करने वाले 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। बीते दिन शाम 6:30 बजे यूपी 112 पर संजय निवासी सिखवापुर ने गोली चलने की सूचना दी। तत्काल मौके पर यूपी 112 और ठठिया थाना पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। मौके पर गोली चलने वाली बात सही नहीं पाई गई। मौके पर भीड़ इकट्ठा थी। मौजूद भीड को पुलिस द्वारा समझाया जा रहा था। तभी एक पक्ष द्वारा पुलिस पर पत्थर फेंक दिया गया। जिससे यूपी 112 पीआरवी का शीशा क्षतिग्रस्त हुआ व एक एम्बुलेंस का शीशा क्षतिग्रस्त हुआ। थाना ठठिया पर तैनात आरक्षी सागर व रवि को सामान्य चोटें आई हैं जिसके सम्बन्ध में थाना ठठिया पर 20 नामजद तथा 100-150 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अभियुक्त गण देव कुमार पुत्र गंयाशंकर, अशोक कुमार पुत्र गयाशंकर, अनिल पुत्र दर्शनलाल, सन्तराम पुत्र मनफूल, संजय पुत्र दर्शनलाल समस्त निवासीगण ग्राम सिखवापुर को ग्राम शिखवापुर व जैनपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

# बृजमोहन बने बार एसोसिएशन के नए अध्यक्ष



**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

तहसील बार एसोसिएशन में नई कार्यकारिणी के गठन के लिए मंगलवार को अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में दो उम्मीदवारों द्वारा अपना नामांकन वापस ले लेने के कारण अध्यक्ष पद पर वृजमोहन यादव को निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया। उनके अध्यक्ष पद के चुने जाने की घोषणा होते ही बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। बार एसोसिएशन में अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर पिछले चार दिनों से गहमागहमी चल रही थी। अध्यक्ष पद के लिए बृजमोहन यादव व देवेन्द्र दिवाकर उर्फ खन्ना व अवनीश कुमार यादव ने चुनाव अधिकारी सुधीर यादव, बृजकिशोर अवस्थी व देवेन्द्र भदौरिया के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया था।

शेष पदों पर एक-एक नामांकन होने से उन सभी का निर्विरोध चुना जाना पहले ही तय हो गया था। अध्यक्ष पद को लेकर तीनों उम्मदीवारों के मध्य जोर अजमाइश चल रही थी। मंगलवार को देवेन्द्र दिवाकर व अवनीश यादव ने अपना नामांकन वापस ले लिया। जिससे चुनाव अधिकारियों ने बृजमोहन यादव को निर्विरोध अध्यक्ष घोषित कर दिया। इसके अलावा महासचिव पद पर विपिन द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रामप्रताप पाल, उपाध्यक्ष पद पर प्रशांत राजावत, संयुक्त सचिव पद पर हिमांशू तोमर, कोषाध्यक्ष पद पर प्रदीप राजपूत व मीडिया प्रभारी पद पर सुमित श्रीवास्तव को चुन लिया गया। चुनाव समाप्त होने के बाद एसोसिएशन के बरिष्ठ अधिवक्ता राजेश श्रीवास्तव, संजीव दोहरे, अमरेश यादव, रामरतन पाल, कमलेश पाल, सुरेन्द्र यादव, राजा अवस्थी, महोब सिंह यादव, पूर्व अध्यक्ष अजय बघेल, सुनील श्रीवास्तव, अनिल कश्यप, हरीशंकर राजपूत, रवीन्द्र प्रताप सिंह उर्फ लल्ला ने निर्वाचित अध्यक्ष व नई कार्यकारिणी का माल्यार्पण कर अभिनन्दन किया।

# पतंजलि योगपीठ भारत स्वाभिमान ट्रस्ट की मनी वर्षगांठ

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

पश्चिमी बाईपास स्थित श्रीराम रिसोर्ट में हवन पूजन करके पतंजलि योगपीठ (भारत स्वाभिमान ट्रस्ट) की 30वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। पतंजलि योगपीठ परिवार और भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के लोग सुबह 10 बजे गेस्ट हाउस में एकत्र हुए। सभी को पतंजलि योगपीठ हरिद्वार (भारत स्वाभिमान ट्रस्ट) के जिला प्रभारी योग गुरु सत्यराम यादव व यज्ञाचार्य सुरेश चंद्र शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन कराया। इसमें सभी ने आहुतियां देकर स्वस्थ एवं समृद्ध भारत की कामना की। इस अवसर पर जिला प्रभारी सत्यराम यादव ने कहा बिना किसी खर्च के शरीर को स्वस्थ रखने का सर्वोत्तम साधन नियमित योग करना है। वह पतंजलि योगपीठ से जुड़कर स्वयं को गौरवान्वित महसूस करते हैं।



अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ। इस मौके पर रणवीर सिंह, क्षमा गुप्ता, अनुभा, श्वेता दुबे, रश्मि यादव, हरबंस सिंह, योगेंद्र सिंह यादव एडवोकेट, जितेंद्र सिंह, भारत सिंह वर्मा, आसाराम यादव, सुधीर कुमार सविता, राहुल कठेरिया, विनय यादव, गोल्डन सिंह, सुभाष यादव, सुनील कुमार शर्मा, जोगराज यादव, डॉ सीबी सिंह शाक्य, श्रीपाल वर्मा, भारत सिंह प्रजापति, आरबी सिंह यादव, सतीश शर्मा, भानु प्रताप सिंह और बालस्टर सिंह सहित बड़ी संख्या में योग साधक मौजूद रहे।



## फ़ज़र फातिहा हुई और फातिहा के बाद तबररूक तसकीम किया गया

**छिबरामऊ कन्नौज।** हर साल की तरह इस साल भी हिंदुस्तान के बादशाह ख्वाजा गरीब नबाज के 813 बें उर्स के मौके पर अंजुमन मुस्लिम काम्युनिटी फाउंडेशन की जानिब से जामा मस्जिद, छिबरामऊ मे बाद नमाज़े फ़ज़र फातिहा हुई और फातिहा के बाद तबररूक तसकीम किया गया। फातिहा के बाद जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना सैय्यद फुरकान मिस्बाही साहब ने मुल्क मे अमन- चैन और भाई- चारे, मुल्क की तरक्की की दुआ की। इस अबसर पर कमेटी के सदर मोहम्मद जाहिद चिश्ती ने बताया की आज से लगभग आठ सौ साल पहले हज़रत ख्वाजा गरीब नबाज ने हिंदुस्तान मे अमन और शांति का प्रचार किया और लोगों को इंसानियत के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया इसीलिए आज आठ सौ साल बाद भी सभी धर्म के लोगों की आस्था ख्वाजा गरीब नबाज से है और आज भी सभी धर्म के लोग अजमेर मे गरीब नवाज के दरवार मे हाज़री लगाने जाते है और मन की मुरादें पूरी होती है ख्वाजा गरीब नबाज की दरगह पर सभी धर्म के लोगों के साथ समान ब्यहार किया जाता है इसलिए शायर कहता है होके मायूस तेरे दर से कोई सबाली न गया झोलियां सभी सबकी भरी, आपके दर से कोई खाली न गया। इस अवसर पर हाफिज मुजीब, हाफिज फैज़ान, मोनिस अंसारी, नसीम, सानू मंसूरी,शरीफ कुरैशी, राजा,जुनैद, राजा, हमज़ा, आकिब, अकरम, एहसान, शाहिद, फुरकान आदि लोग उपस्तिथि रहे।

# बिजलेंस टीम ने छापेमारी कर चलाया अभियान

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

उच्चाधिकारियों के निर्देश पर विजलेंस व विद्युत विभाग की टीम द्वारा नगर के कई मोहल्ले में बिजली चोरी को रोकने के लिए छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसको देख बिजली चोरों में हड़कंप मच गया। मंगलवार को नगर के मोहल्ला अशोक नगर, किदवई नगर और समधन नगर पंचायत में बकाया बसूली और बिजली चोरी को लेकर बिजलेंस व विद्युत टीम के द्वारा अभियान चलाया गया। इस मौके पर विजिलेंस प्रभारी समरपाल सिंह, अवर अभियंता विकास कुमार, अजय अवस्थी के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। जिसको देख बिजली चोरों में हड़कंप मच गया। इस मौके पर आठ लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। जिनके विरुद्ध बिजलेंस प्रभारी के द्वारा कार्रवाई की गई। छापेमारी से बकायेदारों व विद्युत चोरों में हडकंप



छापेमारी करती बिललेंस टीम।

## भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का हुआ विस्तार



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के द्वारा नगर के सती माता मंदिर में एक बैठक आयोजन किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष के द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके बाद मनोनीत पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मंगलवार को नगर के सर्विस रोड स्थित सती माता मंदिर में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राज शर्मा के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिला महामंत्री नीरज मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष उमाकांत सैनी, नगर अध्यक्ष विपिन कुमार कौशल, नगर महामंत्री धनंजय वर्मा, नगर प्रभारी सुगम दुबे, नगर अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ गोविंद तिवारी, नगर महामंत्री करण गुप्ता को मनोनीत किया गया। वही नगर संरक्षक के रूप में पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता को मनोनीत किया गया। जबकि महेश चंद्र गुप्त, अवधेश चंद्र गुप्त को भी नगर संरक्षक का पद दिया गया। इसके बाद सभी को जिलाध्यक्ष के द्वारा माल्यार्पण कर शुभकामनाएं दी गई। इस मौके पर जिला महामंत्री राकेश बघेल, जिला महामंत्री सोनू सिंह, परशुराम देवल, अरुण गौतम, कुलदीप सहित व्यापारी मौजूद रहे।

# बीएलओ ने मतदाताओं को दिखाई मतदाता सूची

▸ मतदाताओं ने सूची में देखा अपना नाम, पता

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

निर्वाचन आयोग के द्वारा प्रकाशित की गई मतदाता सूची का बीएलओ के द्वारा प्रत्येक बूथ पर बैठकर मतदाताओं को दिखाई गई। जिसको लेकर प्रत्येक मतदान केंद्र पर भीषण ठंड के बावजूद भी मतदाता सूची देखने के लिए जुटे।

मंगलवार को नगर के नगर के बूथ संख्या 474 में वीर सिंह, 475 निर्मला, 472 कमला देवी, 473 प्रिया, 476 सुमनलता, अमित कुमार अवस्थी, 506 शीला सिंह, 507 संजू त्रिपाठी, 506 आदेश कुमार, 508 मीरा देवी, 507 सहित अन्य स्थानों पर मतदाताओं को मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत संशोधित की गई मतदाता सूची दिखाई गई। इस मौके पर बीएलओ ने बताया कि संशोधित की गई मतदाता सूची दिखाई गई है।



मतदाता सूची दिखाते बीएलओ।

# उमर्दा ब्लाक में एक करोड़ से बनेगा किसान कल्याण केन्द्र

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**




बीडीसी की बैठक को संबोधित करते ब्लाक प्रमुख अजय वर्मा साथ में अन्य अफसर

उमर्दा विकास खण्ड कार्यालय परिसर में जल्द ही एक करोड़ की लागत से किसान कल्याण केन्द्र की स्थापना होगी। इसका भवन दो मंजिला होगा। जिसमें ग्राउण्ड फ्लोर पर कई कार्यालय बनेगें। प्रथम तल पर एक विशाल सभागार का निर्माण होगा। किसान केन्द्र बनने के बाद उमर्दा ब्लाक के सभी किसानों को एक ही छत के नीचे सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। यह घोषणा मंगलवार को जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार सिंह ने की। मौका था उमर्दा ब्लाक सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की चल रही बार्षिक बैठक का। इसमें ब्लाक के सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधान मौजूद थे। जिला कृषि अधिकारी की यह घोषणा होते ही सभी प्रधानों व बीडीसी सदस्यों ने करतल ध्वनि से उनको स्वागत किया। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि शासन को इसका प्रस्ताव भेज दिया गया है। संभवतया मार्च माह के अन्त तक बजट स्वीकृत हो जाएगा। बजट मिलते ही इसका निर्माण शुरू कराया जाएगा। उन्होने बताया कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हितों के लिए तमाम कल्याणकारी योजनाएं चल रही है, पर इन योजनाओं की जानकारी न हो पाने के कारण किसान इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं। कुछ योजनाओं में लाभ लेने के लिए आनलाइन रजिस्ट्रेशन करना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में ऑनलाइन की सुविधा न होने के कारण ग्रामीण लाभ से वंचित हो जाते हैं। किसान कल्याण केन्द्र पर ऑनलाइन के लिए एक जनवाणी केन्द्र व खाद बीज के लिए अलग-अलग कार्यालय बनाए जाएगें। इसके अलावा अन्य योजनाओं के लिए भी कार्यालय होगें। जिसमें संबंधित अधिकारी बैठककर एक ही छत के नीचे किसानों को योजनाओं का लाभ देगें। बैठक में उमर्दा के ब्लाक प्रमुख अजय वर्मा ने भी किसान कल्याण केन्द्र की स्थापना के लिए जिला कृषि अधिकारी को बधाई देते हुए कहा कि शासन स्तर पर बजट की पैरवी के लिए वह प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरूण व तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत के साथ जल्द ही सीएम योगी से मिलकर बजट को स्वीकृत कराएगें।

# रैन बसेरा व अलाव का तहसीलदार ने किया निरीक्षण



रैन बसेरा का निरीक्षण करते तहसीलदार अभिनव वर्मा।

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय लोगों, राहगीरों व जरूरतमंदों को सर्दी से बचाने के लिए नगर पंचायत द्वारा रैन बसेरा का संचालन किया जा रहा है। जबकि चिंहित स्थानों पर अलाव जलवाएं जा रहे है। इसका तहसीलदार ने स्थलीय निरीक्षण कर कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सोमवार को नगर पंचायत तालग्राम में तहसीलदार अभिनव वर्मा ने टीम के साथ चौखटा चौराहा व छिबरामऊ चौराहा स्थित रैन बसेरा का स्थलीय निरीक्षण किया और सामान्य सुविधाओं को देखा। मौजूद केयरटेकर को रैन बसेरा में आने वाले व्यक्ति को सामान्य सुविधा व अलाव की व्यवस्था मुहैया कराने के निर्देश दिए। इसके बाद कस्बा में सहकारी समिति के पास, भारतीय स्टेट बैंक के पास, सब्जी मंडी में, गौशाला में, बरगदिया चौराहे पर, तबेला चौक सहित करीब दस स्थानों पर जल रहे अलाव का भी निरीक्षण किया। कहा कि कोई भी राहगीर व जरूरतमंद सर्दी की चपेट में न आए। इसके लिए अलाव व रैन बसेरा की व्यवस्था की गई है। इस दौरान लेखपाल गुलफाम, लिपिक दीपक सविता, अनुज कुमार अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## चोरी की घटनाओं पर नहीं लग रहा अंकुश

**दो महीने के अंदर बाइक चोरी का तीसरा मामला**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दो दिन पहले नगर के मोहल्ला किदवई नगर के एक घर में हुई लाखों की चोरी के बाद रेलवे स्टेशन के बाहर मंदिर के पास से मोटरसाइकिल चोरी का यह दूसरा मामला प्रकाश में आया है। कहीं न कहीं चोरी की वारदातों को रोकने में कोतवाली पुलिस नाकाम नजर आ रही है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से घटना का खुलासा करने की मांग की है। ग्राम पलटेपुर्वा निवासी आशुतोष यादव पुत्र राकेश कुमार ने कोतवाली पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि मंगलवार की दोपहर करीब 01 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल रेलवे स्टेशन के बाहर बने मंदिर के पास खड़ी करके प्लेटफार्म पर गया था। वापस आने पर उसे उसकी गाड़ी उस स्थान पर नहीं मिली। जिससे उसके होश उड़ गए। काफी खोजबीन के बाद भी जब कहीं गाड़ी का सुराग नहीं लगा। तो पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर बाइक कार्रवाई की मांग की है।

# हाईटेंशन लाइन से मंदिर में खड़े विशाल पीपल के पेड़ में लगी आग

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

पीपड़ के पेड़ में हाईटेंशन लाइन का तार छू जाने से आग लग गयी। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। सूचना फायर ब्रिगेड को दी गयी। फायर ब्रिगेड ने जेसीबी मशीन से आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज के मंझना रोड पर सैकड़ों वर्ष पुराना ब्रह्मदेव मंदिर बना हुआ है। वहीं पर सैकड़ों वर्ष पुराना पीपल का पेड़ खड़ा है। जहां पर कस्बावासी तथा क्षेत्रवासी अपनी श्रद्धा के अनुसार भजन कीर्तन तथा पूजा पाठ करते हैं। यहां पर कई पुजारियों ने रहकर पूजा अर्चना की। विशाल पीपल का पेड़ होने के कारण इसकी टहनियां कई बार पुनः टूट चुकी हैं, लेकिन इसके

**करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने पाया काबू**

बावजूद पीपल का आकार कम नहीं हुआ। इसी पीपल के पेड़ में बिजली विभाग द्वारा हाईटेंशन लाइन के तार बांध दिये गये थे। आज हाईटेंशन लाइन का एक तार पीपल के पेड़ में टच हो गया और उसमें आग लग गई। जब इसकी सूचना थाना पुलिस को मिली, तो थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी, कस्बा इंचार्ज दरोगा गिरीश चंद्र भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में लग गए, लेकिन किसी तरह आग पर काबू नहीं पाया गया। वहीं मंझना रोड निवासी रामसेवक सक्सेना, दुष्यंत कश्यप तथा


आग बुझाते बिजली/दमकल कर्मी तथा मौजूद पुलिस

नयागनीपुर निवासी चांद मोहम्मद ने समरसेबिल चलाकर पाइप से आग बुझाने में लग गए, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया गया। तब थाना अध्यक्ष ने फतेहगढ़ से दमकल गाड़ी बुलवायी। करीब एक घंटे पानी डालने के बाद भी पीपल के पेड़ से लपटें निकलती रहीं। तब तक भारी संख्या में पेड़ जल चुका था। वहीं नगर पंचायत से बिजली सही करने वाली गाड़ी से नगर पंचायत के कर्मचारियों ने भी ऊपर चढ़कर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन किसी भी तरह आग पर काबू नहीं पाया गया और पेड़ धू-धूकर जलने लगा। फायर ब्रिगेड ने करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद भी आग पर काबू नहीं पा पाया। फायर टैंकर के प्रेशर से जला हुआ पीपल का वृक्ष मंदिर की छत पर गिरा। जिससे हनुमान मंदिर के छत से छज्जा टूट गया। वहीं दमकल कर्मियों ने छत पर चढ़कर मंदिर के ऊपर से पेड़ पर पानी चलाया। तब कहीं जाकर आग बुझ पाई। इस मौके पर थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी, कस्बा इंचार्ज दरोगा गिरीश चंद्र, हेड कांस्टेबिल गणेश शंकर, नीरज यादव, सौरभ शर्मा, अक्षय कुमार, अरविंद सिंह के अलावा कस्बे के दुष्यंत कश्यप, अरविंद प्रताप, सुखवीर सिंह फौजी, दिनेश शाक्य, डॉ0 धर्मेंद्र सिंह यादव सहित तमाम संभ्रांत व्यक्ति तथा ग्रामीणों के मौके पर मौजूद रहे।

# लोहे की तार की जगह रस्सी के सहारे पैंटून पुल

**कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा**

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

सैकड़ों गांवों को जोड़ने वाले पैंटून पुल का अस्तित्व खतरे में दिखायी पड़ रहा है। जिस पुल के मजबूत लोहे के तारों से बांधना चाहिए, उसे मात्र रस्सी के सहारे बांधकर काम चलाया जा रहा है। जिससे इस पुल पर कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के चिड़िया महोलिया घाट पर पैटून पुल का निर्माण होने के बाद अमृतपुर विधायक सुशील कुमार शाक्य द्वारा पुल का उद्घाटन किया गया था। पुल के निर्माण से अल्लाहपुर के लोगों को अपनी खेती वाड़ी की देखभाल करने में काफी सहूलियत मिलती है, क्योंकि


पैंटून पुल में बंधी रस्सियां

अमृतपुर के अधिकांश लोगों की खेती अल्लागंज में स्थित है, लेकिन रखरखाव के अभाव में पैंटून पुल का अस्तित्व खतरे में दिखायी पड़ रहा है। जिस पुल को मजबूत लोहे के तार से बांधना चाहिए, उसे मात्र रस्सी के सहारे बांध दिया गया। जिससे यहां पर कभी भी कोई हादसा होने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। क्षेत्रीय ग्रामीणों ने रस्सी हटवाकर लोहे के तार बांधने की मांग की है।

पूर्व प्रधान धर्मेंद्र के द्वारा जानकारी दी गई है कि पैटून पुल तो ठीक बना हुआ है, लेकिन पुल के दोनों तरफ लोहे के तार नहीं लगाए गए हैं, बल्कि रस्सी बांधकर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जो आगे आने वाले समय के लिए ठीक नहीं है।

# खेत से दो पैकेट आलू खोद ले गए चोर


जानकारी देता पीड़ित सुधांशु

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

सर्दी का मौसम चोरों के लिए मुफीद साबित हो रहा है। अब चोर घरों में चोरी न करके खेतों में भी चोरी करने लगे। बीती रात एक खेत से दो पैकेट आलू चोर खोद ले गये। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव हरसिंहपुर गहलवार मं बीती रात्रि चोरों ने सुधांशु के खेत से दो पैकेट आलू खोदकर चोरी कर लिए। सुबह जब सुधांशु खेत में पहुंचा, तो आलू की बेल उखड़ी देखकर परेशान हो गया। पास जाकर देखा तो चोरों मे दो पैकेट आलू खोदकर चोरी कर लिए। सुधांशु ने बताया चोरी किए गए आलू की कीमत लगभग 1800 रुपए है। क्षेत्र मैं लगातार चोरियां हो रही हैं। अमृतपुर कस्बे में बीती रात अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए के जेवर सहित नगदी चोरी कर ली थी। सूचना पर 112 पुलिस मौके पर पहुंची और खोजबीन करती रही।

चौकी इंचार्ज भी इधर-उधर भटकते रहे, बल्कि चौकी इंचार्ज विमल कुमार के द्वारा बताया गया कि चोरी संदिग्ध है और तलाश की जा रही है। आये दिन हो रहीं चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में रोष है। लोगों का कहना है कि पुलिस सर्दी की वजह से रात्रि में गश्त नहीं करती है। जिसका लाभ उठाकर चोर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

## गाली-गलौज का विरोध करने पर वृद्ध को पीटा



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव अलाहदादपुर निवासी सूरज सिह यादव उम्र 65 वर्षीय पुत्र पंछीलाल यादव ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि मैं अपने खेत पर गया था। सर्दी के चलते वहाँ पर आग जलाकर हाथ तापने लगे, तभी वहाँ पर मौजूद गॉव के जसवन्त, अरविन्द, राघवेन्द्र, सुमित एक राय होकर आये और आते ही पुरानी रन्जिश को लेकर हमारे साथ गाली-गलौज करने लगे। मेरे द्वारा गलियों का विरोध करने पर उक्त लोगों ने वृद्ध सूरज को लाठी-डंडों व लात-घूसों से मारापीटा। पुलिस ने पीड़ित वृद्ध की शिकायत पर सूरज सिंह का मेडीकल परीक्षण करवाया।

# गुलाब का फूल देकर अधिकारियों ने ट्रैफिक नियमों के प्रति किया जागरूक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह के निर्देशानुसार एआरटीओ प्रशासन वीएन चौधरी के द्वारा जनपद में हो रहीं सड़क दुर्घटनाओं के दृष्टिगत उनमें 50 प्रतिशत कमी लाने हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया।

जिसमें वाहन चालकों को दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने तथा चार पहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से सीटबेल्ट लगाने हेतु जागरूक किया गया। अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र



कार चालक को गुलाब का फूल देते एडीएम, एएसपी व एआरटीओ आदि ट्रैक्टर में रिफ्लेक्टिव टेप लगाते एआरटीओ प्रशासन

प्रजापति, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार तथा एआरटीओ प्रशासन वीएन चौधरी के द्वारा बगैर हेलमेट पहने तथा बगैर सीटबेल्ट लगाये वाहन चलाने वालों को गुलाब का फूल देकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया तथा लोगों को अवगत कराया गया कि सड़कों पर सर्वाधिक मौतें वाहन चलाते समय हेलमेट व सीटबेल्ट न लगाने के कारण होती हैं। इसके अतिरिक्त सड़कों पर कोहरे के दृष्टिगत 18 ट्रैक्टर -ट्रालियों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगवाये गये। यातायात उप निरीक्षक सतेन्द्र कुमार साथ रहे।

## खबरें एक नजर में

### घटना की जांच करने गयी दबंगों ने पुलिस से की अभद्रता, शांतिभंग में चालान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विवाद होने पर दबंग ने महिला के साथ घर में घुसकर मारपीट कर दी। पीड़िता ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है। जानकारी के अनुसार सरोजिनी पत्नी अखिलेश निवासी दीनदयाल बाग मंगलवार को बकरी चरा रही थी। इस दौरान यहीं के निवासी यतेन्द्र से उसका कुछ विवाद हो गया। जिससे यतेन्द्र ने सरोजनी के घर में घुसकर उसके साथ मारपीट कर दी। पीड़ित ने पांचाल घाट चौकी पहुंचकर दबंग के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस जब यतेंद्र के घर जांच करने पहुंची, तो यतेंद्र के पिता व उनके भाई, बहन ने पुलिस के साथ भी गाली-गलौज व हाथापायी कर दी। जिस पर पुलिस ने राजेश्वर शाक्य पुत्र राधाकृष्ण,, छाया, नेहा पुत्री राजेश्वर का पुलिस ने शांतिभंग में चालान कर दिया। जबकि यतेंद्र घर से भाग गया।

### बाइक अनियंत्रित होकर फिसली, सवार घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव सुल्तानपुर निवासी अशोक कुमार उम्र 38 वर्षीय पुत्र प्यारेलाल बाथम बाइक द्वारा कायमगंज क्षेत्र के ग्राम जौरा में तम्बाकू की गोदाम में काम करके वापस घर के लिए लौट रहा था। गोदाम से निकलते ही सर्दी में बाइक अनियन्त्रित होकर फिसल गई। जिससे बाइक सवार नीचे गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल युवक को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। जहाँ ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अमित कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### जहर खुरानी गिरोह के सदस्यों ने यात्री को लूटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** दिल्ली रूट की रोडवेज बस में जहर खुरानी ने युवक को बेहोश कर लूट लिया। वारदात का शिकार हुए युवक को बस चालक और परिचालक ने बस स्टैण्ड पर उतार दिया। राहगीरों ने उसे बेहोशी की हालत में अस्पताल में भर्ती कराया। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गॉव नगरिया निवासी अंकित उम्र 27 वर्षीय पुत्र हरिपाल दिल्ली में सिलाई का काम करता है। सोमवार की रात्रि रोडवेज बस में बैठकर अपने घर के लिए चले थे। एक ही सीट पर बैठे युवक को जहर खुरानी ने विस्किट खिलाकर बेहोश कर दिया और उनके पास से नगदी और सामान लूट लिया। बस के चालक परिचालक बेहोशी की हालत मे कायमगंज बस स्टैन्ड पर उतारकर चले गए। राहगीरों ने युवक को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

### मामूली बात पर फावड़े से हमला कर दी जान से मारने की धमकी

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** थाना मेरापुर की चौकी अचरा क्षेत्र के गांव खलवारा निवासी चरन सिंह पुत्र रूपराम ने गांव के ही बृजेश उर्फ गांधी पुत्र झब्बू सिंह के विरुद्ध गाली-गलौज कर धारदार हथियार से मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 4 जनवरी को मैं अपने खेत पर खड़ी गेंहूँ की फसल की सिंचाई कर रहा था। चूहे के बिल से पानी दूसरे के खेत में चला गया। पड़ोसी खेत मालिक बृजेश उर्फ गांधी मौके पर आए और मेरे साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मेरे ऊपर फावड़ा चला दिया। जिससे हमारे बाएं हाथ की उंगली व सिर में चोट आ गई। जिसके बाद वह जान से मारने की धमकी देकर मौके से चला गया। मेरापुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच अचरा चौकी प्रभारी आनंद शर्मा के सुपुर्द कर दी है।

### घायल अधेड़ की उपचार के दौरान मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सड़क किनारे खड़े अधेड़ को अज्ञात बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गया। उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां हालत गम्भीर होने पर परिजनों ने फर्रुखाबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार प्रदीप पुत्र हंसराज निवासी तेराजाकेट जिला कन्नौज व हाल निवासी फरीदाबाद ने जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद में मेरे साथ मेरे पिता हंसराज रह रहे थे। वह 15 दिसंबर को रिश्तेदार गोविंद की मौत हो जाने की सूचना मिलने पर वहां जाने के लिए सड़क के किनारे सवारी का इंतजार कर रहे थे, तभी अचानक मिर्जापुर पुल की ओर से एक तेज रफ्तार बाइक सवार आया और उसने लापरवाही से मेरे पिता हंसराज को टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गये। चालक के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं उनकी हालत में सुधार न होने पर रिश्तेदारों के कहने पर जनपद फर्रुखाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान मंगलवार को मौत हो गयी। पोस्टमार्टम कराने के लिए थाना कादरीगेट पहुंचकर मृतक के पुत्र ने पुलिस को तहरीर दी है।

# सुर्ख हुई सर्दी, प्रतिष्ठानों पर पसरा रहा सन्नाटा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पारा दिनोंदिन गिरता जा रहा है। सर्दी सुर्ख होने से लोगों का पूरा दिन अलाव के सहारे कट रहा है। वहीं लोगों का कहना है कि इतनी सर्दी पड़ने के बावजूद भी नगर पालिका अलाव नहीं जलवा रही है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को शायद सर्दी का सबसे ठंडा दिन दर्ज किया गया।

पूरे दिन धूप के दर्शन नहीं हुए। हल्की फुहार सी पड़ती रही। लोगों ने जल्दी काम निपटाकर घरों की ओर रुख किया। वहीं कचहरी में भी शाम 4 बजे के बाद सन्नाटा पसर गया। प्रतिष्ठानों के बाहर लोग अलाव जलाते नजर आये। उनका कहना था कि वह अपने निजी पैसे से लकड़ी खरीदकर अलाव जलवा रहे हैं। नगर पालिका की ओर से अलाव की कोई व्यवस्था नहीं की गयी। सर्दी में ब्लोअर, लकड़ी का कोयला आरा मशीनों पर सूखी लकड़ी नहीं मिल रही है। अगर मिल भी रही है तो वह गीली लकड़ी है। जो जलती नहीं। वहीं कोयले के भी दाम आसमान पर पहुंच गये हैं। वहीं सार्वजनिक स्थानों पर भी लोग ठिठुरते नजर आये। सबसे ज्यादा भीड़ चायपान की दुकानों पर देखी गयी। लोग सर्दी से बचने के लिए चाय की चुस्कियां



आवास विकास में अलाव तापते लोग

लेते नजर आये। शाम होते ही कोहरे की चादर ने आसमान को ढक लिया।

आज सुबह भी कोहरे की चादर आसमान को ढके रही। सर्दी के चलते प्रशासन ने कक्षा 1 से लेकर कक्षा 8 तक के स्कूल 14 जनवरी तक के लिए बंद कर दिये हैं।

# फर्जी मार्कशीट बनाने वाले माफियाओं के मंसूबों पर फिरा पानी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट का फर्जी अंकपत्र तैयार तैयार करने वालों के मंसूबों पर पानी फिर जायेगा। यू.पी. बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने वर्ष 2025 की परीक्षा के बाद दिये जाने वाले अंकपत्रों को लेकर बड़े बदलाव की कार्ययोजना को अमली जामा पहनाया है। उसमें अंक पत्रों का आकार प्रकार दोनों बदल जायेगा।

शिक्षा सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक ए-फोर आकार के नान टियरवेल (न फटने वाला) पेपर पर तैयार किये जाने वाले अंक पत्र को फाड़ा नहीं जा सकेगा। पानी में भींगने पर भी अंकपत्र खराब नहीं होगा। दीमक इसे नष्ट नहीं कर सकेगी। परीक्षार्थी का रोल नंबर अंकों के साथ-साथ पहली बार शब्दों में भी लिखा जायेगा। बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल व इंटर के कुल 54 लाख 38 हजार 597 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। इस बार सभी को बड़े आकार का ऐसा अंक पत्र दिया जायेगा जिसे तमाम कोशिशों के बावजूद हाथ से फाड़ा नहीं जा सकेगा। बरसात में भींगने से भी यह नष्ट नहीं होगा। अभी तक अंक ए-फोर साइज से छोटे आकार का होता था। अंक पत्र छात्र-छात्राओं के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेज होता है। इसलिए बोर्ड द्वारा इसे ऐसा बनाया जा रहा है। जो कभी नष्ट नहीं होगा।

## बोर्ड परीक्षा डियूटी हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं को बताना होगा विषय कोड

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** यू.पी. बोर्ड ने परीक्षा एवं प्रैक्टिकल में परीक्षकों की डियूटी लगानी शुरु कर दी। इस हेतु प्रधानाचार्यों से शिक्षकों की विषय वार जानकारी परिषद की बेबसाइड पर अपडेट कराने के लिए डीआईओएस को निर्देश दिये गये हैं।

यू.पी. बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षा का प्रथम चरण 11 जनवरी से तथा लिखित परीक्षा 24 फरवरी से शुरु होगी। इस हेतु बोर्ड से प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु परीक्षकों की नियुक्ति की जा रही है। लिखित परीक्षा हेतु केंद्र व्यवस्थापक एवं कक्ष निरीक्षकों की तैनाती फरवरी माह में जिला स्तर पर डीआईओएस कार्यालय द्वारा की जायेगी।

# आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के मामले पति पर दोष सिद्ध



जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

**सजा पर सुनवाई के लिए 8 जनवरी की तिथि नियत**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एफटीसी प्रथम न्यायाधीश संदीप तिवारी ने अवधेश पुत्र महिपाल सिंह निवासी उस्मानगला फतेहगढ़ को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में ले लिया है। सजा के बिंन्दु पर सुनवाई के लिए 08 जनवरी की तिथि नियत की गयी है। बीते छः वर्षो पूर्व कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस को रामरहीस पुत्र रामस्वरूप निवासी लायकपुर नगरिया जवाहर राजेपुर ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया था कि मैंने अपनी 26 वर्षीय पुत्री सोनी की शादी 6 वर्ष पूर्व उस्मान नगला निवासी अवधेश में साथ की थी। जिसमें मैंने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था। अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसका पति अवधेश, देवर शिवदेश शारीरिक व मानसिक रुप से परेशान और प्रताड़ित करने लगे। 20 दिसम्बर को सूचना मिली कि मेरी पुत्री को लाठी-डंडों से मारपीट कर हत्या कर दी। साक्ष्य मिटाने के उद्देश से शव बाहर बरामदे में रखकर आत्महत्या का रूप दे दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति अवधेश के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश संदीप तिवारी ने अवधेश को आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के मामले में दोषी करार दिया। सजा पर सुनवाई के लिए 8 जनवरी की तिथि निहित की गयी है।

# जेबों में हाथ डालकर घूम रहे है सफाईकर्मी गांव में लगा गंदगी का अंबार

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।**

केन्द्र व राज्य सरकार ने भले ही सफाई कर्मियों की फौज खड़ी करने के साथ स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत पैसा पानी की तरह बहा रही हो, लेकिन भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे सफाईकर्मी तथा संबंधित अधिकारी सरकार की मंशा पर पानी फेरने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

वानगी के तौर पर कस्बा राजेपुर ब्लॉक मुख्यालय के गांव की गलियों में कचरा की भरमार होने से संक्रमित बीमारी फैलने की प्रबल आशंका है। जिससे ग्रामीण भयभीत हैं। ब्लॉक मुख्यालय कस्बा राजेपुर की यह हालत


गलियों में पसरी गंदगी

है, तो ग्रामीण अंचलों की क्या हालत होगी। इससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है। इसके लिए ग्रामीणों ने कई बार ब्लॉक मुख्यालय पर शिकायत की। इसके बावजूद किसी जिम्मेदार ने इस तरफ आंख उठाकर देखना भी उचित नहीं समझा, जबकि एडीओ अजीत पाठक कई बार सफाई कर्मियों को हिदायत दी कि यदि किसी गांव में गंदगी पाई गई, तो संबंधित के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। एडीओ के आदेश को ठेंगा पर मारने वाले सफाईकर्मी के बावत जब एडीओ से पूछा गया तो उन्होंने कहा जांच कर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# भाकृए ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को भेजा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय कृषक एसोसिएशन ने जनसमस्याओं को लेकर 12 सूत्रीय मुख्यमंत्री को संबोधित मांगपत्र जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह को डाक के माध्यम से भेजा गया।

भेजे गये ज्ञापन में कहा गया कि रेलवे द्वारा घोषणा की गई थी अगस्त माह में फर्रुखाबाद से कासगंज, फर्रुखाबाद से टूंडला रेलवे स्टेशन मेमो चलाई जाएगी जो की आज दिनांक 7 जनवरी 2025 तक चालू नहीं हुई है। पिछले वर्ष 2023-24 में मेला श्रीराम नगरिया में बिजली के तारों द्वारा आग लग गई थी जिससे जनहानि हुई थी शासन से अनुरोध है की इस बार इन चीजों का विशेष ध्यान दिया जाए। दि किसान सरकारी चीनीमिल


जानकारी देते भाकृए के पदाधिकारी

कायमगंज में पुरानी जर्जर मशीने जो पूरी तरह अप्रचलित जर्जर हो चुकी है, अक्सर तकनीकी खराबी से चीनी मिल कई कई दिनों के लिये बन्द हो जाती है। सर्दी के मौसम में किसानों को खुले में पड़ा रहना पड़ता है। चीनी मिल का नवीनीकरण कर पेराई क्षमता का विस्तार किया जाये जिससे किसानों को मील का सही लाभ मिल सके। कस्बा कायमगंज तहसील में एस0डी0एम0 व तहसीलदार व नायब तहसीलदार समय पर फाइलों का निस्तारण नहीं करते हैं जिस फाइल पर दलालों के माध्यम से पैसा पहुंचता है उन्हीं फाइलों को एक तरफा निस्तारण कर दिया जाता है। वहीं नायब तहसीलदार द्वारा प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ भारती कृषक एसोशिएशन उ0प्र0 की बिन्दू सिंह गंगवार की फाइल पर नायब तहसीलदार द्वारा पैसा लेने के बाद भी सम्बन्धित फाइल पर आख्या नहीं लगाई जा रही है। जो कि नितांत गलत है। जांच करवाकर नायब तहसीलदार के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर आख्या लगाई जावे। कस्बा कायमगंज में सड़कों का निर्माण आधा अधूरा किया गया है। जिसमें भारी भ्रष्टाचार हुआ है।

उच्च स्तर की जांच कराई जाए। उपरोक्त वर्णित मागों पर तत्काल कार्यवाही करें। ज्ञापन पर सुनील कुमार दुबे, अमरीश शुक्ला, रामलाल गुप्ता, मुन्नालाल सक्सेना, बिंदू गंगवार आदि कार्यकर्ता और पदाधिकारियों के हस्ताक्षर हैं।

# मेला रामनगरिया में साधु संतों का आना जारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट स्थित मेला रामनगरिया में अब भी संतों का आना जारी है। बीते दिन कई संतों ने पहुंचकर मेले में कल्पवास करने के लिए झोपड़ी आदि बनायी। संतों का कहना है कि वह मां भागीरथी के तट पर एक माह रुककर मां गंगा की पूजना अर्चना करेंगे। मेला रामनगरिया का उद्घाटन 13 जनवरी को होगा। मेले में अब भी कल्पवासियों व साधु संतों का आना जारी है। कई संत अपना ठौर ठिकाना बनाने में लगे हैं। जिससे वह एक माह रुककर विधिवत पूजा अर्चना कर सकें। हालांकि अधिकांश लोग मेले में झोपड़ी आदि डाल चुके हैं और पूजा


मेले में झोपड़ी बना रहे साधु संत

पाठ कर रहे हैं। मेले में कल्पवास कर रहे कल्पवासियों व साधु संतों का कहना है कि मेले में अब भी काफी अव्यवस्थायें हैं। जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साधु संतों व कल्पवासियों ने जिला प्रशासन से मेले में व्यवस्थायें दुरुस्त कराने की मांग की है। साथ ही अलाव जलवाने की भी मांग की है। जिससे भीषण सर्दी से बचा जा सके।

# कमजोर बूथों को मजबूत करने की जिम्मेदारी वरिष्ठ नेताओं को दी जायेगी : चन्द्रपाल यादव

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



बैठक को सम्बोधित करते सपा जिलाध्यक्ष

मंगलवार को आवास विकास पार्टी कार्यालय पर मासिक बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में हुआ। संचालन जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने किया। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा सभी जिला उपाध्यक्ष फ्रंटल संगठन के जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारी को जोन स्तर पर जिम्मेदारी दी जाएगी। अन्य पदाधिकारियों को सेक्टर स्तर पर जिम्मेदारी दी जाएगी, जिनका काम होगा वोट बढ़ाना, बूथ को मजबूत करना एवं पीडीए चर्चा कार्यक्रम में अपने-अपने जोन व सेक्टर में कार्यक्रम करने की जिम्मेदारी दी जाएगी। प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर कमजोर बूथों को मजबूत करने की जिम्मेदारी वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी को दी जाएगी। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार ने पीडीए पर जोर देने की चर्चा की। इस अवसर पर डॉ. नवल किशोर शाक्य, अजीत कठेरिया, अरशद जमाल सिद्दीकी, सर्वेश अंबेडकर, डॉ. जेपी सिंह वर्मा, समीर यादव, रमेश चंद कठेरिया, चांद खान, सिराजुल आफाक मुन्ना, डॉ. नवरंग सिंह यादव, सौरभ कटियार, रामपाल सिंह यादव, निजाम अंसारी, शिव शंकर शर्मा, समीर मिर्जा, विनीत परमार, संतोष दिवाकर, नीलम सिंह, ईश्वरदयाल, अंकुर शाक्य, जीशान खान, हर्षवर्धन, जितेंद्र यादव सिरौली, बंटी यादव, संदीप यादव, अभिषेक शाक्य, विमल प्रताप, रागिनी यादव, शिवम यादव, हर्ष गंगवार, साजिद अली खान, अमित कठेरिया, अमन सूर्यवंशी, अरविंद कश्यप, अश्विनी यादव, बबलू यादव, बिल्लू श्रीवास्तव, मुख्तार आलम, कमल हसन, माजिद अली, पुष्पेंद्र सिंह, सीटू यादव, विकास यादव दीपू, इंद्रेश यादव, राजपाल यादव, योगेंद्र यादव, बलराम सिंह यादव, रवि यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के यौमे कुल की गई दुआ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



दुआ करते अकीदतमंद

हिंद के बादशा सुल्तान उल हिंद अताये रसूल हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के यौमे कुल कि दुआ खानकाह हज़रत मखदूम शाह सय्यद शहाबुद्दीन औलिया अलैहि रहमा पर की गई। मोहब्बत उल उलूम जामिया चिश्तीया के मुदर्रिस हाफिज मुहम्मद अरशद साबरी ने बेहतरीन आवाज़ में कुरान कि तिलाबत से आगाज़ किया और जामिया के तोलाबा ने अपने-अपने अंदाज़ में नात ख्वानी और मनक़बत पेश किया।

हाफिज मुहम्मद फरहान ने पढ़ा या ख्वाजा या ख्वाजा या ख्वाजा, मेरा ख्वाजा महाराजा मेरा ख्वाजा महाराजा या ख्वाजा या ख्वाजा अरे से भारी का देखिए जीना दिखाई दे ख्वाजा तुम्हारे दर से मदीना दिखाई दे, ख्वाजा मेरी सोई हुई तकदीर जगा दो अजमेर दिखाया है मदीना भी दिखा दो, अजमेर फरिश्तों की उतरने की जगह है, तोहिद के बाजार में करने की जगह है।

ख्वाजा पिया ने देखी है एहसान कर दिया कलमा पढ़कर हमको मुसलमान कर दिया। मोहम्मद अंसार साबरी ने पढ़ा बेखुद किए देते हैं अंदाज ही जमाना आदिल में तुझे रख लूं है जल में जाना ना, इतना तो कम करना यह जलवे जाना ना जब जान लबों पर हो तुम सामने आ जाना, दुनिया में मुझे तुमने जब अपना बनाया है महेश्वर में भी कह देना मैं हूं तेरा दीवाना। बिलाल साबरी ने बेहतरीन अंदाज में ख्वाजा गरीब नवाज रहमतुल्लाह आले की शान में बयां किया। इस मौके पर मदरसे के तमाम तुलबा मौजूद रहे।

# सोबिया रहमान को मिला शेफ क्वीन का ताज



फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

शेफ क्वीन प्रतियोगिता में सम्मानित होती प्रतिभागी

21वें फर्रुखाबाद युवा महोत्सव की प्रतियोगिताओं में मंगलवार को शेफ क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन समिति के सभागार में हुआ। शेफ क्वीन बनने के लिए प्रतिभागियों ने लजीज व्यंजन बनाये। प्रतिभागियों ने बताया कि लजीज भोजन बनाने के लिए एक निश्चित अनुपात में सामग्री को मिलाना आवश्यक होता है। इसमें एकाग्रता की जरुरत होती है। विजेता मिस सोबिया ने ब्रेड कस्टर्ड सिबई, उप विजेता मिस तनु ने ढोकला बनाकर निर्णायकों के सामने प्रस्तुत किये। निर्णायकों के निर्णय के आधार पर मिस सोबिया रहमान को शेफक्वीन का ताज दिया गया। साथ ही ट्रॉफी, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उप विजेता मिस तनु को मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। अध्यक्ष डॉ. संदीप शर्मा, डॉ. कृष्णकांत अक्षर, वीरेन्द्र त्रिपाठी, सायमा, चांदनी, जेबा आदि उपस्थित रहे।

# जनपद में संविधान गौरव अभियान चलेगा: शिवमहेश दुबे

**पार्टी कार्यालय पर जिला कार्यशाला का हुआ आयोजन**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



बैठक में मौजूद जिला प्रभारी व अन्य

मंगलवार को आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारियों की जिला कार्यशाला आयोजित हुई। मुख्य अतिथि जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने आगामी कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी।

शिव महेश दुबे ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर पूरे जनपद में संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम चलने का निर्देश दिया गया है, इसके अंतर्गत जिला स्तर पर कार्यशाला का आयोजन हुआ है। इस अभियान के माध्यम से भाजपा का संगठन और उसके कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि घर-घर पहुंचकर डॉ0 बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के योगदान व भाजपा की संविधान के प्रति प्रतिबद्धता को प्रचारित करने का कार्य करेंगे। जिसके लिए जिला व मंडल स्तर पर टोली बनाई गई है।

जिला कार्यशाला के उपरांत 8 जनवरी से 9 जनवरी के मध्य मंडलों में कार्यशाला आयोजित होगी। जिसमें मंडल स्तर के सभी पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। संगठन के सभी मोर्चे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। संवैधानिक मूल्यों भाजपा की उपलब्धियों और डॉ0 बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की विरासत का सम्मान करने की प्रतिबद्धता को बढ़ावा देने के लिए पूरा संगठन इस कार्यक्रम में जी-जान से जुटेगा। उन्होंने कहा कि ऐसा माहौल तैयार किया जा रहा है कि हम संविधान विरोधी है। जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने बताया संगठन के इस विशेष अभियान में प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी तय की जाएगी। 11 जनवरी से 25 जनवरी तक यह अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए जिले स्तर पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति समूह के प्रबुद्ध जन एवं विशिष्ट जन लोगों की सूची तैयार करनी है, भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा जिला स्तर पर संगोष्ठी का आयोजन होगा। संचालन अतुल दीक्षित ने किया। इस अवसर पर हिमांशु गुप्ता, डीएस राठौर, सुनील रावत, फतेहचंद वर्मा, रश्मि दुबे, ममता सक्सेना, बबीता पाठक, ऋषिपाल सिंह सिसोदिया, गोपाल राठौड़, अमरदीप दीक्षित, प्रदीप सिंह, वीरेंद्र कठेरिया, पीयूष त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

# हाड़कपाऊ शीतलहर का सितम जारी, स्कूलों में ठिठुर रहे है बच्चे, बचाव के नहीं है कोई साधन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



अलाव तापते लोग

हाड़ कपाऊ ठंड के चलते जहां एक तरफ वाहनों की रफ्तार में ब्रेक लगी तो वहीं रोजमर्रा के कार्यों पर भी इसका प्रभाव दिखायी दे रहा है। शीत लहर के चलते शासन के आदेश पर नर्सरी से लेकर कक्षा 8 के विद्यालयों का अवकाश 14 जनवरी के लिए घोषित किया गया है, तो वहीं कक्षा 9 से कक्षा 12 तक विद्यार्थी स्कूल जा रहे है। इस भीषण सर्दी में विद्यालय खुला है तो जाना उनकी मजबूरी है, लेकिन सर्दी से बचाव के विद्यालयों में संसाधन उपलब्ध नहीं है। जिसके चलते विद्यार्थी ठिठुर रहे है। नगर पालिका द्वारा कुछ चिन्हित ही स्थानों पर अलाव जलवाये जा रहे है। रैन बसेरों में भी सन्नाटा है। सर्दी का सितम जारी है। जिस कारण अधिकांश लोग घर से नहीं निकल रहे है। चिकित्सक भी बुजुर्गों को कम से कम बाहर निकले की सलाह दे रहे है तो वहीं बच्चों को भी ऐसे मौसम में बाहर न घूमने दें और उन्हें गर्म और फुल आस्तीन के कपड़े पहनाकर रखे। सर्दी जुकाम होने पर लापरवाही न करें तुरन्त चिकित्सक को दिखायें और उनकी सलाह पर ही औषधि लें। खेतों में भी किसान इस हाड़ कपाऊ सर्दी में उतना समय नहीं दे पा रहे है जितना उन्हें समय देना चाहिए। आम लोग लकड़ी की ठेकी पर जाकर खरीददारी कर रहे है, साथ ही इधर-उधर से भी लकड़ी खरीदी जा रही है। इन दिनों सुबह से लेकर शाम तक अलाव ही सर्दी दूर करने का सहारा है। रेलवे स्टेशन व रोडवेज पर अलाव तो जल रहे है पर गीली लकड़ी होने के कारण अलाव सुलग रहे है। ऐसे में पूर्ण रुप से विद्यालय बंद होने की मांग की गई है। वहीं शिक्षकों ने भी मांग की है कि जब बच्चों की छुट्टी है तो नर्सरी से कक्षा 8 तक के शिक्षकों की भी छुट्टी होनी चाहिए। सर्दी के सितम के चलते लकड़ी के कोयलों की बिक्री जोरों पर है। लकड़ी के कोयले की बिक्री सर्दी को देखते हुए कई स्थानों पर लोग पॉलीथिन में पैक कर रख लिये है, जिससे की जब कोई खरीददार आये तो बिना तौल किये ही उसकी मांग के अनुसार थैली उठाकर दे दी जाये। गर्मी के समय में लकड़ी कोयले की बिक्री नाम मात्र की थी, वहीं सर्दी आते ही कई गुना बिक्री बढ़ गयी है।

## सेवानिवृत्त शिक्षक को दी गई श्रद्धांजलि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अवकाश प्राप्त माध्यमिक शिक्षक कल्याण एसोसिएशन द्वारा एक शोक सभा का आयोजन प्रदेश कोषाध्यक्ष बृजेन्द्र श्रीमाली के आवास पर अयोजित हुई। अध्यक्षता संगठन के संरक्षक वीरेन्द्र कुमार मिश्रा ने की। सेठ बहादुर सहाय इंटर कालेज कन्नौज के अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य डा0 समरजीत अग्निहोत्री की सड़क दुर्घटना में आकास्मिक मौत हो गयी। उनके गोलोकवासी होने पर श्रद्धांजलि दी गई। श्रीमाली ने कहा कि अग्निहोत्री मेरापुर में प्रवक्ता भी रहे थे। समरजीत अग्निहोत्री ने कन्नौज से शिक्षक की सेवा प्रारंभ की थी। उन्होंने कुछ समय तक पत्रकारिता भी की थी। उनके निधन पर सभी ने शोक संवेदना व्यक्त की। इस मौके पर शिक्षकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।

## किशोरी से छेड़छाड़ के मामले में मुकदमा दर्ज

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। खेत में घास काटने गयी किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में पीड़िता की मां ने थाने में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव बघौना निवासी पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसकी 12 वर्षीय पुत्री अपनी सहेलियों के साथ गांव से दूर खेतों में घास काटने गई थी, तभी पड़ोस के ही गांव महमदपुर निवासी आरोपी युवक ने गाली-गलौज व छेड़छाड़ किया था। किशोरी ने घर आकर घटना बतायी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। घटना की जानकारी होने पर क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

# परमार्थ संस्थान द्वारा सधवाड़ा में वितरित किये गये कम्बल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



महिला को कम्बल वितरित करते जिला जेल अधीक्षक आदि

सधवाड़ा स्थित साधान चौकी में पूर्व सभासद केशव भान साध ने परमार्थ संस्थान के तत्वाधान में जरुरतमंदों को कम्बल वितरित किये। हर साल की तरह इस वर्ष भी साधान चौकी में सोमवार को कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रुप में जिला जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुन्द ने पहुंचकर कम्बल वितरण कार्यक्रम में भाग लिया।

केशव भान साध ने बताया कि यह कम्बल वितरण कार्यक्रम पिछले 20 वर्षों से चलता आ रहा है। जो निरंतर जारी रहेगा। संस्था द्वारा 2 साल से फूड बैंक वैन चलायी जा रही है। जिसमें प्रतिदिन लोगों को भोजन खिलाया जाता है। जिला जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुन्द ने इस कम्बल वितरण कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से लोग लाभांवित होते है और जरुरतमंदों को सहायता मिलती है। इस मौके पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार, विद्यानंद, श्याम बाबू, लक्ष्मण सिंह, कोमल पाण्डे, भईयान मिश्रा, राकेश सक्सेना, मनोज यादव, राबिन शाह, अंकित साध, अमर साध, कान्जी साध, जितेंद्र साध, संतोष साध, जैस साध, दिनेश साध, अप्पन साध, परविंदर साध, सुकेश साध, प्रेमी साध, संजीव साध, बबलू साध, सनी साध, गुलशन साध आदि मौजूद रहे।

# आलू की हरी बेल काटने का विरोध करने पर दबंग ने युवक को पीटा

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

आलू की हरी बेल काटने का विरोध करने पर दबंग ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। वहीं आरोपी युवक भी थाने पहुंच गया। पुलिस ने दोनों को थाने में बैठा लिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव राजारामपुर निवासी रविंद्र पुत्र मिट्ठू लाल राठौर ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि मजदूरी पर गांव के एक युवक के खेत में आलू की खुदाई कर रहा था, तभी दबंग आरोपी विकास पुत्र वीरेंद्र सिंह ठाकुर अपने साथियों के साथ आ गया और आलू की हरी बेल काटने लगा। पीड़ित ने इसका विरोध किया तो आरोपी आग बबूला हो गया और मेरे साथ मारपीट करने लगा। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी युवक ने उसके ऊपर दरांती से वार किया। जिससे बचाव में उसके कपड़े फट गये। आरोपी घर पर गया और तमंचा निकाल लाया और लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी। शोर शराब सुनकर आसपास के लोग आ गये जिन्होंने बचाया। पीड़ित ने आरोपी व अज्ञात युवक के विरुद्ध तहरीर दी है। वहीं आरोपी भी थाने में शिकायत करने पहुंच गया। थानाध्यक्ष विद्या सागर तिवारी ने दोनों पक्षों को थाने में बैठा लिया।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू ने धरना प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अन्नदाताओं व मजदूरों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: अजय कटियार**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू जिलाध्यक्ष मौजूद किसान नेता

भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने राष्ट्रीय आवाह्न पर फतेहगढ़ कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। बड़ी संख्या में किसान नेता जिलाध्यक्ष अजय कटियार के नेतृत्व में जुलूस निकालते हुए नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। किसान नेता बाबा महेंद्र सिंह टिकैत अमर रहे, नरेश टिकैत जिंदाबाद, राकेश टिकैत जिंदाबाद नारे लगाते हुए कह रहे थे कि जो हमसे टकराएगा चूर-चूर हो जाएगा। किसान अन्न का दाता है फिर भी लूटा जाता है, जो किसान हित की बात करेगा वही देश पर राज करेगा नारेबाजी की गई। जब किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे तो बाहर का गेट बंद कर दिया गया। आक्रोशित किसान नेताओं ने वहीं धरना दिया। एसडीएम सदर व सीओ सिटी ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, काफी देर बाद किसान नेताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि 20 दिसंबर को राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया था। वह मांगे अभी तक सुनी नहीं गई है। इसी के तहत धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। 15 दिन बीत जाने के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि 50 किलो के पैकेट पर किसान को 47 किलो का रुपया दिया जा रहा है, 3 किलो आलू की कटौती की जा रही है। इस तरह एक कुंटल पर 6 किलो की कटौती की जा रही है 1 टन पर 60 किलो की कटौती की जा रही है। इस प्रकार मंडी में प्रतिदिन लगभग 2000 टन आलू आ रहा है, जिस पर 150 टन की कटौती की जा रही है, जिसकी अनुमानित कीमत 15 लख रुपए है। प्रतिदिन किसानों के साथ तौल के नाम पर लगभग 15 लाख रुपये की लूट हो रही है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि उनके पास राम श्याम ट्रेडर्स सातनपुर का पर्चा है जिसमें अमृतपुर के किसान का हिसाब किया गया है और जो हिसाब 50 किलो के पैकेट पर, 47 किलो का भुगतान किया गया है।

उन्होंने कहा कि गंगा पार के किसानों को 1 साल में एक ही फसल करने का मौका मिलता है क्योंकि इस क्षेत्र में बंदा ना होने की वजह से बाढ़ अपना विकराल रूप प्रत्येक वर्ष लेती है। उन्होंने कहा कि गंगा पार में गंगा और रामगंगा पर बंदा बनाया जाना अत्यंत आवश्यक है। आवारा पशु जनपद में किसान की फसल चौपट कर रहे हैं, प्रशासन किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं कर रहा है। उन्होंने 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद सिंह शाक्य, जिलाध्यक्ष अजय कटियार, प्रभाकांत मिश्रा, लक्ष्मी शंकर जोशी, कृष्ण गोपाल मिश्रा, अनीश सिंह सोमवंशी, संजय यादव, शिवराम शाक्य, विक्रांत सिंह लोधी, विमलेश शाक्य, पुष्पेन्द्र, रजनेश कुमार उर्फ मोनू कठेरिया, रनवीर पाल राजेंद्र सिंह, गुलाब सिंह, गुड्डू, रक्षपाल, सुशील दीक्षित, कुलदीप अवस्थी, सुग्रीव पाल, मुनीश मिश्रा, मुकेश शर्मा, अभिषेक कटियार, अजीत सिंह, सोनू, राहुल, प्रदीप कुशवाह, रजनी तिवारी, रामेश्वरी मिश्रा, आशू मिश्रा, मीरा कश्यप, सुधीर, मुन्नू सिंह, दिलीप, दुर्गेश, विजेन्द्र सिंह, बबलू खटिक, जगन्नाथ सिंह, संजीव यादव आदि किसान मौजूद रहे।

# आरसेटी संस्थान द्वारा उद्यमी योजना के तहत मेगा कैम्प का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।




कैम्प में मौजूद अभ्यार्थी व अधिकारी

बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी संस्थान में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के विकास कार्यक्रम के तहत मेगा कैम्प का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र जौहरी व अग्रणी जिला प्रबंधक वीडी वर्मा रहे। निदेशक ओमेन्द्र सिंह ने अतिथियों व कैम्प में आये सभी अभ्यर्थियों का स्वागत किया। अभ्यर्थियों को मुख्य अतिथि उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र जौहरी व निदेशक ओमेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की सम्पूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उक्त योजना के अंतर्गत प्रथम चरण में 05 लाख तक ऋण लिया जा सकता है, जिसमें सरकार कि तरफ से ब्याज में पूर्ण रूप से छूट रहेगी। निदेशक ने अभ्यर्थियों को ज्यादा से ज्यादा इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया और अधिक से अधिक संख्या में इस योजना के अंतर्गत ऋण आवेदन करने को कहा गया। इस अवसर पर सहायक प्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र आजम खान व समस्त आरसेटी स्टाफ मौजूद रहा।

# जनपद स्तरीय खेल लीग दो दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारम्भ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।




कबड्डी दांव लगाते खिलाड़ी

युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अन्तर्गत जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव ने गुब्बारे छोड़कर किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। जिला युवा कल्याण अधिकारी संतोष कुमार एवं जिला क्रीड़ाधिकारी कर्मवीर सिंह द्वारा मुख्य अतिथि को बुके व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। जनपद स्तरीय खेल लीग दो दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दिन मंगलवार को एथलेटिक्स कबड्डी, बॉलीबॉल एवं फुटबाल विधाओं का आयोजन जूनियर वर्ग, सीनियर वर्ग, सब जूनियर वर्ग में किया गया। जिसमें सभी विकास खण्ड स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी जीतू, पुष्पेन्द्र, अनुराग, शुभम व खेल संघ सचिव कुलदीप यादव (कबड्डी), योगेश शुक्ला (एथलेटिक्स), (एथलेटिक्स), एमसी शर्मा (बॉलीवाल) व कायमगंज ब्लाक व्यायाम शिक्षक/जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कटियार, अरुण कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

सब जूनियर पुरुष वर्ग 100 मीटर में प्रथम स्थान वर्धन दीक्षित, द्वितीय नवनीत सिंह व प्रशांत तृतीय रहे। 800 मीटर में प्रथम शान्तनु, द्वितीय आशीष पाल, तृतीय विशाल यादव रहे। लॉग जम्प में प्रथम नवनीत, द्वितीय अंकित, तृतीय प्रशांत रहे। जूनियर वर्ग महिला एथलेटिक्स 100 मीटर में प्रथम प्रकृति वर्मा, द्वितीय निक्की, तृतीय लवी रही। 200 मीटर में प्रथम रामादेवी, द्वितीय अंजना, तृतीय मीनू रही। 400 मीटर में प्रथम आकांक्षा, द्वितीय रितिका रही। 800 मीटर में प्रथम कामिनी, द्वितीय आइशा, तृतीय कल्पना रही। लॉग जम्प में प्रथम रागिनी, द्वितीय चाहत, तृतीय मीनू रही। कबड्डी में सलेमपुर विजेता व उपविजेता बढ़पुर रहा। जूनियर वर्ग पुरुष एथलेटिक्स 100 मीटर में प्रथम सौरव, द्वितीय दिव्यांशु, तृतीय बादल रहा। 200 मीटर में प्रथम दीपक सिंह, द्वितीय दिव्यांशु, तृतीय अनिकेत रहा। 400 मीटर में प्रथम दीपक सिंह, द्वितीय राहुल, तृतीय नितिन कुमार रहा। 1500 मीटर में प्रथम सुरजीत, द्वितीय वीनेश, तृतीय सुमित कुमार रहा। वहीं लॉग जम्प में प्रथम सौरव, द्वितीय मिलन सिंह, तृतीय आदित्य सिंह रहे, आदि प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

# सपा की मासिक बैठक में संगठन को मजबूत करने पर बल

- 27 जनवरी से सपा का चलेगा बूथ स्तर पर पीडीए पखवाड़ा
- मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में पदाधिकारी और कार्यकर्ता जुट जाएं: देवी प्रसाद चौधरी





**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर।**

समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट स्थित लोहिया सभागार में जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

इस अवसर पर वक्ताओं ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान, संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने एवं 27 जनवरी से चलने वाले पीडीए पखवाड़ा में बाबा साहब के संविधान को बचाने के लिये चर्चा की गई और साथ ही किसानों को टेल तक पानी पहुंचाने तथा धान क्रय केन्द्रों पर किसानों की धान खरीद की जाय। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में पदाधिकारी और कार्यकर्ता जुट जाएं। भाजपा के लोग गरीबों, किसानों, पिछड़ों, दलितों व अल्पसंख्यकों को वोट के अधिकार से वंचित करने के लिए कोई रास्ता नहीं छोड़ेंगे।

भाजपा की जनविरोधी नीतियों, भ्रष्टाचार, गुण्डाराज, किसान, गरीब, पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक समझ रहा है। उनके झूठ के पुलिन्दे में आने वाले नहीं हैं।

अगली सरकार समाजवादी पार्टी की बने इसलिए पदाधिकारी व कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर मतदाता कार्य फार्म 6 व 7 के माध्यम से नाम बढ़ाने का काम करें। कहा कि बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने के लिये पी0डी0ए0 पंचायत पखवाड़ा 27 जनवरी से बूथ स्तर पर चलेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये अभी से लग जाये। उन्होने कहा कि जनपद में आये दिन हत्यायें हो रही है, किसानों को सिंचाई के लिये पानी नही मिल पा रही है। अन्धाधुन्ध बिजली कटौती से किसान परेशान है, आने वाले 2027 विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को उखाड़ फेकने का काम करेगी। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी व संचालन जिला महासचिव आदर्श यादव ने किया।

बैठक में पूर्व सांसद रमेश चन्द बिन्द, पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, आशीष यादव, रविन्द्र बहादुर सिंह, मुन्नी यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, रोहित शुक्ला 'लल्लू', कीर्ति कोल, जैन कुशवाहा, दामोदर प्रसाद मौर्या, निराला कोल, भरत लाल बिन्द, झल्लू यादव, राणा प्रताप सिंह, शैलेष पटेल, सत्यप्रकाश यादव, सोकिम अहमद, शहनवाज खान, सुरेश पटेल, सुनील सिंह पटेल, रामगोपाल बिन्द, संजय यादव, सतीश मिश्रा, कौशिक कुमार कन्नौजिया, श्यामअचल यादव, जैनेन्द्र सिंह, सुभाष पटेल, सलीम बादशाह, गनेश केशरी, दुर्गा सिंह, सूर्यकान्त सिंह पटेल, रामजी मौर्य, रामगोपाल बिन्द आदि मौजूद रहें।

## सूखे जर्जर पेड़ों से राजमार्ग 74 पर बढ़ा खतरा

**समृद्धि न्यूज, सीखड़ (मिर्जापुर)।**



क्षेत्र के कछवां चुनार राजमार्ग 74 पर सड़क के किनारे सालों से सूखे जर्जर विशालकाय पेड़ों से सड़क पर आवागमन करने वालों के ऊपर खतरा बढ़ गया है। कछवां से मेड़िया/चुनार घाट तक सड़क के दोनो किनारे विशालकाय यूकेलिप्टस, शीशम, बबूल के पेड़ सूखकर जर्जर अवस्था मे खड़े हैं जो कभी भी सड़क पर गिर सकते हैं ऐसे मे राहगीरों एवं वाहनों पर गिरने का खतरा बढ़ गया है। क्षेत्र की जनता ने वन विभाग के अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए इसे कटवाने की व्यवस्था करने का आग्रह किया है जिससे जनहानि होने से रोका जाए।

## हरदरा महोत्सव का हुआ आयोजन



**सीखड़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के हरदरा गाँव में हरदरा महोत्सव नव वर्ष स्नेह मिलन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का आयोजन भारतीय जीवन बीमा निगम मण्डुआडीह शाखा वाराणसी द्वारा किया गया। समारोह का संयोजन विकास अधिकारी डॉक्टर राजकुमार सिंह ने किया। समारोह में श्वेता, निशांत, अयान्श, प्रीत, आराध्या, रैनकुमारी, दीप्ति, कार्तिक, रिया, वैष्णवी, जाह्नवी राज, दीक्षा जैन, निशा जिज्ञासा जायसवाल,उज्जवल सोनी, अनुष्का, श्रेष्ठ पाण्डेय, उन्नति, विशेष राज सिंह, यशित राज सिंह व दर्शिका सिंह आदि बच्चों ने भाषण, गायन व मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर मन मोह लिया।महोत्सव में कवि सम्मेलन का भी आयोजन हुआ। कवि डॉक्टर विनोद कुमार स्वामी ने पढा शराब पीने वाला पीता नहीं शराब, पीता है बच्चों के सपने पत्नी का जीवन करता खराब।

## संविधान गौरव अभियान : भाजपा ने डॉ. अम्बेडकर को किया याद

**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर।**



भाजपा जिला कार्यालय पं0 दीनदयालपुरम कॉलोनी बरौधा कचार के सभागार कक्ष में संविधान गौरव अभियान की जिला कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा जिला प्रभारी श्रीमती सरोज कुशवाहा ने कहा कि भारत के संविधान को निर्मित हुए 75 वर्ष हो रहे है। इस अवसर पर संविधान के महत्वपूर्ण गौरव अभियान को एक उत्सव के रूप में भारतीय जनता पार्टी द्वारा मनाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य भारत के संविधान में निहित मूल्यों को जन दृ जन तक लेकर जाना है। संविधान महोत्सव के इस अभियान के द्वारा बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर को याद करके उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करना है। उन्होंने भाजपा अनुसूचित मोर्चा, युवा मोर्चा और महिला मोर्चा का आह्वान करते हुए कहा कि संवैधानिक मूल्यों, भाजपा की उपलब्धियों और बाबा साहेब डॉ0 अम्बेडकर की विरासत का सम्मान करने की प्रतिबद्धता को बढ़ावा देने के लिए अनुसूचित जाति एवं जनजाति समूह के प्रबुद्धजन एवं विशिष्ट जन की सूची तैयार करते हुए सभी जिला केंद्रों में ÷हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान÷ पर गोष्ठियों तथा स्कूल, कॉलेज इत्यादि शैक्षणिक संस्थानों में उक्त विषय पर क्विज, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा तथा अनुसूचित जाति छात्रावासों एवं कॉलेज संपर्क के माध्यम से युवाओं में भारत रत्न डॉ0 बाबा साहेब अम्बेडकर जी के योगदान और भाजपा की संविधान के प्रति प्रतिबद्धता को प्रचारित किया जायेगा। बूथ स्तर पर सभी कार्यकर्ता 25 जनवरी को सामुहिक रूप से आमजन के साथ एकत्रित होकर भारतीय संविधान की प्रस्तावना एवं नीति निर्देशक तत्व को पढ़ेंगे व इस पर चर्चा करेंगे। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर केशरी ने किया तथा आभार जिला उपाध्यक्ष एवं अभियान संयोजक अमित कुमार पाण्डेय ने किया।

इस अवसर पर विधायक नगर रत्नाकर मिश्रा, चेयरमैन डीसीएफ विजय कुमार वर्मा, जिला महामंत्री दिनेश वर्मा, पूर्व महामंत्री भाजपा महेन्द्र प्रताप सिंह, अभियान सह संयोजक राजेश कुमार, आभा पटेल, जिलाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा रामकुमार विश्वकर्मा, प्रिंस अहमद, प्रणेश प्रताप सिंह, ज्ञान प्रकाश दूबे, सुनीता शर्मा, पुष्पेन्द्र द्विवेदी, बीना सिंह, विरेन्द्र कुमार मौर्य, दीपक वर्मा, मुजम्मिल अहमद, शनि सिंह के साथ अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## किसान के पुत्र का सुरक्षा बल में चयन



**समृद्धि न्यूज, हलिया (मिर्जापुर)।**

क्षेत्र के ग्राम पंचायत पुरवा औसान सिंह के चककोटर गांव निवासी साधरण किसान अयोध्या प्रसाद के पुत्र सुभाष कुमार मौर्य का चयन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के पद पर आल इंडिया रैक 846 प्राप्त कर किया है और जिला और गाँव का नाम रोशन किया है केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के पद पर चयन होने पर की खुशी पर ग्राम प्रधान सूरज कुशवाहा के नेतृत्व में युवक के माता पिता ने माल्यार्पण कर मिष्ठान खिलाकर खुशी का इजहार किया है। सुभाष कुमार मौर्या की प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय चक कोटार से हुई। इसके बाद उच्च शिक्षा के लिए प्रयागराज चला गया और एलएलबी की शिक्षा ग्रहण करने के बाद प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करने में जुट गया था।

## खबरें एक नजर में

### चरकट में हाथ जाने से बच्चे की कटी अंगुली

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** मंगलवार को सुबह घर पर लगे चरकट में हाथ डालने से 5 वर्ष के बालक की दो अगुली कट गई। रोने की आवाज सुन कर पहुंचे परिजन उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आये जहाँ चिकित्सक ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। हलिया कस्बा निवासी सुरेन्द्र यादव का 5 वर्ष पुत्र उपेन्द्र यादव घर पर लगे चरकट में हाथ डालकर चला दिया जिससे उसकी दो अगुली कट गयी। बालक के रोने की आवाज सुन कर मौके पर पहुचे परिजन आनन फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए जहाँ चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया है। इस संबंध में डाक्टर विवेक खरे ने बताया कि बालक की अगुली कट गई है। प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### पिकअप की टक्कर से महिला घायल

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया कस्बा निवासी एक महिला मंगलवार को हथेडा गांव में अपना भूसा लदवाने गयी थी की पीकप भूसा लादने के बाद चालक बैक करने लगा। इसी दौरान पीछे खड़ी महिला इसकी चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां उपचार चल रहा है। हलिया कस्बा निवासी स्वर्गीय दीना की 55 वर्ष पत्नी नचकी हथेडा गांव में अपना भूसा बिक्री कर उसे लगवाने गई थी कि पिकअप वाहन भूसा लादने के बाद चालक बैक करने लगा इसी दौरान महिला धक्का मार दिया जिससे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों ने उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां उपचार चल रहा है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि महिला के नाक में चोट आई है उपचार चल रहा है।

### बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरा, दो घायल

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भटवारी गांव मोड़ पर मंगलवार की दोपहर बाइक सवार अनियंत्रित होकर बाइक सवार गिरकर गंभीर रुप से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है उपचार चल रहा है। हलिया थाना क्षेत्र नदना गांव निवासी 27 वर्ष रामललित लालगंज थाना क्षेत्र के दुबार कोलकम गांव निवासी 24 वर्ष ओमप्रकाश के साथ बाइक से नदना जा रहा थे की जैसे ही भटवारी पुल से आगे मोड़ पर पहुंचे की बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने घायलों का उपचार किया है हालत सामान्य बनी हुई है।

## विचाराधीन कैदियों को राहत देने के लिए केंद्र ने राज्यों को लिखा पत्र

**समृद्धि न्यूज, नई दिल्ली।**

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (बीएनएसएस) की धारा 479 का पालन करने का निर्देश दिया है। इसके तहत विचाराधीन कैदियों को राहत दी जा सकती है। जिसका उद्देश्य मुकदमे की प्रतीक्षा के दौरान जेल में बंद लोगों की संख्या को कम करना है।

इस संबंध में केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने 1 जनवरी को राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जेल अधिकारियों को एक पत्र भेजा है। इस पत्र में उन्हें भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 की धारा 479 का पालन करने के लिए कहा है। इस धारा के तहत ऐसे विचाराधीन कैदियों को रिहा किया जाता है, जिन्होंने अपनी संभावित सजा का एक हिस्सा पूरा कर लिया है। पहली बार अपराध करने वाले कैदियों को उनकी अधिकतम संभावित सजा का एक तिहाई हिस्सा पूरा करने के बाद जमानत पर रिहा किया जा सकता है। अन्य विचाराधीन कैदी अपनी संभावित अधिकतम सजा का आधा हिस्सा पूरा करने के बाद जमानत के पात्र हैं।

मंत्रालय ने अपने पत्र में कहा, यह दोहराया जाता है कि बीएनएसएस की धारा 479 के प्रावधान विचाराधीन कैदियों की लंबी हिरासत को कम करने और जेलों में भीड़भाड़ के मुद्दे को भी हल कर सकते हैं। इसलिए, यह उम्मीद की जाती है कि सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश इस मामले में सहयोग करेंगे और संबंधित जेल अधिकारियों को मामले में आवश्यक कार्रवाई करने और गृह मंत्रालय को वांछित जानकारी देने के लिए सलाह देंगे। उल्लेखनीय है कि यह पहली बार नहीं है जब सरकार ने इस कानून के क्रियान्वयन पर जोर दिया है। पिछले साल अक्टूबर को एक एडवाइजरी जारी की गई थी और नवंबर में एक विशेष अभियान शुरू किया गया था। इस कानून में यह भी प्रावधान है कि जेल अधीक्षक पात्र कैदियों की रिहाई के लिए कोर्ट में आवेदन कर सकते हैं। केंद्र सरकार 1 जनवरी से इस कानून के क्रियान्वयन पर अपडेट चाहती है। उन्होंने पात्र कैदियों की संख्या, दायर किए गए आवेदनों और दी गई रिहाई के बारे में डेटा मांगा है। मंत्रालय का मानना है कि यह कानून जेलों में लंबे समय तक हिरासत और भीड़भाड़ को काफी हद तक कम कर सकता है।

## स्कूटी सवार पिता-पुत्री को हाईवा ने रौदा, दोनों की मौत



**मड़िहान (मिर्जापुर)।** सक्तेशगढ़ स्थित परमहंस आश्रम से दर्शन कर वाराणसी घर वापस जाते समय अनियंत्रित हाईवा की चपेट में आने से मौके पर स्कूटी सवार पिता पुत्री दोनों की हुई दर्दनाक मौत हो गई। जिससे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।मामला चुनार थाना क्षेत्र के चौकी शक्तेशगढ़ अंतर्गत राजगढ़ चुनार संपर्क मार्ग पर ग्रामसभा कुबा खुर्द के तरंगा पहाड़ी पानी के टंकी के पास का है।मंगलवार की सुबह वाराणसी जनपद के पतेरंवा सारनाथ निवासी 40 वर्ष जवाहिर अपनी 12 वर्ष पुत्री जया को स्कूटी से लेकर चुनार थाना क्षेत्र के शक्तेशगढ स्थित परमहंस आश्रम पर दर्शन हेतु आए हुए थे।वापसी के दौरान लगभग ढाई बजे के करीब जैसे ही तरंगा पहाड़ी पर पहुंचे ही थे की सामने से आरही अनियंत्रित हाईवा ने जोरदार टक्कर मार दिया।घटना स्थल पर ही पुत्री जया की मौत हो गई।तो वही पिता जवाहिर की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई।राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस विधिक कार्यवाही में जुट गई है। चौकी प्रभारी शक्तेशगढ़ विनोद कुमार सिंह ने बताया की मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।वही आरोपी हाइवा की तलाश की जारही है।जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा।

### बाइक से गिरकर महिला घायल

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अहुगी कला गाँव निवासी महिला ने थाने में तहरीर देकर बाइक से महिला को गिरने के बाद घटना स्थल पर बाइक छोड़ कर भाग जाने की मंगलवार को थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। थाना क्षेत्र के अहुगी कला गाँव निवासी सुदामा कोल की पत्नी ननकी ने दी गई तहरीर में कहा है कि हमारे बहन का लडका कलवारी गाँव निवासी दशरथ बैठा कर लेजा रहा था कि अदवा नैडी रोड पर सुखडा के पास बेलगवा गाँव में बैठी थी कि अचानक पीछे से गिर गयी और मौके से चालक बाइक छोड़ कर भाग गया ग्रामीणों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहाँ उपचार चल रहा है। महिला के सर, पैर व हाथ में चोट आई है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर उचित कार्यवाही की मांग की है।

### बाइक सवार विद्युत पोल से टकराया, तीन घायल



**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग गढ़वा गांव में सड़क किनारे स्थित विद्युत पोल से बाइक सवार अनियंत्रित होकर टकराकर बाइक सवार दो युवक व किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस सेवा वाहन 102 के कर्मियों ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी ने बाइक चालक की हालत गंभीर देखकर मण्डलीय चिकित्सालय के रेफर कर दिया है। हलिया थाना क्षेत्र के बरी गांव निवासी 21 वर्ष नागेंद्र अपने साथी गांव निवासी 22 वर्ष आशीष कोल व 13 वर्ष रामलखन बरी से लालगंज की तरफजा रहे थे की जैसे ही हलिया लालगंज मार्ग गढ़वा गांव में सड़क किनारे स्थित विद्युत पोल से बाइक सवार युवक टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने इसकी सूचना एम्बुलेंस सेवा वाहन 102 पर दिया। मौके पर पहुंचे एम्बुलेंस सेवा वाहन के ईएमटी कन्हैया पाल व पायलट दिलीप यादव ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बाइक चालक नागेंद्र की हालत गंभीर देखकर मण्डलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

### बाइक सवार ने युवक को मारी टक्कर, तीन घायल



हलिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के ब्लॉक रोड़ पर मंगलवार की सुबह बाइक सवार किशोर ने सड़क के किनारे खडे युवक को धक्का मारते हुए बाइक सहित गिरकर बाइक सवार दो किशोर व युवक घायल हो गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर पर चिकित्सक ने घायलों का उपचार किया है हालत सामान्य है। हलिया बाजार निवासी विजय सोनी का 14 वर्ष पुत्र आसकर अपने बुआ के पुत्र भारतगंज निवासी 13 वर्ष आरुष के साथ बाइक से भटवारी की तरफकिसी काम से जा रहा था की जैसे ही ब्लॉक रोड़ पर पहुंचा की सड़क किनारे खडे हलिया निवासी 40 वर्षीय मल्ले खान कोई टक्कर मारते हुए बाइक सहित गिरकर बाइक सवार दो किशोर व युवक घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंचे ग्राम प्रधान शिवबाबू सेठ ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे ने घायलों का उपचार किया है हालत सामान्य है।

## अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के लिए योगी सरकार ने खोला पिटारा

**समृद्धि न्यूज, अयोध्या।**

- 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के ठहरने का किया गया इंतजाम, करीब 1100 स्थायी व अस्थायी शौचालय बनाए गए



प्रयागराज महाकुम्भ के दौरान अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सारी व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। 10 हजार लोगों के ठहरने के इंतजाम के साथ ही उनकी मूलभूत सुविधाओं को ध्यान रखते हुए नगर निगम द्वारा जगह-जगह पेयजल, शौचालय व प्रकाश व्यवस्था के भी इंतजाम किए गए हैं। 24 घंटे साफ सफाई रहेगी। इसके लिए दो हजार से अधिक सफाईकर्मी तैनात रहेंगे। यह व्यवस्थाएं 12 जनवरी से 28 फरवरी तक रहेंगी।

महाकुम्भ के दौरान देश-विदेश के श्रद्धालु अयोध्या भी पहुंचेंगे। रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो चुके हैं, इसलिए यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में काफी वृद्धि हो सकती है। इसे देखते हुए गत दिनों अयोध्या आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिला प्रशासन को व्यापक इंतजाम के निर्देश दिए थे।

**यहां होंगे 10 हजार लोगों के ठहरने के इंतजाम**

| स्थल का नाम | क्षमता |
|---|---|
| अयोध्या बस अड्डे के समीप आश्रय स्थल | 3000 |
| सभी रैन बसेरे | 600 |
| अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन | 3000 |
| निषाद राज गुह्य आश्रय गृह | 700 |
| राम कथा पार्क के निकट आश्रय गृह | 500 |
| सतरंगी पुल के नीचे रामघाट हॉल्ट | 600 |
| रायबरेली रोड पर कल्याण मंडप | 300 |
| अमानीगंज जलकल के सामने एमएलसीपी पार्किंग स्थल | 350 |
| कलेक्ट्रेट के पीछे एमएलसीपी पार्किंग स्थल | 350 |
| जोनल कार्यालय आशिफबाग़ | 300 |
| साकेत सदन | 300 |

उन्होंने कहा था कि यहां पड़ने वाले प्रांतीय मेले में भी किसी श्रद्धालु को परेशानी नहीं होनी चाहिए। इस पर नगर निगम ने मास्टर प्लान तैयार किया। आश्रय स्थलों में 24 घंटे साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश तथा रात में अलाव की भी व्यवस्था रहेगी। श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए अयोध्या के प्रमुख मठ, मंदिरों के महंत व प्रबंधन से भी आश्रय प्रदान करने की अपील की जा रही है।

**स्वच्छ दिखेगा अयोध्या धाम:-** अयोध्या धाम क्षेत्र में 24 घंटे सफाई के लिए 2277 कर्मी व 66 पर्यवेक्षकों को नियोजित किया गया है। इसके अलावा 5 मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीन, 4 लिटर पिकर, घाटों की बेहतर साफ-सफाई के लिए प्रेशर वाशर एवं स्क्रबर प्रेशर वाशर आदि संसाधनों को सम्मिलित किया गया है। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में कूड़ा प्रबंधन व बेहतर साफ-सफाई के लिए 86 वाहनों की व्यवस्था करायी गयी है। प्रमुख कार्यक्रम स्थल राम की पैड़ी, रामकथा पार्क व घाट सहित समस्त क्षेत्रों में उत्कृष्ट सफाई व्यवस्था रहेगी। श्रद्धालुओं के सम्भावित आगमन के दृष्टिगत अयोध्या धाम के सभी क्षेत्रों में सार्वजनिक शौचालयों के अतिरिक्त प्रसाधन के लिए प्रमुख स्थलों पर केयर टेकर सहित 30 मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था की गई है।

**कुल 1125 सीटों के शौचालय की व्यवस्था:-** अयोध्या धाम सम्पूर्ण मेला क्षेत्र समेत अन्य स्थानों में 40 स्थायी शौचालयों में उपलब्ध 487 सीटों के अतिरिक्त 38 स्थलों को चिह्नित कर 638 सीट के अस्थायी शौचालय की स्थापना कराई गई है। कुल 1125 सीटों के शौचालय की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक 10 सीट पर एक कर्मी की ड्यूटी लगायी गयी है। बाह्य क्षेत्रों, पार्किंग होल्डिंग एरिया में 34 मोबाइल टॉयलेट (196 सीट) के माध्यम से शौचालय की व्यवस्था की गयी है। सभी शौचालयों पर हैंडवॉश, मिरर आदि की व्यवस्था होगी। अस्थायी शौचालयों के नियमित देखरेख के लिए एक केयरटेकर व समस्त मोबाइल टॉयलेट पर एक-एक कर्मी की ड्यूटी लगायी गयी है।

इसके अतिरिक्त तुलसी घाट, सरयू स्नान घाट, विभिन्न अंडरपास आदि पर अतिरिक्त विशेष प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी। जूता-चप्पल रखने का स्थान ,राज सदन के समीप-10000 बैग, सरयू आरती स्थल के समीप-5000 बैग, बिड़ला धर्मशाला के सामने-10000 बैग की व्यवस्था की गयी है।

### ललित कला अकादमी में लुक्स फ्रॉम द ईस्ट : हर्षा दास की हुआनियाओ पेंटिंग्स की प्रदर्शनी



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** ललित कला अकादमी में रचनात्मकता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का माहौल उस समय जीवंत हो उठा जब लुक्स फ्रॉम द ईस्ट प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। यह अनूठी प्रदर्शनी भारतीय रेलवे की वरिष्ठ अधिकारी हर्षा दास की हुआनियाओ पेंटिंग्स को समर्पित है। उद्घाटन समारोह में विदेश राज्यमंत्री पबित्रा मार्गरीटा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ कई देशों के राजनयिक और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस कला प्रदर्शनी का हिस्सा बने। लुक्स फ्रॉम द ईस्ट प्रदर्शनी सीमित समय के लिए ललित कला अकादमी में जनता के लिए खुली रहेगी, जो कला प्रेमियों को समर्पण और सृजनशीलता का यह अद्भुत संगम देखने का अवसर प्रदान करती है।

## आरजीसीआईआरसी ने कैंसर देखभाल के प्रयासों को किया दोगुना

**समृद्धि न्यूज, मुरादाबाद।**

कैंसर देखभाल एवं अनुसंधान क्षेत्र के अग्रणी संस्थान राजीव गांधी कैंसर इंस्टिट्यूट रिसर्च सेंटर (आरजीसीआईआरसी) ने देश पर कैंसर के बढ़ते भार के खिलाफ प्रयासों को तीव्र करते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, मुरादाबाद और सीजीपीऐ मुरादाबाद के साथ मिलकर एक सतत शिक्षा कार्यक्रम (सीएमई) का आयोजन किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य हैल्थकेयर पेशवरों को शुरूआती लक्षणों के माध्यम से कैंसर की जांच-पड़ताल और पहचान में संयुक्त प्रयासों के महत्व के बारे में शिक्षित करना था। इस अवसर पर डॉ. शुभम जैन, सीनियर कंसल्टैंट एवं यूनिट हैड-सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, आरजीसीआईआरसी, ने कहा कि कैंसर के लक्षण अस्पष्ट होते हैं, इसीलिए इसका समय से डायग्नोसिस ओंकोलॉजिस्ट के लिए भी कठिन होता है। शीघ्र पहचान बहुत जरूरी है, क्योंकि उपचार के परिणाम स्टेज के अनुसार बदलते हैं, यानि शुरूआती स्टेजों के मरीजों के ठीक होने की संभावना बेहतर होती है। हालांकि कैंसर डायग्नोसिस के लिए बायोप्सी जरूरी है, लेकिन उसके लिए सही तकनीक का उपयोग बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके परिणाम पर उपचार के विकल्प और परिणाम निर्भर करते हैं। इमेजिंग के क्षेत्र में हुए एडवांस भी कैंसर की स्टेज पता करने और मरीज के लिए सर्वश्रेष्ठ परिणाम सुनिश्चित करने के लिए उपचार विधि तय करने के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। विशेषज्ञों ने इम्म्यूनोथेरपी सहित उन महत्वपूर्ण तकनीकी उन्नतियों पर प्रकाश डाला, जिन्होंने कैंसर देखभाल के क्षेत्र को बदल कर रख दिया है, और उन बाद की स्टेजों में भी आशा जागृत कर दी है, जब संभावनाएं काफी कम रह जाती हैं। सीएमई कार्यक्रम ने भाग लेने वाले मेडिकल पेशेवरों को कैंसर उपचार के क्षेत्र में आगे रहने और अपने मरीजों को बेहतर से बेहतरीन देखभाल देने के लिए आवश्यक प्रैक्टिकल ज्ञान और साधनों से भी सशक्त किया।